SHRI GURUDAS DASGUPTA : Madam, what I am saying is that we must look back, we must recapitulate, we must have a critical analysis of what led to the demolition, what the role of the political parties was and what the role of the Central Government was, to come to a conclusion. Therefore, we look back to move forward. Let the country move forward and protect the secular image of the nation at any cost with all our valour and dignity.

अध्यक्ष महोदया : श्री जगदम्बिका पाल।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : कृपया शांत हो जाइए।

...(व्यवधान)

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन (भागलपुर): इनका नाम कारसेवकों की सूची में लिखा हुआ है। ...(व्यवधान) इनका लिस्ट में नाम है। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप शांत हो जाइए। आप उनके विचार सुन लीजिए।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : शांत हो जाइए। उनके विचार सुनिए।

...(व्यवधान)

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): अध्यक्ष महोदया, मैं आपका बहुत आभारी हूं कि आपने देश के एक ऐसे संवेदनशील और देश के करोड़ों लोगों से जुड़ी हुयी चर्चा में भाग लेने का अवसर दिया है। मैं सदन से निवेदन करूंगा कि निश्चित तौर से सभी दलों को इस चर्चा में भाग ...(व्यवधान)

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : अध्यक्ष महोदया, मेरा व्यवस्था का प्रश्न है। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : कौन सा नियम है?

...(व्यवधान)

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : क्या यह वही हैं जिनका रिपोर्ट में नाम है या कोई और हैं?..(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप पहले नियम बताइए**।**

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : नियम नहीं है। आप बोलिए।

...(व्यवधान)

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : महोदया, रिपोर्ट में 743 पेज पर जगदंबिका पाल जी का नाम है। क्या यह वही कारसेवक हैं या यह कोई और जगदंबिका पाल हैं? ...(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: Nothing should be recorded except what Shri Jagdambika Pal is saying.

*(Interruptions) ... **

---

* Not recorded.

अध्यक्ष महोदया : कृपया बैठ जाइए।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : शांत हो जाइए।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : उनके बाद आपके नेता की बारी है। आप शांत हो जाइए।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : प्वाइंट आफ आर्डर नहीं है। It is not a point of order. आप बोलिए।

...(व्यवधान)

श्री जगदम्बिका पाल : अध्यक्ष महोदया, उनमें सुनने का साहस नहीं है। ...(व्यवधान) यदि उनमें सुनने का साहस होता, तो मैं जो बातें कहता, उसका जवाब बिंदुवार देते, लेकिन ये निश्चित तौर से केवल व्यवधान पैदा करना चाहते हैं। ...(व्यवधान) एक बात उन्होंने उठायी है। मैं केवल एक बात कहना चाहता हूं कि शायद उन्हें इस बात का ज्ञान नहीं होगा ...(व्यवधान)

श्रीमती सुषमा स्वराज : जो बिंदु शाहनवाज जी ने उठाया है, वह एक व्यक्ति की आइडेंटिफिकेशन से संबंधित है। ...(व्यवधान)

श्री जगदम्बिका पाल : महोदया, अगर आपने मुझे अवसर दिया है, तो सुषमा स्वराज जी को कहिए कि मैं जवाब दूंगा। निश्चित तौर से अगर आपने मुझे पुकारा है, चर्चा इनीशिएट करने के लिए मुझे आपने कृपापूर्वक अनुमति दी है, तो कृपया इनको सुनने का साहस होना चाहिए। ...(व्यवधान)

श्रीमती सुषमा स्वराज : शाहनवाज जी ने जो कहा है, हम सिर्फ यह पूछना चाहते हैं कि यह वहीं हैं या कोई और हैं? ...(व्यवधान)

श्री जगदम्बिका पाल : मैं जवाब दे दूंगा। ...(व्यवधान) आप बैठ जाइए। मैं जवाब दूंगा। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप बैठ जाइए।

...(व्यवधान)

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : यह वही हैं या कोई और हैं? ...(व्यवधान)

श्री जगदम्बिका पाल : अध्यक्ष महोदया, मैं जवाब दूंगा। जो प्रश्न इन्होंने उठाया है..(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : अनंत कुमार जी, बैठ जाइए।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : उनकी क्या आइडेंटिटी है, वह यह है कि वे इस सदन के सम्मानित सदस्य हैं और मैंने उन्हें इस समय पुकारा है कि वह अपना वक्तव्य दें। आप लोग कृपया शांतिपूर्वक सुनिए। व्यवस्था का कोई प्रश्न नहीं उठता है।

…(व्यवधान)

योगी आदित्यनाथ (गोरखपुर): इनका रिपोर्ट में नाम है। ...(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: It is not my concern. My concern is that I had called an hon. Member to speak on the issue before us.

… (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Therefore, the matter is settled. Now, kindly take your seat because the next speaker is from your Party.

… (*Interruptions*)

श्री जगदम्बिका पाल : अध्यक्ष महोदया, ये केवल अपने गुनाहों को छिपाने के लिए बोल रहे हैं।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप बैठ जाइए।

…(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: Please sit down. The hon. MP is speaking.

… (*Interruptions*)

अध्यक्ष महोदया : आप बैठ जाइए। उन्हें बोलने दीजिए।

…(व्यवधान)

श्री जगदम्बिका पाल : अगर यह हमें नहीं बोलने देंगे तो हम इन्हें भी नहीं बोलने देंगे।...(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: Nothing will go on record except what Shri Jagdambika Pal is saying.

*(Interruptions) ...**

अध्यक्ष महोदया : आप कृपया करके बैठ जाइए।

…(व्यवधान)

श्री जगदम्बिका पाल : अध्यक्ष महोदया, मुझे आपने बोलने की अनुमति दी है।...(व्यवधान) आपने कहा कि कोई प्वाइंट ऑफ आर्डर नहीं होगा। कृपया सुषमा स्वराज जी से कहिए कि वे बैठ जाएं।...(व्यवधान)

सुषमा स्वराज जी के मन में जो जिज्ञासा है, मैं उनकी जिज्ञासा को दूर कर दूंगा।...(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: I have given my ruling on this issue.

… (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: The hon. Member may please continue his speech.

… (*Interruptions*)

---

* Not recorded.

श्री जगदम्बिका पाल : उनमें निश्चित तौर से साहस नहीं है। आज पूरा देश इस सदन की चर्चा को सुन रहा है। देश की सौ करोड़ जनता के बीच...(व्यवधान) आप धैर्य रखिए, मैं आपको जवाब दे रहा हूं। ...(व्यवधान) पूरे देश की जनता जानती है और आज जान जाएगी कि अगर लिब्रहान कमीशन में नेता, प्रतिपक्ष जाकर कहेंगे कि मुझे इस बात की कोई जानकारी नहीं थी कि बाबरी मस्जिद गिरेगी, लेकिन 5 दिसम्बर को लखनऊ के अमीनाबाद की रैली में जिस तरह अटल बिहारी वाजपेयी जी ने कहा कि कार सेवक जाएंगे, कल क्या करेंगे, नहीं मालूम, लेकिन वहां समतलीकरण करेंगे।...(व्यवधान) अगर इन्हें जानकारी नहीं थी तो उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मुख्य मंत्री, जिन्होंने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दिया, सुप्रीम कोर्ट ने उस हलफनामे को स्वीकार किया। सुप्रीम कोर्ट ने फैडरल सरकार में चुनी हुई राज्य सरकार के मुख्य मंत्री का हलफनामा स्वीकार किया। नेशनल इंटीग्रेशन काउंसिल में उन्होंने उस ढांचे की रक्षा करने के लिए शपथ पत्र दिया। इसी पार्लियामैंट में इनके नेताओं ने आश्वासन दिया। एक तरफ एक प्रदेश के मुख्य मंत्री सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दें, दूसरी तरफ एनआईसी में शपथ पत्र दें, पार्लियामैंट में दें, जब इन्हें अनुमान नहीं था तो कैसे प्रधान मंत्री पूर्व में ही राज्य सरकार को बरखास्त कर देते और कहते कि धारा 356 का दुरुपयोग हो रहा है। धारा 356 में स्पष्ट है कि -

> "The President's Rule can be imposed only for remedial purposes and not for preventive purposes."

जब कभी कोई घटना होगी, तब धारा 356 का उपयोग हो सकता है, अन्यथा किसी चीज का पूर्व में अनुमान लगाकर कि यह घटना घटित होगी, जब माननीय वाजपेयी जो और आडवाणी जी को मालूम नहीं था, तो तत्कालीन प्रधान मंत्री जी को कैसे मालूम हो जाता कि इनकी नीयत क्या है या ये डिस्प्यूटेड ढांचे को गिराने जा रहे हैं। इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने सैंटर को रिसीवर भी नियुक्त नहीं किया था। सैंटर ने रिसीवर नियुक्त करने की बात कही थी और लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के एक जज को रिसीवर नियुक्त किया था। जब सुप्रीम कोर्ट के संज्ञान में था, हाई कोर्ट के जज वहां नियुक्त थे, मिनट टू मिनट की कार्यवाही को रिपोर्ट कर रहे थे और हर जगह हलफनामा था, तो निश्चित तौर से लिब्रहान कमीशन की रिपोर्ट में तत्कालीन प्रधान मंत्री को जिम्मेदार नहीं ठहराया गया है, तो वह इसलिए कि इस संघीय ढांचे में उनकी जिम्मेदारी नहीं बनती।

उस दिन लिब्रहान कमीशन की रिपोर्ट के लीक होने पर नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हमारी साध है कि अयोध्या में मंदिर बने। मैं कहना चाहता हूं कि निश्चित तौर से अगर साध है, तो मंदिर उसी रूप मे बन सकता है जब पार्लियामैंट में कानून बने अथवा हाई कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट टाइटल डील को डिसाइड करे या परस्पर सहमति हो और इसी पर सरकार बनी। लेकिन उस पर न परस्पर सहमति का कोई प्रयास हुआ और न सुप्रीम कोर्ट को कोई रेफरैंस दिया गया कि इस पर कोई टाइम बाउंड फैसला किया जाये। मैं पूछना चाहता हूं कि अगर वाकई कानून बनाने की बात थी, जब ये लोग विपक्ष में थे, तो कहते थे कि जिस दिन हम पार्लियामैंट में, केन्द्र में सत्ता में आयेंगे, तब हम कानून बनाकर राम मंदिर का निर्माण करेंगे। लेकिन जिस दिन पार्लियामैंट में, केन्द्र में इनकी सत्ता बनी, तो माननीय तत्कालीन प्रधान मंत्री और गृह मंत्री जी ने पहले दिन ही कहा कि यह भारतीय जनता पार्टी के एजेंडे में

नहीं है। इन्होंने राम मंदिर के मुद्दे को ठंडे बस्ते मे डाल दिया। इन्होंने राम मंदिर के मुद्दे को ठंडे बस्ते में डाला, तो देश की जनता ने भी इन्हें ठंडे बस्ते में डाल दिया क्योंकि इसी बात पर ये लोग जनता को गुमराह करके केन्द्र में सत्ता में आये थे। यह बात सही है कि अगर इनको जानकारी नहीं थी कि वहां पर इस तरीके से कार्य होगा, तो सोमनाथ से अयोध्या तक की रथ यात्रा क्यों की गयी? दस हजार किलोमीटर की रथ यात्रा आठ राज्यों से गुजरी। मुझे याद है कि उस रथ यात्रा के बाद उत्तर प्रदेश के करनलगंज में दंगा हुआ। गुजरात और राजस्थान के ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : विष्णु पद राय जी, आप बैठ जाइये।

...(व्यवधान)

श्री जगदम्बिका पाल : आपको याद नहीं होगा, लेकिन जिन्होंने रथ यात्रा की थी, उनको याद होगा। ...(व्यवधान) उनकी रथ यात्रा के बाद बड़ोदरा, बनासकांठा, गुजरात में दंगे हुए। करनलगंज में दंगे हुए । आज राजीव जी नहीं हैं। उस समय वहां कर्फ्यू लगा था। वे वहां गये थे और उनके साथ हम भी गये थे। हमने वहां देखा कि कोतवाली की बगल में तालाबों में लाशें तैर रही थीं। उस मंजर को हमने अपनी आंखों से देखा था। वह उस रथ यात्रा की परिणति थी। 1947 मे देश बंटा, लेकिन 6 दिसम्बर, 1992 में इन्होंने देश के दिल को बांटने का काम किया, जो आज तक इस देश में नहीं हुआ था। ...(व्यवधान) इसके लिए कौन जिम्मेदार है? आज अगर हम लिब्रहान कमीशन की इस रिपोर्ट पर चर्चा कर रहे हैं, तो यह कहते हैं कि हम इसको ढहाना नहीं चाहते थे। अगर ये ढहाना नहीं चाहते थे, भारतीय जनता पार्टी उसमें अगर संलग्न नहीं थी, उनके नेता नहीं थे, तो आज मैं पूछना चाहता हूं कि 6 दिसम्बर से पहले डीजी प्रकाश सिंह थे, उन्हें बदलकर विलास मणि त्रिपाठी को क्यों बनाया गया? आईजी को क्यों बदला गया? क्यों डीआईजी कमिश्नर को बदला गया? डीएम, एसपी को क्यों बदला गया? पूरा देश जानना चाहता है कि अगर इनके मन में ऐसा न रहा होता कि हमें उस बाबरी मस्जिद को ढाहना है, तो डीजी से लेकर डीएम,एसपी, डीआईजी, आईजी और कमिश्नर आदि सारे लोग बदल दिये गये थे और जिनका राजनीतिक रूप से उपयोग करना था, उन लोगों को इन लोगों ने तैनात किया जो हाथ पर हाथ धरे पड़े रहे। ...(व्यवधान) इसलिए इस लिब्रहान कमीशन ने आज बहुत विशद विवेचना की है कि आने वाले दिनों में पुलिस सुधार के लिए भी कोई आयोग बने। इसलिए पुलिस सुधार के लिए आयोग बने कि अगर कल इस तरह कहीं सविधान की रक्षा करनी हो, कहीं उनकी इस तरह की जिम्मेदारियां हों, तो क्या अगर कोई उस प्रदेश का मुख्य मंत्री इस बात को कह दे कि आपको संविधान की रक्षा नहीं करनी है, तो उसके बाद उन आदेशों का पालन होगा या देश के उस संविधान की रक्षा का पालन होगा। इसलिए मैं समझता हूं कि आज हम इस लिब्रहान कमीशन की रिपोर्ट पर यह चर्चा नहीं कर रहे। चाहे कल 6 दिसम्बर गुजरा हो, पूरे देश में कहीं शौर्य दिवस मनाया गया, कहीं विजय दिवस मनाया गया, तो किसी पार्टी ने काला दिवस मनाया। मैं बस्ती से आता हूं। मैं कल अयोध्या से गुजर कर आया हूं। अयोध्या में शांति थी। वहां के न साधु-संतों को इस बात से कोई सरोकार है, न वहां के हिन्दू और मुसलमान को कोई सरोकार है। आज वे चाहते हैं कि अयोध्या में शांति रहे और देश की जनता चाहती है कि पूरे देश में शांति रहे। ये फिर से उस मुद्दे को जिंदा करना चाहते हैं। काठ की हांडी एक बार चढ़ती है, बार-बार नहीं चढ़ती। आज इतने गंभीर मामले पर चर्चा हो रही है। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप इस तरफ देखकर बोलिये।

...(व्यवधान)

श्री जगदम्बिका पाल : राम मंदिर बने और राम मंदिर बनने का संकल्प है, तो आप अपने देश के कार्यकत्ताओं से पूछिये कि आज उनको निराशा है क्योंकि राम मंदिर के निर्माण पर ही आपको उत्तर प्रदेश में सरकार मिली, केन्द्र में भी सरकार मिली। केन्द्र में आने के बाद आपने क्यों नहीं कानून बनाने की बात की? आपने यह बात इसलिए नहीं की क्योंकि केन्द्र में भाजपा-एनडीए कोलिशन गवर्नमैंट थी। आपको लगता था कि अगर हम कानून बनाने का काम

करेंगे, तो हमारी सरकार गिर जायेगी, क्योंकि भाजपा और एनडीए का कोलिशन है। इसका मतलब है कि आपके लोगों को राम मंदिर प्यारा नहीं है, केवल सत्ता प्यारी है इसलिए आप पांच साल तक सत्ता चलाते रहे।

कानून बनाने का काम किसका था? आपने कहा था, देश की जनता के सामने संकल्प किया था।...(व्यवधान)

योगी आदित्यनाथ : आप क्या चाहते हैं? क्या आप चाहते हैं कि मंदिर बने?...(व्यवधान) आप विरोध कीजिए। आप यह कह दीजिए कि अयोध्या में मंदिर नहीं बनना चाहिए?...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : योगी जी, आप बैठ जाइए।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : योगी जी, शांत हो जाइए।

...(व्यवधान)

श्री जगदम्बिका पाल : अयोध्या के मामले में, राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद के मामले में कांग्रेस का शुरू से यह स्टैण्ड था कि या तो न्यायालय फैसला करे या परस्पर सहमति से फैसला हो, लेकिन यकीन कीजिए, जिस समय कांग्रेस का यह स्टैण्ड था, उस समय ये लोग रथयात्राएं कर रहे थे, उस समय भाजपा की कार्यकारिणी में, उस विवादित स्थल को...(व्यवधान) मैं आपको बताना चाहता हूं।...(व्यवधान)

योगी आदित्यनाथ : महोदया, मेरा व्यवस्था का प्रश्न है।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप बैठिए। आप क्यों अशांत हो जाते हैं।

...(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: Nothing will go on record except what Shri Jagdambika Pal is saying.

*(Interruptions) ...**

अध्यक्ष महोदया : योगी जी, आप बैठ जाइए।

...(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: Nothing will go on record.

*(Interruptions) ...**

अध्यक्ष महोदया : आप बैठ जाइए। अभी आपकी बारी नहीं है। आप क्यों बोल रहे हैं?

...(व्यवधान)

---

* Not recorded.

अध्यक्ष महोदया : आप बैठ जाइए। It is not your turn. आप क्यों इतना अशान्त हो जाते हैं।

...(व्यवधान)

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PLANNING AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI V. NARAYANASAMY): Madam, whatever he speaks should not go on record.

श्री जगदम्बिका पाल : महोदया, मैं कहना चाहता हूं कि मुसलमां के हाथों में रहने दो तसबीह, पुजारी के हाथों की माला न छीनो, सभी को है अपना धर्म जान से प्यारा, किसी के धर्म का शिवाला न छीनो।...(व्यवधान) इसीलिए मैं कहना चाहता हूं कि यह देश कभी माफ नहीं करेगा। यह देश धर्मनिरपेक्ष देश है। हमें दर्द है, लेकिन आपको दर्द नहीं है। मुझे आज भी वह दिन याद है। 30 अक्टूबर और दो नवंबर को जिस समय अयोध्या में कारसेवकों पर गोली चली, 15 कारसेवक मारे गए। आज उसी अयोध्या के नए घाट में उन कारसेवकों के आश्रित लोग रहते हैं। जब दर्द हद से गुजर जाए, तो दर्द का एहसास नहीं होता है। आज आपको नहीं पता होगा कि राम आसरे धनकर किस स्थिति में हैं, जो अयोध्या के काजियाना मोहल्ले में रहते हैं जिसके बेटे राजेन्द्र धनकर की 30 अक्टूबर को मौत हुई थी। उसके गम में उसकी बूढ़ी मां भी मर गयी, चार बच्चों को लेकर बांस की डलिया बनाकर वह बूढ़ा बाप उन बच्चों की परवरिश कर रहा है। जिन कारसेवकों को आपने मरवाया, आज उनके परिवारों पर क्या गुजर रही है, यह देखने के लिए मैं सभी के घरों पर जाने की बात नहीं कहूंगा, आप सिर्फ फैजाबाद-अयोध्या चले जाइए, राम आसरे धनकर के घर चले जाइए और जो नया घाट निवासी बांसदेव गुप्ता मरे थे, उनके घर पर चले जाइए। आप देख लीजिए राम कोट में, आज भी उनकी एक बच्ची दवा के अभाव में मर गयी, बेटा एक छोटी से दुकान पर काम कर रहा है और बूढ़ी मां कहती है कि हमें मंदिर से नहीं मतलब, हमारे बच्चे चले गए इस मंदिर के निर्माण के लिए और हममें जुनून पैदा किया गया। इस जुनून को पैदा करने के पीछे दृष्टिकोण यह नहीं था कि कभी सत्ता में आएंगे, तो मंदिर का निर्माण करेंगे, जुनून पैदा करने का दृष्टिकोण केवल देश की सत्ता में आने का था। इसके सिवाय इनका कोई और प्रयोजन नहीं था...(व्यवधान) अगर कोई मकसद होता तो निश्चित तौर से करते। अब यह देश चाहता है।...(व्यवधान)

अगर कोई मकसद होता तो निश्चित तौर से ...(व्यवधान) इस आयोग की सिफारिशों को गंभीरता से सुनिये। पूरा देश देख रहा है कि इस आयोग की रिपोर्ट में जो सिफारिशें हैं उन सिफारिशों में जो गुनाहगार लोग हैं, उनको कब हम एक्सपीडाइट करेंगे। धर्म और जाति का राजनीति में जो लोग दुरुपयोग कर रहे हैं, उन पर रोक लगे, यह पूरे देश का हिंदू और मुसलमान चाहता है, इस देश की 100 करोड़ जनता चाहती है। लोग चाहते हैं कि इसके लिए कोई प्राधिकरण बने, राष्ट्रीय एकता परिषद् को कानूनी मान्यता दी जाए या विवादित मुद्दे के हल के लिए राष्ट्रीय आयोग बने। मैं पूछना चाहता हूं कि इस मुद्दे को हल करने के लिए सवा छह बरस तक जब भारतीय जनता पार्टी, एनडीए की सरकार थी तो उसने क्या किया? उस सरकार ने कभी पहल भी की, परस्पर सहमति पर कोई बैठक हुई, कोई प्रयास हुआ, कोई रैफरेंस भेजने की बात हुई? मैं समझता हूं कि कोई प्रयास नहीं हुआ। यह मुद्दा

उनका सियासी मुद्दा है, ये राम के पुजारी नहीं हैं, ये राम के व्यापारी हैं और राम का व्यापार करते हैं और केवल सत्ता में आने के लिए राम का नाम लेते हैं। 6 दिसम्बर,1992 के बाद जो 3000 दंगे हुए, अगर गुनाहगार को निश्चित तौर से सजा नहीं होगी ...(व्यवधान) कोई ऐसा शहर नहीं था जहां दंगे न हुए हों, बेगुनाह लोगों की जान न गयी हो। ...(व्यवधान) आप सुनिये और अगर आपके पास कोई जवाब है तो दीजिएगा, मैं समझता हूं कि आज इस लिब्राहन कमीनशन से अभियुक्तों को चिन्हित करने का काम हम नहीं कर रहे हैं। ...(व्यवधान) आज पूरा देश 6 दिसम्बर 1992 में देख रहा था कि नेता प्रतिपक्ष खड़े थे, आदरणीय मुरली मनोहर जोशी जी खड़े थे, उमा भारती जी खड़ी थीं, विनय कटियार जी, ऋतम्भरा जी, अशोक सिंघल जी खड़े थे। ...(व्यवधान) इनका ज्ञान मैं दूर कर दूं। ...(व्यवधान) अध्यक्ष महोदया, 6दिसम्बर को जब यह तोड़ने की तैयारी कर रहे थे, 4 दिसम्बर को फैजाबाद में जगदम्बिका पाल, निर्मल खत्री, कांग्रेस के नवल किशोर शर्मा राष्ट्रीय महासचिव, जितेन्द्र प्रसाद , प्रमोद तिवारी हम सभी लोग उत्तर प्रदेश सरकार की बर्खाश्तगी की मांग कर रहे थे, आप अपना ज्ञान दूर कर लीजिए। चार दिसम्बर को हम लोगों की गिरफ्तारी हुई है, 6 को आपने ढांचा तोड़ा है। आप अपना ज्ञान सही कर लीजिए। सुप्रीम कोर्ट और हाई-कोर्ट के निर्णय भी आते हैं, उसमें लिपि की त्रुटियां होती हैं। अगर आप उन्हें देकर के अपने गुनाहों को छिपाना चाहें, आप लिब्राहन कमीशन की रिपोर्ट में कहीं किसी का नाम, कहीं किसी की टिप्पणियां, कहीं किसी लिपि की त्रुटि हो, उससे अगर आप अपने गुनाह को छिपाना चाहेंगे तो आपका गुनाह छिपने वाला नहीं है। आज लिब्राहन कमीशन की जो रिपोर्ट आई है, चाहे वह प्रशासनिक अधिकारियों के मामले में हो, चाहे राजनीतिक लोगों के बारे में हो, जिस तरीके से संघ परिवार, बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद् को, जिस तरीके से भारतीय जनता पार्टी ने राजनीति में, धार्मिक आधार पर ...(व्यवधान) लिप्त लोगों को चिन्हित किया है ।

श्री लालजी टण्डन (लखनऊ): मेरा पाइंट ऑफ आर्डर है।

अध्यक्ष महोदया : नियम बताइये?

श्री लालजी टण्डन : अगर यह किसी नियम के अधीन बात होती तो मैं यह व्यवस्था का प्रश्न क्यों उठाता?

अध्यक्ष महोदया : नियम बताइये?

...(व्यवधान) *

श्री जगदम्बिका पाल : आप इन्हें बिठा दीजिए। जब आपने इन्हें इजाजत नहीं दी है तो इनका भाषण रिकार्ड में तो जा नहीं रहा है। जब बारी आयेगी, तब बोलियेगा। आपका रिकार्ड में नहीं जा रहा है...(व्यवधान) ।

15.00 hrs.

महोदया, उत्तर प्रदेश में विवादित ढांचा बाबरी मस्जिद गिरी, उस समय के डीजी पुलिस ने स्वयं स्वीकार किया है कि केंद्र द्वारा 25 कम्पनियां सीआरपीएफ को दी गई थीं।...(व्यवधान) लेकिन उन्हें डिप्लॉय नहीं किया गया।

अध्यक्ष महोदया : श्री जगदम्बिका पाल के भाषण के अलावा कुछ भी रिकार्ड में नहीं जाएगा।

(Interruptions) ... *

* Not recorded.

श्री जगदम्बिका पाल : महोदया, निश्चित तौर पर उस समय के डीजीपी ने स्वीकार किया कि केंद्र ने उस समय जो 25 कम्पनियां पैरामिलिट्री फोर्स दी थीं, उन्हें बैरकों में रखा गया। जिस समय ऐसी परिस्थितियां निर्मित भी हुईं, उस समय के तत्कालीन मुख्यमंत्री ने उन्हें डिप्लाय करने का आदेश नहीं दिया। आज सारा देश जानता है कि केंद्र ने पैरामिलिट्री फोर्स दी थी। इनके नेता खड़े थे, नारे लग रहे थे कि अगर एक गुम्बद गिरा, तो एक धक्का और दो। आज उनके गुनाहों को पूरे देश ने देखा है, उन्हें चिह्नित करने की जरूरत नहीं है। आज उन्हें ऐसी सजा होनी चाहिए कि ऐसी घटना दोबारा न हो।...(व्यवधान) महोदया, मैं कहना चाहता हूं -

> ''काश अपने मुल्क में, ऐसी फिजा बने, मंदिर जले तो रंज मुसलमानों को भी हो,
> पामाल होने पाए न मस्जिद की आबरू, यह फिक्र मंदिरों के निगाहगाहों को हो ''

महोदया, आज हमारे देश की सबसे बड़ी ताकत धर्मनिरपेक्षता है। यह घटना धर्मनिरपेक्षता पर कोठाराघात है। आज देश में दूसरी समस्याएं भी हैं। 50 प्रतिशत नौजवानों की आबादी है। साम्प्रदायिक मुद्दे उठाकर देश को भटकाने का काम किया गया है। इन्हें देश के नौजवानों के भविष्य की फिक्र नहीं है। आज नौजवानों के भविष्य की चिंता देश के युवा नेता राहुल गांधी को है।...(व्यवधान) वे देश के गांवों में घूम रहे हैं। क्या इन लोगों को चिंता है?...(व्यवधान) आप सुनने का साहस रखिए।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

...(व्यवधान)

श्री जगदम्बिका पाल : आज इस देश की सबसे बड़ी समस्या रोजी-रोटी की है।...(व्यवधान)इस देश की समस्या किसानों की है, नौजवानों की है। इनके पास किसी प्रकार का मुद्दा नहीं है।...(व्यवधान) चाहे महाराष्ट्र का चुनाव रहा हो, हरियाणा का चुनाव हो, उत्तरांचल का चुनाव हो, दिल्ली का चुनाव हो, देश की जनता ने इनकी वायदाखिलाफी को देखा है।...(व्यवधान) जनता ने इन्हें नकार दिया है और भविष्य में भी नकार देगी। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि जो लोग दोषी हैं, उनके खिलाफ तत्काल सीबीआई कार्यवाही करे और रायबरेली तथा लखनऊ की अदालत में जो मुकदमा चल रहा है, वह जल्दी से जल्दी एक्सपडाइट हो, जिससे देश की धर्मनिरपेक्षता के गुनाहगारों को सजा मिले।

अध्यक्ष महोदया : राजनाथ सिंह जी।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप शांत हो जाइए।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप शांत हो जाएं और बैठ जाएं।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : श्री राजनाथ सिंह के भाषण के अलावा कुछ भी रिकार्ड में नहीं जाएगा।

*(Interruptions) ... **

श्री राजनाथ सिंह (ग़ाज़ियाबाद): अध्यक्ष महोदया, लिब्राहन कमीशन की रिपोर्ट पर चल रही चर्चा में भाग लेने के लिए और अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए मैं खड़ा हुआ हूं। 17 वर्षों के अंतराल के बाद लिब्रहान कमीशन की रिपोर्ट सदन में ले की जा चुकी है लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि इस रिपोर्ट में बहुत सारी तथ्यहीन और आधारहीन बातें हैं। हम सभी जानते हैं, सारा भारत इस बात को अच्छी तरह से जानता है कि मर्यादा पुरुषोत्म भगवान राम ने 14 वर्षों का वनवास काटकर, धर्म और सत्य की स्थापना की और फिर पुन: अपना राज्य स्थापित किया। यानी पुन: राज्य स्थापित करने में उन्हें 14 वर्षों का समय लगा था लेकिन लिब्रहान कमीशन को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने में 17 वर्षों का समय लगा है।...(व्यवधान) 17 वर्षों का समय लगने के बाद यह रिपोर्ट सत्य...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : शांत हो जाइए।

श्री राजनाथ सिंह : 17 वर्षों का समय लगा, इस पर मुझे आपत्ति न होती लेकिन क्या सत्य है, क्या यथार्थ है, यदि इसके नजदीक कमीशन पहुंचने में सफल रहा होता । लेकिन सत्य के पास तक भी यह लिब्रहान कमीशन की रिपोर्ट नहीं पहुंच पाई है। 17 वर्षों का इसने समय लिया, वहीं पर करोड़ों रुपये की धनराशि इस पर खर्च हुई है। मैं कहना चाहता हूं कि सत्य को इस कमीशन के द्वारा विकृत करने की कोशिश की गई है, तथ्यों को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत करने की कोशिश की गई है।

कई बार बाबरी मस्जिद इस शब्द का प्रयोग किया गया है। अध्यक्ष महोदया, आप अच्छी तरह से जानती हैं कि यह जो अयोध्या का कॉम्पलैक्स है, उसे लीगल लैंग्वेज में हम राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद कॉम्पलैक्स कहते हैं लेकिन कमीशन जो एक डिस्प्यूटेड स्ट्रक्चर गिराए जाने की जांच कर रहा है और कई स्थानों पर बार-बार यह शब्द प्रयोग करता हो, बाबरी मस्जिद-बाबरी मस्जिद शब्द का प्रयोग कर रहा हो, जो लीगल लैंग्वेज राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद कॉम्पलैक्स न कहता हो, उससे हम क्या अपेक्षा करेंगे कि वह कमीशन कैसी रिपोर्ट देगा? मैं यहां पर पृष्ठ संख्या 383 के पैरा नं. 63.6 के अंतिम पंक्ति का उल्लेख करना चाहूंगा जिसमें विवादित ढाँचे को बाबरी मस्जिद कहा गया है। उसके बाद कमीशन की रिपोर्ट के पृष्ठ संख्या 494 के पैरा 74.1 और 74.2 की 7वीं पंक्ति में भी इस डिस्प्यूटेड स्ट्रक्चर को बाबरी मस्जिद कहा गया है और मैं कहना चाहता हूं कि यह वैधानिक, सामाजिक और एतिहासिक दृष्टि से भी यह पूरी तरह से गलत है। मैं पूरी तरह से इसे कंडैम करता हूं। इसे राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद कॉम्पलैक्स कहा जाना चाहिए। इसे डिस्प्यूटेड स्ट्रक्चर कहा जाना चाहिए। इसे बाबरी मस्जिद किसी भी सूरत में नहीं कहा जाना चाहिए। क्या कमीशन ने इस पर विचार नहीं किया कि वह बार-बार बाबरी मस्जिद इस शब्द का प्रयोग कर रहा है? लोगों की धार्मिक भावनाओं की संवेदनाओं पर इसका क्या असर पड़ेगा? क्या कमीशन ने इस पर बिल्कुल भी विचार नहीं किया? मेरा यह कहना है कि चाहे संसद हो अथवा संसद के बाहर हो, इस बाबरी मस्जिद

* Not recorded.

का प्रयोग बंद होना चाहिए, इसे डिस्प्यूटेड स्ट्रक्चर ही कहा जाना चाहिए अथवा जो कॉम्पलैक्स की लीगल लैंग्वेज है, उसका प्रयोग करना चाहिए लेकिन यदि इतिहास के पीछे जाकर कोई इसे बाबरी मस्जिद कहना ही चाहता है तो मैं विनम्रता पूर्वक कहना चाहूंगा कि इतिहास के पीछे जाने की दूरी क्या होगी, यह किसी की मर्जी के ऊपर नहीं छोड़ा जा सकता। कहां तक इतिहास के पीछे वह जाएगा, उसकी मर्जी पर नहीं छोड़ा जा सकता। यह किसको नहीं मालूम कि वहां पर राम मंदिर था। बाबर के सेनापति मीर बातीरहीम ने 1528 में उसका वहां डिमोलीशन कराया है और मस्जिद बनवाने की उसने कोशिश की है, इस सच्चाई को कौन नकार सकता है? मैं यह कहना चाहूंगा कि यह पूरी की पूरी रिपोर्ट भारी गलतियों का एक पुलिंदा है। तथ्यों के प्रति पूरी तरह से लापरवाही बरती गई है और पूरी तरह से उसकी उपेक्षा इस रिपोर्ट में दिखाई गई है। महोदया, मैं अपने आप को पूरी तरह से लिब्रहान कमीशन की रिपोर्ट में जो कुछ भी लिखा गया है, उसी पर सीमित रखते हुए पृष्ठ संख्या 270 के पैरा 46.8 का उल्लेख करना चाहता हूं जिसमें एक व्यक्ति का नाम लिखा है-एडीजी, इंटेलीजेंस। यह कौन नाम है, यह कौन था? एडीजी कौन था और ये कार सेवा में शामिल थे? आंदोलन में शामिल थे? यह भी तो लिब्रहान कमीशन को लिखना चाहिए था कि केवल एडीजी इंटेलीजेंस ही केवल थे या एडीजी इंटेलीजेंस का पूरा ऑफिस इस आंदोलन में शामिल था?...(व्यवधान) पेज 239 के पैरा 47.5 में लिखा है - लीडर्स ऑफ मुस्लिम। लीडर्स ऑफ मुस्लिम में कौन है? इसका कोई अता-पता नहीं है। इसमें किसी के बारे में नहीं लिखा कि कौन नेता है जिन्होंने इस आंदोलन में भाग लिया है। इस रिपोर्ट में जो सबसे बड़ा बलंडर किया गया है और मंडल कमीशन रिपोर्ट की चर्चा करते हुए लिखा गया है -

> "The ordinance for acquisition of the land, which was issued on the 19th of October 1990 was subsequently withdrawn on the 20th October, 1990. In the meantime, Government led by Shri V.P. Singh declared the decision regarding implementation of Mandal Commission Report providing reservations for Scheduled Castes, etc. "

मंडल कमीशन की रिपोर्ट शैड्यूल कास्ट रिजर्वेशन के लिए नहीं थी, यह कमीशन की जानकारी है जिसका इसमें उल्लेख किया गया है। ...(व्यवधान) मोरोपंत पिंगले, राष्ट्रीय स्वयं सेवक के एक अखिल भारतीय प्रचारक रहे हैं, उनको कहा गया कि शिव सेना पॉलिटिकल पार्टी के एक मैम्बर थे। रिपोर्ट के पेज 275 के पैरा 46.7 में, हमारे सदन के सम्मानित सदस्य, जो उत्तर प्रदेश से आए हैं, जमदम्बिका पाल का नाम भी कार सेवकों के सूची में शामिल है।...(व्यवधान) मैं कार सेवक जगदम्बिका पाल जी का स्वागत करता हूं।...(व्यवधान)

श्री जगदम्बिका पाल : महोदया, मेरा नाम लिया गया है।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप बैठ जाइए।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : जगदम्बिका पाल जी, उन्होंने आपका नाम लिया है। आपको स्पष्टीकरण देना है तो जब राजनाथ जी जब अपनी बात समाप्त करेंगे, मैं आपको एक मिनट का समय दूंगी।

...(व्यवधान)

श्री जगदम्बिका पाल : महोदया, मेरा नाम लिया गया है।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : मैं आपको एक मिनट का समय दूंगी। ठीक है, आप अपनी बात रेज़ कर रहे हैं तो आप अपनी बात कहिए।

...(व्यवधान)

श्री जगदम्बिका पाल : माननीय राजनाथ सिंह जी ने कहा कि मैं जगदम्बिका पाल कार सेवक का स्वागत करता हूं। उन्हें यह बात मालूम होगी कि मैं वर्ष 1982 में कांग्रेस एमएलसी चुना गया, 1988 में कांग्रेस एमएलसी चुना गया और मैं 1993 में कांग्रेस एमएलए था। जिस समय ये ढहा रहे थे या जो भी कर रहे थे, उसके खिलाफ उस समय जो आंदोलन कर रहे थे, हम उसका नेतृत्व कर रहे थे। न तो कहीं कार सेवक जगदम्बिका पाल थे और न कहीं कुछ थे।...(व्यवधान) अगर जगदम्बिका पाल कर रहे थे, ये कह दें...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप क्यों खड़े हो गए हैं। आप बैठ जाइए।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आपका स्पष्टीकरण हो गया है।

...(व्यवधान)

श्री जगदम्बिका पाल : महोदया, असत्य बात कह रहे हैं।...(व्यवधान) मैं अपनी बात कह दूं।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप बैठ जाइए। वे अपनी बात कह रहे हैं।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : योगी आदित्यनाथ, आप हर समय क्यों खड़े हो जाते हैं। आप बैठ जाइए।

...(व्यवधान)

श्री जगदम्बिका पाल : आज जैसे इन लोगों ने देश को गुमराह किया, ऐसे ही राजनाथ सिंह सदन को गुमराह करके अगर मेरा नाम ले रहे हैं। निश्चित तौर से आप जानते हैं कि उस समय मैं उनकी सरकार की मुखालफत कर रहा था...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : ठीक है, आपका स्पष्टीकरण हो गया है, अब आप बैठ जाइए।

...(व्यवधान)

श्री राजनाथ सिंह : अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से सदन को जानकारी देना चाहता हूं कि कार सेवक, श्री जगदम्बिका पाल जी, श्री कल्याण सिंह जी के मंत्रिमंडल में मंत्री भी रहे हैं।...(व्यवधान)

महोदया, मैं सदन को यह जानकारी भी देना चाहता हूं कि 1982 में ये कांग्रेस के एमएलसी थे लेकिन कांग्रेस में रहते हुए कार सेवा में भाग लिया है, यही लिब्रहान कमीशन की रिपोर्ट है।...(व्यवधान)

श्री जगदम्बिका पाल : महोदया, मेरा नाम लिया गया है।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप बैठ जाइए। अब आप शांत हो जाइए।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : वह यील्ड नहीं कर रहे हैं। अब आप बैठ जाइये।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : अब आप बैठ जाइये।

...(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: Nothing will go on record.

*(Interruptions) ...**

अध्यक्ष महोदया : आपने अपनी बात स्पष्ट कर दी है, अब आप बैठ जाइये।

...(व्यवधान)

श्री राजनाथ सिंह : मैडम, इस कमीशन की रिपोर्ट के बारे में मुझे कहना है कि इस कमीशन की रिपोर्ट एक खास उद्देश्य को लेकर, पूरी तरह स्पेशल परपज से सधे हुए राजनीतिक एजेंडा के रूप में लिखी हुई मुझे प्रतीत होती है। मैं यहां जिक्र करना चाहूंगा, उसी कमीशन की रिपोर्ट के पेज नं. 362 के पैरा 61.05 में लिखा है -

> "A mad race designed to embarrass the Congress Party by BJP and other members of the Sangh Parivaar."

अर्थात यह आंदोलन जो जनांदोलन था, वह कांग्रेस को संकट में, मुसीबत में, समस्या में डालने के लिए किया जा रहा था, कमीशन का यह एक पोलिटिकल स्टेटमैन्ट नहीं है, इसे और क्या कहा जाए। वहीं रिपोर्ट के पेज 597 पर भारतीय जनता पार्टी के ऊपर एक पूरा का पूरा चैप्टर ही लिखा हुआ है और उसमें लिखा है -

"The failure of BJP as an irresponsible political party... "...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आरुन रशीद जी, आप बैठ जाइये।

...(व्यवधान)

श्री राजनाथ सिंह : मैडम स्पीकर, किसी भी कमीशन को पोलिटिकल कमैन्ट करने की इजाजत नहीं दी जा सकती है। ...(व्यवधान) एक ऐसी पोलिटिकल पार्टी, जो आज भारत के दोनों सदनों की प्रमुख प्रतिपक्षी दल हो और जो छः वर्षों तक इस हिंदुस्तान में सरकार चला चुकी हो। लिब्रहान कमीशन इस पार्टी को इर्रिस्पांसिबल पार्टी कहेगा। हम उसे कंडैम करते हैं। मैं कहना चाहता हूं कि कांग्रेस और बीजेपी दोनों के बारे में इनका यह जो पोलिटिकल कमैन्ट है, उस पोलिटिकल कमैन्ट के लहजे को हम देखें, पोलिटिकल कमैन्ट के अंदाज को हम देखें तो मैं समझता हूं कि

---

* Not recorded.

जो हमारा एक डेमोक्रेटिक सिस्टम है, हमारे देश की जो लोकतांत्रिक व्यवस्था है, उसके लिए एक बहुत बड़ा चैलेंज है और मैं समझता हूं कि इस पर पूरी संसद को भी विचार करना चाहिए। ...(व्यवधान)

महोदया, लिब्रहान कमीशन के टर्म ऑफ रेफरेन्स में पेज 4 पैरा 2.11 में लिखा है -

"To find out the sequence of events, and all the facts and circumstances relating to the event of 6th December, 1992."

6 दिसम्बर, 1992 को अयोध्या में विवादित ढांचे का जो विध्वंस हुआ, जो विवादित ढांचा गिरा, वह एक स्वतःस्फूर्त प्रतिक्रिया के परिणामस्वरूप नहीं हुआ, बल्कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, भारतीय जनता पार्टी का जो कैडर था, उसने इस ढांचे को गिरा दिया। मैं यह मानता हूं कि उस दिन अयोध्या में जो कुछ भी घटित हुआ, वह पूरी तरह से सारे उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि सारे देश भर का जनाक्रोश था। ...(व्यवधान) यह एक जनभावना अनियंत्रित अभिव्यक्ति थी, यह मैं मानता हूं। ...(व्यवधान)

मैडम, मैंने इसका उल्लेख इसलिए किया है कि स्वतःस्फूर्त प्रतिक्रिया नहीं थी, एक तरफ लिब्रहान कमीशन अपनी रिपोर्ट में यह बात कह रहे हैं और यह कह रहे हैं कि बीजेपी और आरएसएस की यह कांस्पिरेसी थी तो वही दूसरी तरफ लिब्रहान कमीशन ने इसे कंट्राडिक्ट करने का काम भी किया है। मैं यह कहना चाहता हूं कि किस आधार पर लिब्रहान कमीशन ने कह दिया कि यह एक कांस्पिरेसी थी। क्या लिब्रहान कमीशन को यह विचार नहीं करना चाहिए था कि वह डिस्प्यूटेड स्ट्रक्चर जो जनभावना के आक्रोश के कारण गिरा है, उसके पीछे कौन सी परिस्थितियां इसके लिए जिम्मेदार हैं। क्या यह कमीशन की जिम्मेदारी नहीं बनती और केवल कुछ घंटे की घटनाओं के सिक्वैन्स के आधार पर किसी नतीजे पर नहीं पहुंचा जा सकता। स्वतःस्फूर्त जनाक्रोश के परिणामस्वरूप यह विवादित ढांचा गिरा है अथवा किसी कांस्पिरेसी के कारण ही यह विवादित ढांचा गिरा है। यदि सचमुच विश्लेषण सही तरीके से करना है तो वर्षों, दशकों और शताब्दियों के सीक्वेंस ऑफ इवेंट्स को देखना होगा, तब जाकर यह बतलाया जा सकता है कि वह विवादित ढ़ांचा कैसे गिरा? इस सच्चाई को कौन नहीं जानता है? 1528 में मीर बांकी जो बाबर का कमांडर था...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : सुन लीजिए, शांत हो जाइए।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : शांत हो जाइए।

...(व्यवधान)

श्री राजनाथ सिंह : महोदया, अयोध्या भगवान राम से जुड़ा हुआ एक पवित्र स्थान है। वहां पर मीर बांकी ने तोड़कर मस्जिद बनायी। यह केवल मैं नहीं कह रहा हूं। यह ऐतिहासिक रूप से स्थापित है। अबुल फजल की आइने अकबरी में अयोध्या को राम का जन्मस्थान और अत्यंत पवित्र स्थल माना गया है।

SHRI GURUDAS DASGUPTA : Madam, I would like to seek a clarification. How does he reach the conclusion that… (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: No clarifications please. You may please take your seat.

… (*Interruptions*)

अध्यक्ष महोदया : योगी जी, आप बैठ जाइए।

…(व्यवधान)

श्री विष्णु पद राय (अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह): वह प्वाइंट ऑफ ऑर्डर था।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : विष्णु पद राय जी, आप बैठ जाइए।

…(व्यवधान)

श्री राजनाथ सिंह : महोदया, 1816 में लिखी हुई नसीहत-ए-बिस्त-ओ-पंजमहज-चहलनिसाही-बहादुरशाही में स्वयं औरंगजेब की पौत्री द्वारा जन्मभूमि के विध्वंस और वहां बाबरी मस्जिद के निर्माण की बात कही गयी है। कोई भी वह पुस्तक उठाकर देख सकता है। 1885 में लखनऊ से फारसी में प्रकाशित गुस्त-ए-हालात, हालात-ए-अयोध्या अवध में मौलवी अब्दुल करीम ने भी यही लिखा है। 1973 में लखनऊ के प्रतिष्ठित मुस्लिम धार्मिक विश्वविद्यालय नदवातुल उलेमा के प्रमुख मौलाना अब्दुल हसन नदवी, जिन्हें हम लोग सम्मानपूर्वक अली मियां कहकर पुकारते हैं ने अपने पिता की अरबी में लिखी हुयी पुस्तक हिन्दुस्तान इस्लामी अहद में का उर्दू अनुवाद किया है। इसका अंग्रेजी में अनुवाद 1977 में हुआ है। इसमें यह लिखा है कि जहां हिन्दुओं की मान्यता थी, उसी के स्थान पर बाबर ने मस्जिद बनायी।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : बैठ जाइए।

…(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप बैठ जाइए।

…(व्यवधान)

श्री असादुद्दीन ओवेसी (हैदराबाद): महोदया, मैं यह बर्दाश्त नहीं कर सकता हूं। ये ऐसी बातें बोल रहे हैं।

…(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : क्या नहीं कर सकते, क्या हो गया? आप बैठ जाइए।

…(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : जब आपका समय आएगा, आप तब बोलिएगा।

…(व्यवधान)

श्री राजनाथ सिंह : महोदया, यदि मेरी बात गलत हो कल का भी समय इस लिब्रहान कमीशन की रिपोर्ट पर चर्चा करने के लिए है। मैं सभी सम्मानित सदस्यों से निवेदन करूंगा कि उसे उस समय कंट्राडिक्ट कर सकते हैं। इस समय शोर-शराबा न करें, मैं चेयर के माध्यम से यही अपील करना चाहता हूं। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : कृपया बैठ जाइए।

…(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: Hon. Members, please take your seats.

श्री राजनाथ सिंह : जो पश्चिमी इतिहासकार हैं, चाहे वह विलियम फिंच हों, जोजेफ डिफेंटलर हों, चाहे ईस्ट इंडिया कंपनी का गजट हो, सबमें इस बात का उल्लेख है कि वहां मस्जिद खड़ी कर देने के बाद भी निरन्तर हिन्दू तीर्थ यात्री आते थे, उसके बाहर भजन कीर्तन करते थे और वहां पूजा होती थी। ऑर्किलोजिकल सर्वे ऑफ इंडिया ने 1934 में अयोध्या के प्राचीन स्थलों के खोजबीन का काम शुरू किया था। उस समय भी उसने इसे जन्मभूमि के रूप में लिखा है और वहाँ पर लिखा हुआ है - "This is site No.1 Janmabhoomi." इसलिए मैं कहना चाहता हूँ कि जितनी भी घटना की श्रृंखलाएँ हैं, ये इतनी पुरानी हैं कि जब न हमारी संसद थी, न हमारी सरकारें थीं। मैं समझता हूँ कि उन सारी घटनाओं का विश्लेषण कमीशन को करना चाहिए था, लेकिन इन घटनाओं का विश्लेषण उसने नहीं किया। यह भी लिखा कि "There was no order to prohibit Muslims to perform *Namaz*, but no *Namaz* was done since 1934."

यानी 1934 से कोई नमाज़ वहाँ पढ़ी ही नहीं गई। 1934 से वहाँ पर कोई [illegible] नहीं पढ़ी जा रही है …(व्यवधान) जो कमीशन ने कहा है, वह मैं कह रहा हूँ। …(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : प्लीज़ आप बैठ जाइए।

…(व्यवधान)

श्री राजनाथ सिंह : 1949 में वहां मूर्तियों की स्थापना हुई और न्यायालय के आदेश से वहाँ तब से पूजा-अर्चना अनवरत चल रही है। …(व्यवधान) मैं सरकार से जानना चाहता हूँ कि जब 1949 से बराबर वहाँ पर मूर्तियों की पूजा हो रही है और वहाँ पर नमाज़ अदा नहीं की जा रही थी तो सरकार ने इस समस्या का समाधान निकालने के लिए अपनी तरफ से क्या प्रयत्न किया? …(व्यवधान) मैं यह भी जानकारी देना चाहता हूँ कि 1986 …(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: Nothing will go on record except what Shri Rajnath Singh says.

*(Interruptions) …**

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI P. CHIDAMBARAM): Madam Speaker, with great respect to the hon. Member, I want to submit a couple of facts for his kind consideration and also for your consideration.… (*Interruptions*) Madam, a title suit is pending on whether it was a mosque or a temple earlier; and whether *Namaz or pooja* was performed. All these are issues which are in the title suit and are related matters. We are not here deciding issues in the title suit. The only issue we are discussing is…

---

* Not recorded.

(*Interruptions*) Geete Ji, please sit down. I am allowed to speak. We are not debating the title suit here. If I may say with greatest respect, that is a matter which is *sub judice* and we cannot debate it in this House.

Liberhan Commission was appointed to find out the circumstances and events leading to the demolition of, what they call, what the Terms of Reference calls, Ram Janma Bhoomi-Babri Masjid structure. The only thing we are discussing is, who demolished it. That is the only issue we are discussing here. No other issue is here.… (*Interruptions*)

DR. MURLI MANOHAR JOSHI (VARANASI): This is gross misrepresentation. The Terms of Reference says “to go into the circumstances of demolition”. The whole gamut of circumstances should be gone into.… (*Interruptions*)

SHRI P. CHIDAMBARAM: Dr. Joshi, circumstances leading to the demolition of the structure is the only issue here.… (*Interruptions*)

DR. MURLI MANOHAR JOSHI : Historical, political, geographical, and administrative circumstances should be gone into. The Commission itself says it. … (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Please take your seat. There is a case pending, The matter is *sub judice*. Please be aware of it and be conscious of it all the time. When you are speaking, please speak in such a manner that your statement does not prejudice the case. Discussing the Liberhan Commission Report is a separate issue which we are doing today under Rule 193. Let us confine ourselves only to that.

DR. MURLI MANOHAR JOSHI : We have to point out the inaccuracies in the Report.

श्री राजनाथ सिंह : अध्यक्ष महोदयां, अभी जो माननीय. गृह मंत्री जी ने कहा कि इस समय मामला सब-ज्यूडिस है, मैं समझता हूं कि अगर मामला सब-ज्यूडिस है, तब तो लिब्रहान कमिशन की रिपोर्ट पर संसद में चर्चा ही नहीं होनी चाहिए।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया, मैं यह कहना चाहता हूं कि हमारा कौन सा ऐसा आर्गुमेंट है अथवा हमारे कौन से ऐसे फेक्ट्स हैं, जिनके आधार पर यह कहा जा सकत[illegible] कि कोर्ट का फैंसला अथवा कोर्ट की कार्यवाही किसी हद तक प्रभावित हो। उसके लिए भी तर्क देना होगा। मैं यह कहना चाहता था कि लिब्रहान कमिशन की रिपोर्ट में भी लिखा हुआ है कि फरवरी, 1986 में न्यायालय ने एक कदम और आगे जाकर रामजन्म भूमि का ताला खोलने का आदेश दे दिया। नवम्बर, 1989 में श्रीराम जन्म भूमि का शिलान्यास भी हुआ।

अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार से, माननीय गृह मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि 1949 से वहां पूजा हो रही था, वह मन्दिर में हो रही थी या मस्ज़िद में हो रही थी? जिसका ताला खुला और शिलान्यास हुआ, वह मंदिर था या मस्ज़िद थी, यह भी मैं सरकार से जानना चाहता हूं।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया: आप बैठ जाइए।

...(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: Nothing will go on record except what Shri Rajnath Singh is saying.

*(Interruptions) ...**

अध्यक्ष महोदया: आप बैठ जाइए। जगदम्बिका पाल जी, आप अपना स्थान ग्रहण करिए। आप अपनी बारी में बोल चुके हैं।

...(व्यवधान)

श्री राजनाथ सिंह : अध्यक्ष महोदया, मुझे यह कहने में संकोच नहीं है, यदि आप मुझ से जानना चाहते हैं कि आप बताइए किस का ताला खुला तो मैं कह दूंगा कि वहां मंदिर था, मंदिर है और मंदिर रहेगा।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया: जगदम्बिका पाल जी, आप बैठ जाइए।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया: आप कृपया शांत हो जाइए।

...(व्यवधान)

श्री राजनाथ सिंह : अध्यक्ष महोदया, अगर इस घटना की पृष्ठभूमि में भी हम जाना चाहें तो मैं इतना ही कहना चाहूंगा कि जो कुछ भी हुआ है, सचमुच इस मामले में जो धर्म में आस्था रखने वाले लोग थे, उन्हें जो न्याय एवं इंसाफ मिलना चाहिए था, वह न मिलने के कारण ही इस प्रकार का जन आक्रोश पैदा हुआ और वह डिस्प्यूटेड स्ट्रक्चर धराशायी हुआ। ...(व्यवधान)

श्री मदन लाल शर्मा (जम्मू): इतना गुस्सा आ गया कि मंदिर ही तोड़ दिया।...(व्यवधान)

श्री राजनाथ सिंह : मैं गुस्से में नहीं हूं। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया: मदन लाल शर्मा जी, आप बैठ जाइए।

श्री राजनाथ सिंह : अध्यक्ष महोदया, इस सदन के एक सम्मानित सदस्य, हमारे युवा साथी श्री राहुल गांधी जी का एक स्टेटमेंट सभी लोगों ने देखा। उन्होंने कहा कि यदि गांधी परिवार का कोई व्यक्ति प्रधान मंत्री होता तो ऐसा

---

* Not recorded.

कभी न होने पाता। मैं याद दिलाना चाहता हूं कि 1949 में मूर्ति स्थापित होने के समय प्रधान मंत्री, पंडित जवाहरलाल नेहरू जी थे, उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री, पंडित गोविन्द वल्लभ पंत जी थे और सन् 1989 में शिलान्यास के समय प्रधान मंत्री, श्री राजीव गांधी जी थे तथा उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री, श्री नारायण दत्त तिवारी जी थे। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया: आप बैठ जाइए। कृपया शांत हो जाइए।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया: जगदम्बिका पाल जी, आप बैठ जाइए, आपकी बारी हो चुकी है।

...(व्यवधान)

श्री राजनाथ सिंह : मैडम स्पीकर, यदि 6 दिसम्बर, 1992 की घटना की पृष्ठभूमि यानी बैकग्राउंड का पूरी तरह से एनैलेसिस किया गया होता, तो लिबरहान कमीशन, शाहबानो केस को किसी भी सूरत में नहीं भुला सकता था। मैं याद दिलाना चाहता हूं कि 1986 में शाहबानो केस में न्यायालय का फैसला आया, लेकिन इसी कांग्रेस पार्टी की सरकार ने किस तरह से कट्टरपंथियों के सामने घुटने टेक दिए। ...(व्यवधान)

मैडर स्पीकर, एक तरफ न्यायालय के फैसले को नकारा जा रहा है और वहीं दूसरी तरफ, जो एक सबसे बड़ा, बहुसंख्यक समाज, जिसे हिन्दू समाज और सिख समाज कहते हैं उन सारे लोगों से यह कहा जा रहा है कि तुम कोर्ट के आदेश मान लो ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : कृपया आप बैठ जाइए। श्री राजनाथ सिंह जी के भाषण के अलावा कुछ भी रिकॉर्ड पर नहीं जाएगा। राजनाथ सिंह जी, अब आप समाप्त कीजिए।

श्री राजनाथ सिंह : मैडर स्पीकर, यदि माननीय सदस्य डिस्टर्ब न करें, तो मैं अपना भाषण आधे घंटे में समाप्त कर दूंगा।

अध्यक्ष महोदया : अब आप जल्दी समाप्त करें।

मैं माननीय सदस्यों से भी अनुरोध करूंगी कि वे डिस्टर्ब न करें।

श्री राजनाथ सिंह : मैडम स्पीकर, मैं लिबरहान आयोग की रिपोर्ट के बारे में कहना चाहता हूं कि इस रिपोर्ट में, 30 अक्तूबर और 2 नवम्बर को उत्तर प्रदेश सरकार ने जो गोली चलाई, मैं नाम नहीं लेना चाहता हूं, लेकिन वे सम्मानित सदस्य, हमारे सदन में ही उपस्थित हैं, उस बात का उल्लेख नहीं किया गया है। मैं समझता हूं कि उसके कारण भी एक साम्प्रदायिक विद्वेष पैदा हुआ। उसका भी इस लिबरहान कमीशन की रिपोर्ट में कहीं पर कोई उल्लेख नहीं किया गया है। डिस्प्यूटेड स्ट्रक्टर गिरने के बाद ही, आर.एस.एस., वी.एच.पी. और इन सारे दलों, संगठन पर प्रतिबन्ध लगा दिया गया। प्रतिबन्ध लगाने के बाद, जस्टिस बाहरी, जो सिटिंग जज थे, उनकी चेयरमैनशिप में एक ट्रिब्यूनल बना, जिसे बाहरी ट्रिब्यूनल का नाम दिया गया, उसने अपनी जजमेंट दी। उस ट्रिब्यूनल की रिपोर्ट के पेज नंबर 72 पर, सरकार के इंटैलीजेंस विभाग द्वारा, यह माना गया है कि सितम्बर से दिसम्बर, 1990 के मध्य देश में साम्प्रदायिक

तनाव चरम पर था, यानी बाहरी ट्रिब्यूनल इस बात को स्वीकार कर रहा है, लेकिन लिबरहान कमीशन की रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख नहीं है। मैं यहां यह उल्लेख भी करना चाहूंगा कि ये सब जो परिस्थितियां थीं, इनका उल्लेख लिबरहान कमीशन को अपनी रिपोर्ट में करना चाहिए था, लेकिन उसने अपनी रिपोर्ट में इन सारी घटनाओं और परिस्थितियों का उल्लेख नहीं किया है।

मैडम स्पीकर, मैं कहना चाहता हूं कि उस समय बहुत सारे भड़काऊ बयान भी दिए गए। कहा गया कि गणतंत्र दिवस का बहिष्कार होना चाहिए। किसी ने भारत माता को डायन कह दिया। कहा गया कि भारत माता ऐसी डायन है, जो हम सभी लोगों को निगल जाना चाहती है। मैं भारतीय जनता पार्टी के बारे में कहना चाहता हूं कि भारतीय जनता पार्टी जाति और मजहब के नाम पर कोई भेदभाव नहीं करती। हम जाति और मजहब की राजनीति नहीं करते हैं। हम इंसाफ और इंसानियत की राजनीति करते हैं। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : कृपया शान्त हो जाइए।

श्री राजनाथ सिंह : मैडम स्पीकर, चाहे कोई बहुसंख्यक समाज हो या अल्पसंख्यक, यदि उसे बराबर टीज करने और चिढ़ाने की कोशिश की जाएगी, यदि कोई इंसाफ मांगता है और उसे देने में यदि विलम्ब किया जाएगा या टालमटोल की जाएगी, तो स्वतः प्रतिक्रिया होगी। हम लोगों ने ऐसी प्रतिक्रिया इस घटने से पहले भी देखी है और 6 दिसम्बर, 1992 को जो हुआ, उसे भी हम लोगों ने देखा। जब वह स्ट्रक्चर गिरा, तो लिबरहान कमीशन को उसमें कांस्पीरेसी दिखने लगी।

मैडम स्पीकर, यहां मैं यह भी कहना चाहूंगा कि 6 दिसम्बर, 1992 से केवल कुछ माह पहले की ही अनेक घटनाएं ऐसी हैं, जिनका कि लिबरहान कमीशन ने अपनी रिपोर्ट में कोई उल्लेख नहीं किया है। वर्ष 1991 में कांग्रेस की सरकार थी। मैं उस सरकार को धन्यवाद देना चाहूंगा कि उसने हिन्दू और मुस्लिम, दोनों के बीच मध्यस्थता करने की कोशिश की और समस्या का समाधान निकालने का प्रयास किया, जिसका उल्लेख लिबरहान कमीशन ने पेज सं.126 के पैराग्राफ 30.1 में किया है। उसमें इस बात का उल्लेख नहीं किया है कि बाबरी मस्जिद एक्शन कमेटी की तरफ से जो विद्वान उपस्थित थे, वे बिना एवीडेंस दिये, बिना सबूत दिये उठकर चले गये थे। लिब्रहान कमीशन ने अपनी रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख नहीं किया था। इसके बाद पेज 195 के पैरा 40.2 में लिखा है: "...no further time would be given after 23rd October, 1992." माने, यह अल्टीमेटम कमीशन के द्वारा दिये जाने के बावजूद एक्शन कमेटी की तरफ के विद्वान 92 में अगली बैठक में लिखित सबूत लाना तो दूर, वे स्वयं उपस्थित भी नहीं हुए, इसको भी लिब्रहान कमीशन ने अपनी रिपोर्ट में मैंशन नहीं किया है। स्वाभाविक है कि बातचीत के द्वारा जो इसका समाधान निकलना चाहिए था, वह समाधान निकलना सम्भव नहीं हो पाया। घटना की पृष्ठभूमि में इतने महत्वपूर्ण पक्ष का उल्लेख न होना, मैं यह मानता हूं कि यह कमीशन का एक पूर्वाग्रह है। आयोग ने उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री, जो इस समय हमारे सदन में सम्मानित सदस्य हैं, श्री कल्याण सिंह जी, उनके सम्बन्ध में लिखा है। कल्याण सिंह जी की यह कहते हुए आलोचना की कि वे कारसेवकों पर गोली चलाने के पक्ष में नहीं थे और रिपोर्ट के पेज 134 के पैरा 30.2 और 30.4 और पैरा 37.16 में यह लिखा कि पहले मुख्यमंत्री

श्री कल्याण सिंह ने दिसम्बर, 1991 में, फिर जुलाई, 1992 में प्रधानमंत्री श्री नरसिम्हाराव जी से कारसेवकों पर बलप्रयोग करने में अपनी असमर्थता व्यक्त कर दी थी। यह कह दिया था कि हम गोली नहीं चला सकते। यह कल्याण सिंह जी ने पहले ही कह दिया था, क्योंकि जब समाजवादी पार्टी की उस समय सरकार थी तो उस समय जो गोली चलाई गई थी, उसके कारण एक व्यापक प्रतिक्रिया सारे देभ भर में हुई थी। उसी का तर्क देते हुए कल्याण सिंह जी ने दो बार उस समय के प्रधानमंत्री नरसिम्हाराव जी से कहा कि हम गोली नहीं चलाएंगे। ...(व्यवधान)

डॉ. शफ़ीकुर्रहमान बर्क (सम्भल): दोनों की मिलीभगत से गोली चलाई गई।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप बैठ जाइये।

श्री राजनाथ सिंह : लेकिन मुझे आश्चर्य है कि आयोग ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। दिसम्बर, 1991 और जुलाई, 1992 में उत्तर प्रदेश सरकार का यह विचार, यह मंतव्य जानने के बावजूद केन्द्र सरकार ने उस समय कोई कार्रवाई नहीं की, इसका कोई उल्लेख नहीं किया है।

रिपोर्ट के पेज नं. 122 और पैरा 29.30 में एक कमेटी का जिक्र है, उस कमेटी में हमारे पूर्व उपराष्ट्रपति श्री भैरोंसिंह जी शेखावत और यहां पर हमारे माननीय कृषि मंत्री शरद पवार जी उसमें थे। कमीशन की रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख नहीं है कि यह कमेटी क्यों काम नहीं कर पाई। इसका भी उल्लेख होना चाहिए था, लेकिन लिब्रहान कमीशन की रिपोर्ट में इस बात का कहीं पर कोई उल्लेख नहीं है। स्वयं कमीशन ने पेज नं. 154 में लिखा है, एक अप्रैल, 1992 को रामनवमी के दिन अयोध्या में सात लाख लोग एकत्रित थे और सब कुछ शान्ति से निपट गया। 1992 में जब कारसेवा की घोषणा हुई, उस समय बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे और 6 दिसम्बर, 1992 से अधिक संख्या में लोग उपस्थित थे तो कमीशन को कम से कम इस का संज्ञान लेना चाहिए था कि 6 दिसम्बर, 1992 से अधिक संख्या में कई बार कारसेवक वहां एकत्रित हो चुके, लेकिन कोई भी अप्रिय घटना नहीं होने पाई। जो डिस्प्यूटिड स्ट्रक्चर था, उसको किसी प्रकार की क्षति नहीं पहुंची तो 6 दिसम्बर, 1992 को ऐसा क्यों हुआ, इसका कोई कॉग्नीजेंस लेने की कोशिश लिब्रहान कमीशन ने नहीं की है। यदि पहले की सारी डेट्स इतना बड़ा हुजूम होने के बावजूद इतनी शान्तिपूर्वक गुजर गईं तो 6 दिसम्बर, 1992 को ही ऐसा क्यों हुआ। यह सब की जानकारी में है कि 2.77 एकड़ जो डिस्प्यूटिड लैंड है, जिसे डिस्प्यूटिड लैंड कहते हैं, उसके चारों तरफ 67 एकड़ की जो लैंड है, वह यू.पी. गवर्नमेंट के द्वारा एक्वायर की गई थी और 11 दिसम्बर, 1992 को उस पर जजमेंट आने वाला था, लेकिन सरकार के द्वारा एक बार भी यह कोर्ट में अपील नहीं की गई, कोर्ट से रिक्वैस्ट नहीं की गई कि वह 6 दिसम्बर, 1992 के पहले वह जजमेंट आ जाये, ताकि इस प्रकार का जनाक्रोश को शान्त किया जा सके। इस प्रकार की कोई कोशिश नहीं हुई। इसीलिए मैं आरोप लगाना चाहता हूं कि यह आयोग एक स्वस्थ और निष्पक्ष विचार से नहीं, बल्कि दोषारोपण की एक निश्चित मनोवृत्ति से काम कर रहा था। रिपोर्ट के पेज 222 में कहा गया है:

"…the news report cannot be said to be false even if it may be an exaggerated version."

यानी समाचार-पत्रों में जो कुछ भी भले ही वह अतिरंजित हो, वह लिब्रहान कमीशन के लिए विश्वसनीय है। पेज नंबर 248 के पैरा 43.3 (1) में विश्व हिंदु परिषद के नेताओं के बारे में कहा गया है, "They ostensibly told the *Kar Sevaks* to construct the temple". जो अपील कर रहे थे, वह दिखावा था। यह कैसे इलहम हो गया लिब्रहान कमीशन को कि वह वास्तव में कारसेवकों को मना कर रहे थे , एक दिखावा मात्र था? पेज नंबर 250 पर पैरा 44.2 पर लिखा है, "This is a sham paper decision of symbolic *kar seva*".

रिपोर्ट के पेज 255 के पैरा 56 में कारसेवकों से रूकने की अपील के विषय में कमीशन ने लिखा है कि "feeble requests for media benefit." यानी मीडिया का लाभ उठाने के लिए, सारे नेता लोग कारसेवकों से बहुत ही कमजोर अपील कर रहे थे, नाममात्र की अपील कर रहे थे। यह इलहम लिब्रहान कमीशन को कैसे हुआ? ...(व्यवधान) रिपोर्ट के पेज 502 के पैरा 76.8 में मंदिर निर्माण आंदोलन से जुड़े हुए कुछ लोगों के बारे में कमीशन ने कुछ कमेंट किया है। इसने कहा है, "little men with king-sized egos." मैडम क्या किसी कमीशन को, किसी व्यक्ति को यह इजाजत दी जा सकती है? जिन लोगों का नाम उन्होंने लिस्ट में दिया है, श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी, जो भारत के प्रधानमंत्री रह चुके हैं, क्या वह लिटिल मैन हो गए? श्री लालकृष्ण आडवाणी जी क्या लिटिल मैन होंगे, डा. मुरली मनोहर जोशी क्या लिटिल मैन होंगे? ...(व्यवधान) मैडम स्पीकर, कमीशन को यह अधिकार नहीं दिया जा सकता है। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप शांत हो जाइए।

...(व्यवधान)

श्री राजनाथ सिंह : मैडम स्पीकर, जो बड़ा होता है, वह किसी को छोटा नहीं कहता है। मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान राम ने समाज की अंतिम सीढ़ी पर बैठी सबरी के घर जाकर उसका झूठा बेर खाने का काम किया था। मर्यादा पुरूषोत्तम राम बड़े थे। जस्टिस लिब्रहान किसी को लिटिल मैन कहेंगे, मैं इसे कंडेम्न करता हूं। ...(व्यवधान) मैं यह भी कहना चाहता हूं कि पूरे सदन को इस बात की जानकारी होनी चाहिए कि जस्टिस लिब्रहान 17 वर्षों में एक बार भी अयोध्या नहीं गए। ...(व्यवधान) पूरी कमीशन एक बार भी अयोध्या नहीं गयी और सारी रिपोर्ट आपने तैयार कर दी है।

मैडम, मुझे लगता है कि शायद लिब्रहान आयोग को एक नयी दृष्टि प्राप्त थी, जैसे धृतराष्ट्र को संजय के रूप में एक नयी दृष्टि प्राप्त थी, वैसे ही लिब्रहान को एक नयी दृष्टि प्राप्त थी। ...(व्यवधान) हस्तिनापुर में बैठे-बैठे संजय ने दोनों आंखों से अंधे धृतराष्ट्र को कुरूक्षेत्र की सारी दास्तान सुना डाली, सारा वृत्तान्त उन्हें सुना डाला। मैं इस संजय से पूछना चाहता हूं कि आप किस धृतराष्ट्र को सुनाना चाहते थे ? कौन था वह धृतराष्ट्र? ...(व्यवधान)

हमारी पार्टी के वरिष्ठ नेता आदरणीय अटल बिहारी वाजपेयी, आदरणीय लालकृष्ण आडवाणी जी, आदरणीय डा. जोशी, ये सूडो-माडरेट होंगे। यह इलहम कैसे हो गया आपको कि ये सूडो-माडरेट हैं? यह पालिटिकल कमेंट करने का अधिकार किसी भी कमीशन को नहीं दिया जा सकता है। मैं कहना चाहता हूं, जो कमेंट

किया है लिब्रहान कमीशन ने, यह नैतिक दृष्टि से और संवैधानिक दृष्टि से पूरी तरह से एक अनाधिकार चेष्टा करने की कोशिश की है।

आगे रिपोर्ट में पेज 492 में पैरा 16.6 में लिखा है, "It cannot be assumed even for a moment that L.K. Advani, Atal Bihari Vajpayee or Murli Manohar Joshi did not know the designs of the *Sangh Parivar*". रिपोर्ट की इन पंक्तियों से पूरी तरह साफ है कि आडवाणी जी, मुरली मनोहर जोशी जी और सर्वमान्य नेता वाजपेयी जी के खिलाफ दोषारोपण जो किया गया है, वह तथ्यों के आधार पर, फैक्ट्स के आधार पर नहीं किया गया है, बल्कि केवल एजम्पशन के आधार पर, अनुमान के आधार पर किया गया है। उनकी रिपोर्ट से ही मैंने कांक्ल्यूजन निकाला है। ...(व्यवधान) हमारा कहना है कि किसी भी कमीशन अथवा किसी भी व्यक्ति को यदि किसी घटना की जांच करनी चाहिए तो जांच का आधार इनडक्टिव लॉजिक होना चाहिए यानी जो तथ्य मिलें, जो साक्ष्य मिलें, उनके अनुसार निष्कर्ष या किसी कनक्लूज़न पर पहुंचा जाए। लेकिन लिब्रहान कमीशन ने जो कुछ भी लिखा है, वह इनडक्टिव लॉजिक के आधार पर नहीं लिखा है बल्कि डिडक्टिव लॉजिक के आधार पर लिखा है। उनका पहले से डिज़ायर्ड कनक्लूज़न था, पहले से तय कर लिया था कि हमें किस निष्कर्ष पर पहुंचना है। उस हिसाब से सारे तथ्य और साक्ष्य उन्होंने उसमें डालने की कोशिश की है।

मैं उल्लेख करना चाहूंगा। रिपोर्ट के पेज 286 पै 0.6 में लिखा है -

"The inquiry demands an insightful analysis of the situation by weeding out the communal, institutional or other bias from the statements of the witnesses and by precluding the possibility of hindsight bias, that is, remembering the fact consistent with the desired conclusion."

मतलब डिज़ायर्ड कनक्लूज़न को हासिल करने के लिए उन्होंने इनडक्टिव लॉजिक का नहीं बल्कि डिडक्टिव लॉजिक का सहारा लिया। मैं यही कहना चाहता हूं कि यह पूरी रिपोर्ट, this is a political document for character assassination. हमारा इस संबंध में सब मिला-जुलाकर यही कमैंट है। मैं कहना चाहूंगा कि कमीशन की रिपोर्ट तैयार करने में कानूनी मानदंडों की पूरी तरह से अनदेखी की गई है। इसीलिए मैं इसे पोलीटिकल डौक्यूमैंट कह रहा हूं।

रिपोर्ट के पेज 335 के पैरा 57.4 में कहा गया है - राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ इसलिए साम्प्रदायिक है क्योंकि संगठन का आग्रह हिन्दुत्व और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की नीतियों पर रहता है। महोदय, मैं याद दिलाना चाहता हूं कि सर्वोच्च न्यायालय ने 1995 में हिन्दुत्व को डिफाइन करते हुए कहा -This is a way of life. यह जीवन शैली है, इसे जाति और मजहब की सीमा में नहीं बांधा जा सकता। क्या सुप्रीम कोर्ट को भी आप कहेंगे कि वह कम्युनल है। यह सुप्रीम कोर्ट की डैफिनेशन है। इतना ही नहीं, मैं एक और केस का हवाला देना चाहूंगा। 1996 में रमेश यशवंत प्रभु बनाम् प्रभाकर काचीनाथ कुंडे के चुनाव के लिए अयोग्य ठहराने की याचिका पर अपना निर्णय देते हुए वॉल्यूम 1, पेज 162, पैरा 44 में लिखा है -

"It is an error of law to assume Hindutva as communal."

अत: संघ को केवल हिन्दुत्व की विचारधारा के आधार पर साम्प्रदायिक कहना राजनीतिक विद्वेष ही नहीं, बल्कि कानून की पूरी तरह से अवहेलना की गई है। आश्चर्य है कि सरकार ने अपनी एटीआर की जो रिपोर्ट इस सदन में प्रस्तुत की है, उसमें भी लिखा है - The matter will be examined further.

किस मैटर को ऐग्ज़ामिन करेंगे, क्या ऐग्ज़ामिन करेंगे जिसे आपको एटीआर में लिखने की जरूरत पड़ी। मैं कहना चाहूंगा कि हिन्दुइज़्म में विश्वास करने वाले किसी व्यक्ति ने न तो कभी किसी के ऊपर आक्रमण किया है और न कभी किसी प्रकार के कन्वर्ज़न को प्रमोट करने की इस देश में कोशिश की है, यह बच्चा-बच्चा जानता है। Hinduism never went for invasion and never propagated conversion.

इस सच्चाई को भी समझना चाहिए।

जहां तक हिन्दुत्व का प्रश्न है - इसमें विश्वास रखने वालों ने ही " वसुधैव कुटुम्बकम् " का संदेश केवल भारत की सीमा में ही रहने वाले लोगों के लिये नहीं बल्कि पूरी धरती पर रहने वाले जितने लोग हैं, सबके लिए दिया गया है। मुझे आश्चर्य ही नहीं वेदना भी है कि जिन 68 लोगों को विध्वंस का षडयंत्रकारी माना गया है, उसमें देवराह बाबा का नाम भी लिया गया है। देवराह बाबा जैसे व्यक्ति, जो ढाई वर्ष पहले ही ब्रह्मलीन हो चुके थे, सारा राष्ट्र इस बात को जानता है कि वे कैसे संत थे। उनके प्रति जन-सामान्य की कैसी आस्था और श्रद्धा थी। मैं याद दिलाना चाहूंगा कि इस देश के प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेन्द्र प्रसाद जी ने 1954 में कुंभ मेले में जाकर सार्वजनिक रूप से बैठकर देवराह बाबा की पूजा की थी, अर्चना की थी। साथ में पूर्व प्रधान मंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री, उत्तर प्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल श्री के.आर. मुंशी और मुख्य मंत्री डा. सम्पूर्णानंद एवं चंद्रभान गुप्त भी उपस्थित थे। 1948 में राजश्री पुरुषोत्तम दास टंडन भी उनके दर्शन करने के लिए वहां गए थे और उनके बारे में टंडन जी का क्या कमैंट था, मैं समयाभाव के कारण उसका उल्लेख नहीं करूंगा। 1911 में किंग जार्ज पंचम देवराह बाबा का दर्शन करने गए थे। हमारे देश की प्रधान मंत्री रहीं श्रीमती इंदिरा गांधी भी कई बार देवराह बाबा के दर्शन करने गईं। वे वर्ष 1977 में पराजित होने के बाद भी उनके दर्शन करने गयी थीं। हमारे पूर्व प्रधान मंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी भी 6 नवम्बर, 1989 को चुनाव से पूर्व पूज्य देवराह बाबा का दर्शन करने गये थे। उनके साथ नारायण दत्त तिवारी और उस समय के गृह मंत्री श्री बूटा सिंह जी भी थे। उस समय स्वर्गीय राजीव गांधी जी की देवराह बाबा के साथ 40 मिनट तक बात हुई थी। मैं सरकार से जानना चाहता हूं कि 40 मिनट तक राजीव गांधी जी की देवराह बाबा से क्या बात हुई, इसका खुलासा किया जाना चाहिए। समाचार-पत्रों में देवराह बाबा और स्वर्गीय बाबा के सारे फोटोग्राफ्स और उस समय की सारी खबरें आज भी हमें पढ़ने को मिल जायेंगी।

मैं यह बतलाना चाहता हूं कि मेरी जानकारी के अनुसार 1989 में जो शिलान्यास हुआ, उस शिलान्यास से पहले स्वर्गीय राजीव गांधी जी देवराह बाबा से बात करने के लिए गये थे। उसके बाद उस समय के चीफ जस्टिस श्री रंगनाथ मिश्र भी अपने दो सीटिंग जजों को लेकर देवराह बाबा से मिलने गये थे। ऐसे संत को षडयंत्रकारी सिद्ध करने का प्रयास किया जाये, तो मैं इस बारे में क्या कहूं? ...(व्यवधान)

यह निर्लज्जता नहीं है, धृष्टता नहीं है, तो इसे और क्या कहा जाये? ...(व्यवधान) इससे बेहद पीड़ा हुई है। इस रिपोर्ट में देवराह बाबा के बारे में जो भी कमेंट किया गया है, उससे हिन्दुस्तान का पूरा संत समाज आक्रोशित हुआ है। ...(व्यवधान) यह एक प्रकार से साम्प्रदायिक तनाव पैदा करने की कोशिश नहीं है, तो इसे और क्या कहा जाये? ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : राजनाथ सिंह जी, अब आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

श्री राजनाथ सिंह : अध्यक्ष महोदया, देवराह बाबा के बारे में बोलते समय मेरी आंखों में भी आंसू आ जाते हैं, लेकिन देवराह बाबा के बारे में हमें इस प्रकार की टिप्पणी पढ़ने को मिली है। हमारे ही जज्बात और हमारी ही भावनाएं आहत नहीं हुई हैं, बल्कि करोड़ों लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप बैठ जाइये।

...(व्यवधान)

श्री राजनाथ सिंह : अध्यक्ष महोदया, सोमनाथ का मामला भी था। यह दूसरा मामला है, जो हल हो गया है। गुजरात में सरदार वल्लभभाई पटेल जी गृह मंत्री थे, लेकिन उत्तर प्रदेश से ही हमारे स्वर्गीय पंडित जवाहर लाल नेहरू जो बहुत ही सम्मानित नेता थे और जिनके प्रति आज भी हम लोगों का सम्मान है, उनके रहते हुए भी यह विवाद हल नहीं हो पाया। निश्चित रूप से यह हम सबके लिए चिन्ता का विषय है।

मैडम, यहां पर मैं लिब्रहान कमीशन की रिपोर्ट के आधार पर जिक्र करना चाहूंगा। प्रधान मंत्री श्री नरसिंह राव ने 6 दिसम्बर, 1992 को रात नौ बजे दूरदर्शन पर यह कहा था कि वे बाबरी मस्जिद को पुनः उसी स्थल पर बनायेंगे। क्या लिब्रहान कमीशन को इस बात का उल्लेख नहीं करना चाहिए था, इस स्टेटमैंट का उस समय क्या प्रभाव पड़ा होगा? क्या इससे साम्प्रदायिक सौहार्द पैदा हुआ होगा या साम्प्रदायिक विद्वेष पैदा हुआ होगा? शायद नरसिंह राव जी को इस बात की जानकारी नहीं थी। उस समय पूरी कांग्रेस पार्टी की सरकार थी। क्या कांग्रेस के लोगों को, पूरे मंत्रिमंडल को इस बात की जानकारी नहीं थी कि गैर मुस्लिम को मस्जिद बनाने का हक नहीं है। कुरान में यह लिखा है, लेकिन फिर भी उन्होंने यह वायदा कर दिया। जहां तक वायदे की बात है, तो कल्याण सिंह जी के बारे में कहा जाता है कि इन्होंने भी वायदा किया था, ऐफिडेविट दिया था कि हम वह ढांचा नहीं गिरने देंगे। ...(व्यवधान) आप कल्याण सिंह के वायदे की क्या बात करते हैं? ...(व्यवधान) मैं याद दिलाना चाहता हूं। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप बैठ जाइये। राजनाथ सिंह जी, अब आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

...(व्यवधान)

श्री राजनाथ सिंह : अध्यक्ष महोदया, मैं यह अनुरोध करना चाहता हूं कि जहां तक इस सरकार का प्रश्न है, इस सरकार की विचारधारा है और जिस पार्टी से यह जुड़ी हुई है, उसका एक उदाहरण देना चाहता हूं। अखिल भारतीय कांग्रेस का अधिवेशन संभवतः लाहौर में 1945 में हुआ था। उस समय कांग्रेस का एक संकल्प था कि हम किसी भी

सूरत में इस देश को विभाजित नहीं होने देंगे और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भी देशवासियों को यही वचन दिया था कि चाहे कुछ भी हो जाये, भारत और

पाकिस्तान का विभाजन होगा, तो हमारी लाशों पर होगा। उन्होंने यह वचन दिया था, लेकिन जिस पार्टी की यह सरकार है, यह पार्टी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के वचन को भी नहीं निभा पायी और अंततोगत्वा भारत का मजहब के आधार पर बंटवारा हो गया। ...(व्यवधान) महोदया, मैं जनाक्रोश की इंटेसिटी के बारे में कहना चाहता हूं।

16.00 hrs.

अध्यक्ष महोदया : राजनाथ सिंह जी, आपने लगभग एक घण्टे बोल लिया है। आपके अन्य सदस्यों के लिए समय नहीं बचेगा।

श्री राजनाथ सिंह : महोदया, नवंबर, 19[illegible] में बीबीसी ने अपने विश्लेषण में यह बात कही थी कि तुलनात्मक दृष्टि से राम जन्मभूमि आन्दोलन में जनता का पार्टीसिपेशन 1942 के भारत छोड़ो आन्दोलन से कई गुना अधिक था। इस बात को लिब्रहान कमीशन मानने को तैयार नहीं है। मैं कहना चाहता हूं कि राष्ट्रपिता के वचन को यह कांग्रेस पार्टी निभा नहीं पाई, मैं समझता हूं कि उसके कारण जो तकलीफ और वेदना होनी चाहिए, वह इस पार्टी को नहीं हुई, बल्कि अपनी इस नीयत के साथ स्वयं को राष्ट्र के मिलन, ट्रायस्ट विद डेस्टिनी का नायक मानते हैं और हमको दोषी ठहराते हैं ढांचे के गिरने के लिए।

हमारे आदरणीय नेता श्री अटल बिहारी वाजपेयी का नाम गैरकानूनी तरीके से लिब्रहान कमीशन की रिपोर्ट में डाला गया है क्योंकि कमीशन ऑफ इनक्वायरी एक्ट, 1958 के सेक्शन 8बी के प्रॉविजन के तहत किसी व्यक्ति से बिना पूछताछ किए आरोपित नहीं किया जा सकता है। इसी तरह से कई लोगों के नाम इस रिपोर्ट में डाले गए हैं। यह सच्चाई किसी से छिपी नहीं है कि लम्बे समय तक भारत की राजनीति में सम्मान प्राप्त करने वाला अगर कोई नेता है, तो वह श्री अटल बिहारी वाजपेयी हैं। इस सच्चाई को कोई नकार नहीं सकता है। ऐसे व्यक्ति पर टिप्पणी करते हुए इनको रंचमात्र भी संकोच नहीं हुआ। जिस अटल बिहारी वाजपेयी को पंडित जवाहर लाल नेहरू ने भविष्य की ज्योति कहा हो, नरसिम्हा राव जी ने अपना राजनीतिक गुरू कहा हो, वह अटल बिहारी वाजपेयी लिब्रहान कमीशन को एक श्यूडो-सेकुलर और षडयंत्रकारी दिखाई दे रहे हैं? क्या ऐसी सोच रखने वाला व्यक्ति रूग्ण मानसिकता का नहीं कहा जाएगा? यदि यह नहीं कहा जाएगा तो क्या कहा जाएगा?

महोदया, 10 दिसंबर,1992 को आरएसएस और वीएचपी पर प्रतिबंध लगाया गया और ट्रिब्यूनल में कहा गया: "It is pertinent to mention that PW-7, उस समय के ज्वाइंट डायरेक्टर, आईबी थे, जो गवर्नमेंट के व्यु को रिप्रेजेंट कर रहे थे, he has categorically admitted that there was no material evidence to show that these organizations, RSS, BJP, had pre-planned the destruction of the disputed structure." यह ऑब्जर्वेशन नहीं है बल्कि एक जुडिशियल वर्डिक्ट है, इसकी अवहेलना करते हुए कमीशन ने सीधे

कह दिया कि कांसपिरेसी में यदि किसी का हाथ है, तो इन लोगों का है। 17 वर्ष बाद इनको यह इलहाम हुआ है। पायनियर की भी एक रिपोर्ट का यहां पर उल्लेख करना चाहूंगा। उस समय के गृहमंत्री शंकर राव चव्हाण जी थे। I quote *The Pioneer*, 3rd January 1993:

> "The Union Home Minister S.B. Chavan sprang s surprise on Friday when he stated that demolition was not pre-planned. He said, intelligence agencies have not given any linking of what was to happen on 6th December, 92. When asked by journalists that P.V. Narasimha Rao said it was planned, he reacted sharply and said that the Prime Minister has actually expressed only apprehension."

अपने प्राइम मिनिस्टर को होम मिनिस्टर ही इस प्रकार से कंट्राडिक्ट कर रहा है।

उस समय आक्रोशित कारसेवकों की मनोदशा की मैं यहां पर चर्चा करना चाहूंगा। इसलिए चर्चा करना चाहूंगा क्योंकि लिब्रहान कमीशन ने अपनी रिपोर्ट के पेज 253 के पैरा 44.12 पर लिखा है "Some defiant *Karsevaks* pushed Shri L. K. Advani, Murli Manohar Joshi and Vinay Katiyar and captured the platform of *Karseva*, and they were finally taken out by *Swayamsevak* of RSS." साफ-साफ लिखा है कि आडवाणी जी बार-बार अपील कर रहे थे। उसके बाद भी वहां पर जो आक्रोशित लोग थे, उन्होंने इनको ठेल कर वहां से हटा दिया, उसके बाद भी इनको इलहाम हो रहा है। उसके बाद इन्हें इलम हो रहा है कि आडवाणी जी, अटल बिहारी वाजपेयी जी और विनय कटियार का इसमें हाथ है। ...(व्यवधान) मैं आपके माध्यम से, सरकार से अपील करना चाहता हूं कि साम्प्रदायिक सौहार्द्र होना चाहिए, यह भारतीय जनता पार्टी भी चाहती है। लेकिन मैजोरिटी और माइनोरिटी के नाम पर यदि आप किसी को अपीज करने की कोशिश करेंगे तो इससे साम्प्रदायिक सौहार्द्र पैदा नहीं होता है वरन् इससे साम्प्रदायिक द्वेष पैदा होता है। हम एक सिंद्धांत में विश्वास करते हैं कि "justice to all and appeasement of none" और इतिहास से हमें सबक लेना चाहिए कि कैसे 1947 में मजहब के नाम पर भारत-माता के दो टुकड़े हो गये। इसलिए फिर से वे स्थितियां पैदा न हों, यह सबक लेने की आवश्यकता है। ...(व्यवधान) मैं इस रिपोर्ट के बारे में कहना चाहूंगा कि The Report is totally baseless, biased, prejudiced and meticulously designed to target some persons, some political parties and some organizations. लगता है कि आज तक हम अपनी कोलोनियल माइंड सेट की विरासत में जी रहे हैं। ढांचे के विध्वंस का कारण दशकों की गतिविधि में नहीं, घंटों की गतिविधियों में तलाशने की कोशिश की गयी है। जैसे कोई रैवेन्यू केस होता है वैसे ही इस सरकार के द्वारा इस मामले को सुलझाने की कोशिश की जा रही है। कभी राम के ऊपर बैन कर दिया जाता है, और रामसेतू के बारे में जो कुछ कहा गया कि नल-नील इंजीनियर कहां थे बताओं? स्वभाविक रूप से इससे आक्रोश पैदा होता है। मैं यह कहना चाहता हूं कि सेक्युलरिस्ट शब्द से भी भ्रम पैदा होता है। मेरी पूरी बात सुन लीजिएगा, तब रिएक्ट कीजिएगा। सेक्युलर शब्द से एक बहुत बड़ा भ्रम पैदा होता है, जब हम धर्म को सेक्युलरिज्म के खिलाफ मान लेते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। व्यक्ति

सेक्युलर भी हो सकता है, अपने धर्म को मानने वाला भी हो सकता है और सेक्युलरिज्म के अर्थ में धर्म-निरपेक्ष शब्द का प्रयोग प्रतिबंधित किया जाना चाहिए क्योंकि जो हमारे संविधान का हिंदी ट्रांसलेशन है उसमें सेक्युलरिज्म का अर्थ पंथ-निरपेक्ष लिखा हुआ है और सेक्युलरिज्म को पंथ-निरपेक्ष कहा जाना चाहिए। धर्म-निरपेक्ष पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए ताकि राष्ट्र-धर्म और किसी मत या संप्रदाय का अंतर पूरी तरह साफ हो सके।

संसद में इस बात पर बहस होनी चाहिए कि हिंदुत्व शब्द कैसे साम्प्रदायिक हो गया, जबकि सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा है । इस पर बहस होनी चाहिए। भारत के संविधान के 10-12 चित्रों का उल्लेख भगवान राम, लक्ष्मण, सीता सबके चित्र मिलेंगे। महात्मा गांधी, मीरा जी, कबीर दास, संत रैदास सबने राम की स्तुति गायी है और अल्लामा इकबाल ने कहा है कि " हे राम तेरे वजूद पर हिंदुस्तां को नाज, अहले नजर समझती है उनको इमामे हिंद" । ...(व्यवधान)

मैडम, बाबर की कब्र अफगानिस्तान में है और वहां उसे कोई श्रद्धा प्राप्त नहीं है क्योंकि वे कहते हैं कि यह तो समरकंद के थे। मैं जैनेटिक इंजीनियरिंग के रिसर्च की बात कहना चाहूंगा। पहले यह कहा जाता था कि आर्य बाहर से आये, यह सिद्धांत पूरी तरह से फैल हो गया। अब जैनेटिक इंजीनियरिंग का ही यह दावा है कि जितने भी भारतीय हैं वे एक ही जैनेटिक पूल के हैं। चाहे वे हिंदू हों या मुसलमान हों, सब एक ही जैनेटिक पूल हैं। ...(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: I think, you should conclude your speech now. Please conclude now.

श्री राजनाथ सिंह : बाबर का जन्म-स्थान समरकंद है जो सेट्रल एशिया में आता है और सेंट्रल एशिया का जैनेटिक मूल यहां के जैनेटिक पूल से अलग है। हम लोगों के नायक भगवान राम, कृष्ण, बुद्ध, गुरुनानक देव जी और गुरु तेगबहादुर जी, ऐसे सारे लोग हो सकते हैं। बाबर नहीं ।

महोदया, हमें भारत में भारतीयता के खिलाफ खड़े नहीं होना चाहिए और मैं यह भी कहना चाहता हूं कि मैंने धर्म की बात कही है। आपकी कुर्सी पर "धर्मचक्र परिवर्तनाय" लिखा है। सुप्रीम कोर्ट के सिम्बल में भी "यतो धर्मः ततो जयः" लिखा है। राष्ट्रीय चिह्न अशोक पर भी "सत्यमेव जयते" लिखा है। राष्ट्रीय झंडे पर जो अशोक चक्र बना है, वह अशोक के अभिलेखों में धम्म चक्र है। भारतीय राज व्यवस्था के सारे संकेत 1947 के बाद के नहीं, बल्कि उस सनातन राष्ट्र को अभिव्यक्त करते हैं। जिसने सारे राष्ट्र को ज्ञान, विज्ञान और अध्यात्म की एक नई दृष्टि देने का काम किया है।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप अपना भाषण समाप्त कीजिए।

...(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: Mr. Aaron Rashid, please sit down.

... (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Rajnathji, do not address anyone else. You please conclude, now.

श्री राजनाथ सिंह : मैं अंत में आपके माध्यम से अनुरोध करना चाहता हूं कि विश्व की सर्वश्रेष्ठतम सभ्यता के उत्तराधिकारी के रूप में हम सभी एक आम सहमति बनाएं, सांस्कृतिक गौरव और साम्प्रदायिक संघर्ष को अलग रखते हुए आत्मसम्मान से युक्त गौरवशाली राष्ट्र का मार्ग प्रशस्त करें। यह केवल धार्मिक न्याय नहीं होगा, यह राष्ट्रीय न्याय होगा।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : अब आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

...(व्यवधान)

श्री राजनाथ सिंह : महोदया, मैं अपनी बात समाप्त करने जा रहा हूं।...(व्यवधान) महोदया, हमने श्रेष्ठतम सभ्यता की बात कही है, मैं मिस्र के संविधान की पहली लाइन का उल्लेख करना चाहूंगा,

Egyptian Constitution begins with this sentence: "We the people of Egypt who have been toiling on this great land since the dawn of history and the beginning of civilisation."

ऐसी ही हमारी श्रेष्ठतम सभ्यता है । इस सभ्यता को हमें समझने की जरूरत है और इसी के आधार पर आम सहमति बना कर एक गौरवशाली राष्ट्र का निर्माण हम सभी को प्रशस्त करना है। राम जन्म भूमि पर भव्य मंदिर का निर्माण धार्मिक और सांस्कृतिक न्याय नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय न्याय है। एनडीए की सरकार रहते हुए हम राष्ट्रीय न्याय नहीं दिला पाए, लेकिन हम लोगों ने पूरी तरह से प्रयत्न किया था कि मध्यस्थता से समस्या का समाधान निकले।...(व्यवधान) लेकिन इन प्रयत्नों के बावजूद यह संभव नहीं हो सका ।

अध्यक्ष महोदया : आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

...(व्यवधान)

श्री राजनाथ सिंह : इसकी हम सभी को पीड़ा है और राम जन्म भूमि पर मंदिर निर्माण के प्रति हम लोग पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। मैं अपने इस कमिटमेंट को फिर से दोहराना चाहता हूं।

श्री मुलायम सिंह यादव (मैनपुरी): महोदया, लिब्राहन कमीशन आयोग पर यह महत्वपूर्ण चर्चा हो रही है। भारतीय जनता पार्टी के नेता ने इशारा भी किया है कि गोली क्यों चली। जहां तक लिब्राहन कमीशन का सवाल है, मैं इतना कह सकता हूं कि मैं भारतीय जनता पार्टी से सहमत नहीं हूं। मैं यह भी कहना चाहता हूं कि लिब्राहन कमीशन की रिपोर्ट सम्पूर्ण नहीं है। अगर यह रिपोर्ट अधूरी नहीं होती, तो भारतीय जनता पार्टी के माननीय नेता राजनाथ सिंह जी इतनी जोर से आवाज नहीं उठा सकते थे। मैं स्वीकार करता हूं कि लिब्राहन कमीशन की रिपोर्ट सम्पूर्ण नहीं है, अधूरी है तथा बहुत महत्वपूर्ण तथ्यों को छिपाया गया है। इसके पीछे मैं कारण बता सकता हूं। माननीय अटल जी का नाम लिया गया। अटल बिहारी वाजपेयी जी का सारा देश सम्मान करता है और मैं भी सम्मान करता हूं। जब पांच दिसम्बर को सभा हुई और अटल जी ने सदन के अंदर धरना दिया। यहां धरना देने के बाद भारतीय जनता पार्टी के दफ्तर पर धरना दिया। मैं पूछना चाहता हूं कि उनके अनशन को तुड़वाने के लिए कौन गया था? आखिर कौन उनके अनशन को तुड़वाने के लिए गया था? असली बात जड़ में यह हैकि उनके अनशन को तुड़वाने के लिए उस समय के गृह मंत्री शंकर राव चव्हाण गये थे जिनके बेटे महाराष्ट्र में आज मुख्य मंत्री भी हैं। आखिर क्यों मनाने गये थे? क्या बात हुई थी? उनकी कौन सी बात मानी गई जिससे अनशन तोड़ा गया था?इसलिए मेरा आरोप है कि भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस सरकार की उस समय मिलीभगत थी और उस मिलीभगत के कारण ही यह मस्जिद गिरी। मैं आपके सामने प्रमाण भी देना चाहता हूं और जब कोई जवाब देगा तो इसका जवाब जरूर देगा कि उस समय के गृह मंत्री शंकर राव चव्हाण साहब और अटल जी की क्या बातचीत हुई? उनके कहने पर कैसे अनशन तोड़ा गया? उनकी कौन सी बात मानी गई थी? यह आज पूरा देश जानना चाहता है।

16.16 hrs. (Shri P.C. Chacko *in the Chair*)

यहां तक कि मैं आज कहना चाहता हूं कि कांग्रेस कम जिम्मेदार नहीं है। मैं कहता हूं और इसलिए कहता हूं कि एक आईएएस अफसर जो माननीय नरसिंह राव जी के कैबिनेट सचिव थे और उन्हीं के समय में मस्जिद गिरी और उसके बाद झारखंड का राज्यपाल अटलबिहारी वाजपेयी जी ने नियुक्त किया। यह क्या मामला है? हम क्या बोलें? इधर भी दोषी, उधर भी दोषी और सजा मुझे मिली।...(व्यवधान) सजा मुझे मिली कि मस्जिद बचाने के बाद समाजवादी पार्टी बुरी तरह हारी । हमारा और माननीय आडवाणी जी का राष्ट्रीय एकता परिषद में टकराव हुआ कि मुलायम सिंह, आप सत्ता में कभी नहीं आ सकते हैं। लेकिन माननीय आडवाणी साहब, वह आपकी ज्योतिष थी या क्या थी, वह गलत साबित हो गई। इसके बाद तीन बार हम मुख्य मंत्री बन गये और रक्षा मंत्री भी बन गये । जो आपने अनैक्सी में राष्ट्रीय एकता परिषद की बैठक की थी, मैंने कहा था कि जब तक माननीय कल्याण सिंह जी की सरकार को बर्खास्त नहीं किया जाएगा, तब तक मस्जिद की हिफ़ाजत नहीं हो सकती, मस्जिद नहीं बचेगी, यह मैंने कहा था। माननीय कल्याण सिंह जी बैठे हैं। मैंने राष्ट्रीय एकता परिषद में बर्खास्त करने की मांग की थी और इसी के उत्तर में आपने कहा था कि इस मंच का सबसे ज्यादा लाभ मुलायम सिंह ने उठाया है और अब आप कभी सत्ता में नहीं आ सकते हैं। यह चुनौती भी मुझे दी गई थी। लेकिन सत्ता में हम आ गये। यहीं नहीं, मैं कहना चाहता हूं

कि अब आगे देखिए कि जिम्मेदार कौन है? आज अच्छा होता कि हम और आप मिलकर इन पर राजनैतिक हमला करते और आज मेरी मुश्किल यह है कि हमें तो दोनों ने परेशान किया। अयोध्या में जब मस्जिद गिरी थी तो विश्व हिन्दू परिषद, बीजेपी, शिव सेना ये सब के सब इकट्ठे थे और बीजेपी, वीएचपी से लेकर शिवसेना तक उसमें शामिल थे। इसलिए यह रिपोर्ट अधूरी है। उनको जिम्मेदार क्यों नहीं ठहराया गया? फिर हम पर तो आरोप लगा देते हैं। माननीय कल्याण सिंह जी सदन में उपस्थित हैं। उन्होंने सच कहा था कि न हम पार्टी में शामिल हो रहे हैं, नयी पार्टी बनाएंगे लेकिन किसानों के हित में, गरीबों के हित में अगर बात होगी तो हम समाजवादी पार्टी के मुद्दे का समर्थन करेंगे। लेकिन यदि हम नाम लेंगे तो आप बुरा मान जाएंगे। क्या ...* उसमें शामिल नहीं थे? फिर आपने मंत्री तक बना दिया। क्या ...* इसमें शामिल नहीं थे? क्या ...* इसमें शामिल नहीं थे? क्या ...* इसमें शामिल नहीं थे? यह मैं पूछना चाहता हूं। ये सब गए? ये सब गए थे? एक बार गिरफ्तार किया गया था। मैंने कई लोगों को गिरफ्तार करके बाराबंकी, गन्ना गैस्ट हाउस में बंद किया था। यह मस्जिद नहीं टूटी, मैं कह सकता हूं कि देश की एकता टूटी है, भावना टूटी है। मुसलमान और हिंदुओं के बीच एक हजार साल से कोई अविश्वास नहीं था। लेकिन आज मैं कह सकता हूं कि आज एक-दूसरे पर उतना विश्वास नहीं है जो आज से 20 साल पहले था, 25 साल पहले था। यह अविश्वास देश के लिए खतरनाक है क्योंकि एक-दूसरे पर पूरा विश्वास नहीं रहा है। माननीय राजनाथ सिंह जी, इस विश्वास को कायम रखने के लिए ही हमारी पुलिस को गोली चलानी पड़ी। हिन्दुस्तान और पाकिस्तान का बंटवारा कट्टरवादियों ने कर दिया, वे चाहे मुस्लिम लीग के हों या कोई और हों। उन कट्टरवादियों का मनोबल तोड़ने के लिए हमारी सरकार की पुलिस को गोली चलानी पड़ी। 16 जानें गई। मैं पूछना चाहता हूं कि मस्जिद गिरने के बाद कितनी जानें गई? बम्बई में कितनी जानें गई? क्या बम्बई में यही प्रतिक्रिया नहीं था? पूरे देश के आंकड़े सरकार के पास हैं, चाहे गृह मंत्री या कोई मंत्री जवाब दे, वे बताएं। मस्जिद की हिफाजत में 16 लोगों की जानें गई। लेकिन मस्जिद गिरने पर कितनी जानें गई? इसकी रिपोर्ट आनी चाहिए कि कितनी जानें गई और किनकी जानें गई?

महोदय, अब आपको आश्चर्य है कि जब मस्जिद गिर रही थी तब दोनों किस तरह मिले हुए थे, भारतीय जनता पार्टी की सरकार में डीजीपी विलासमणि त्रिपाठी और प्रकाशमणि त्रिपाठी में भाई-भाई के संबंध हैं, दो बार सांसद भारतीय जनता पार्टी से रहे और इसके बाद देवरिया से सांसद हुए। ...(व्यवधान) वे भी शामिल हैं। अब जगदम्बिका पाल कहें कि उनको मालूम नहीं था। कैसे नहीं मालूम था? क्यों नहीं मालूम था? उनको मालूम था, पूरे देश को मालूम था। अगर प्रधानमंत्री जी को नहीं मालूम था तो गिरफ्तारियां क्यों की? अटल जी को गिरफ्तार क्यों किया? अगर अटल जी निर्दोष हैं तो मुझे उन्हें गिरफ्तार क्यों करना पड़ा? अटल जी शामिल थे। अटल जी मीटिंग में शामिल थे। कौन सी मीटिंग थी जिसमें शामिल नहीं हुए? उन्होंने घर पर, अपने पार्टी ऑफिस में धरना दिया,

---

* Expunged as ordered by the Chair.

अनशन किया। अनशन तुड़वाया गया। ये कैसे कह सकते हैं कि माननीय अटल जी दोषी नहीं हैं? माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने देश की भावनाओं को भड़काया है। वे बड़े नेता हैं। मैं मानता हूं और स्वीकार करता हूं। यह कैसे कह सकते हैं कि अटल जी निर्दोष हैं? माननीय आडवाणी जी भी कह गए। यह सही है कि वे अस्वस्थ हैं, मैं कामना करता हूं कि वे जल्दी स्वस्थ हों और देश की राजनीति में बहुत जल्दी सक्रिय हों।

महोदय, जहां तक अयोध्या का सवाल है, माननीय अटल बिहारी वाजपेयी ही दोषी थे। अगर वे दोषी नहीं थे तो मुझे गिरफ्तार क्यों करना पड़ा? महारानी सिंधिया जी को गिरफ्तार क्यों करना पड़ा? मुझे माननीय कल्याण सिंह जी को गिरफ्तार क्यों करना पड़ा? अगर ये कार्यवाही की गई होती तो मैं आपको बताना चाहता हूं कि मस्जिद बच जाती और मस्जिद बच जाती तो देश की सद्भावना कायम रहती। लेकिन उस समय माननीय नरसिम्हा राव जी से मैंने कहा कि अगर मस्जिद बचाना चाहते हो तो माननीय कल्याण सिंह जी की सरकार बर्खास्त करो। यह बात राष्ट्रीय एकता परिषद् की बैठक में कही, समाजवादी पार्टी कोई अकेला दल नहीं था और कोई गलत भाषण नहीं दिया। राष्ट्रीय एकता परिषद में भाषण दिया कि माननीय कल्याण सिंह की सरकार को बर्खास्त करो और अगर बर्खास्त नहीं कर सकते तो सीधे साउथ एवेन्यू जाओ, किसी का भाषण मत सुनो। आप सीधे साउथ एवेन्यू जाओ और इनकी सरकार बर्खास्त करो। यहां इस सरकार में उस समय के मंत्री हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि दो या तीन दिन पहले जो भी हो, उस समय माननीय अर्जुन सिंह जी एक महत्वपूर्ण मंत्री थे। वह मुख्यमंत्री, श्री कल्याण सिंह जी से लखनऊ निवास पर मिले थे, उनकी क्या बातचीत हुई। उसके तीन-चार दिन बाद झगड़ा ही शुरू हो गया। वह बतायें, उन्हें बताना चाहिए। जब लिब्रहान कमीशन की रिपोर्ट आई तो उन्होंने इसे जो अधूरी कहा है, उससे मैं सहमत हूं। यह रिपोर्ट अधूरी है। इसमें तथ्य छिपाये गये और तथ्य छिपाने का कारण माननीय नरसिम्हाराव जी हैं। आज वह दुनिया में नहीं हैं। इसलिए मैं ज्यादा नहीं कह सकता हूं। लेकिन उनकी से तथ्य क्यों छिपाये गये? माननीय अर्जुन सिंह को किसने भेजा था? वह उनकी सरकार के महत्वपूर्ण मंत्री थे। वह माननीय कल्याण सिंह जी से मिले थे और कल्याण सिंह जी से मिलकर कहा कि कोई मस्जिद नहीं गिरेगी। परंतु फिर मस्जिद क्यों गिरी? उन्होंने कहा कि देश में ऐसा कोई विवाद खड़ा नहीं होगा।

इसलिए सभापति महोदय, मैं कहना चाहता हूं कि माननीय जगदम्बिका पाल कहते हैं कि उन्हें मालूम नहीं था, उन्हें कैसे मालूम नहीं था। आपने किस आधार पर कह दिया कि मालूम नहीं था।...(व्यवधान) आपने कैसे कह दिया कि मालूम नहीं था। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Please do not interrupt. Shri Jagadambika Pal, please do not interrupt. Please take your seat.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : You cannot interrupt like this. Please take your seat.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : It cannot go on like this. Will you please take your seat?

… (*Interruptions*)

श्री मुलायम सिंह यादव : आप बहुत गलत तथ्य बोल रहे थे, तब क्या मैं खड़ा हुआ था।

SHRI SANJAY NIRUPAM (MUMBAI NORTH): Sir, the hon. Member has taken his name. That is why he is interrupting. … (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : It cannot go on like this.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : Shri Mulayam Singhji, just one minute.

… (*Interruptions*)

MR.CHAIRMAN : Since your name is being referred to, you will be given a chance; but not like this. Without the permission of the Chair, please do not stand up and speak.

श्री मुलायम सिंह यादव : सभापति जी, आपको धन्यवाद। आप इन्हें शांत करिये। जब तक यह बोलते रहे, मैं बिल्कुल नहीं बोला, जबकि यह गलत तथ्य पेश कर रहे थे।

महोदय, देश में चाहे बेरोजगारी की समस्या हो, किसानों की समस्या हो, सीमा की समस्या हो, चाहे मंदिर, मस्जिद की समस्या हो, इसके जिम्मेदार कौन हैं? तब बीजेपी तो कहीं नहीं थी। बीजेपी 1949 के बाद बनी। अब 1949 में बनी या 1950 में बनी, मैं नहीं कह सकता हूं। लेकिन मेरा कहना है कि तब बीजेपी की सरकार नहीं बनी थी। फिर ये उस समय के लिए कैसे जिम्मेदार हो सकते हैं। बाद में पूरी तरह जिम्मेदार हैं, पूरे अपराधी हैं। यह मैं कह सकता हूं। देश के अंदर भेदभाव पैदा किया गया है, देश की एकता के लिए खतरा पैदा किया है तो वह बीजेपी ने किया है। इन्हें गलती करने देते, लेकिन आपने भी गलती कर डाली। अब देश में बेरोजगारी किसने पैदा की। आपको देश में 50-60 साल राज करते हो गये। किसानों की समस्या किसने पैदा की। आप दिल्ली में बैठकर पचासों सालों से राज कर रहे हैं। आपने उत्तर प्रदेश में भी बहुत राज किया, पूरे देश में राज किया। यदि इस देश में बेरोजगारी की समस्या है तो माननीय जगदम्बिका पाल जी वह कांग्रेस की नीतियों के कारण है। यदि देश में किसानों की समस्या है तो वह कांग्रेस की नीतियों के कारण है। दुनिया में जितने देश हैं, जिन्होंने किसानों के विकास को प्राथमिकता दी है, वही देश सम्पन्न हैं और वही देश आज मालदार हैं। लेकिन जिन्होंने किसानों की उपेक्षा की है, चाहे वह हिंदुस्तान हो, बंग्लादेश हो या पाकिस्तान हो, इनके लिए मैं कह सकता हूं। मैं लिब्रहान कमीशन से हटकर नहीं बोलना चाहता। लेकिन जितने भी देशों ने किसानों की उपेक्षा की है, वही देश गरीब हैं और उन्हीं देशों में बेरोजगारी है। आज भी हिंदुस्तान के अंदर किसान ही रोजगार दे रहे हैं। कम से कम 66 परसैन्ट रोजगार किसान दे रहे हैं।

सभापति महोदय : आपका बहुत लिमिटेड टाइम है। आप लिब्रहान कमीशन के बारे में बोलिये।

श्री मुलायम सिंह यादव : मैं उसी पर बोल रहा हूं।

MR. CHAIRMAN : Shri Mulayam Singhji, you have very little time left. Only two minutes are left.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : I am only suggesting. Please do not deviate from the Report.

श्री मुलायम सिंह यादव : सभापति जी, आपने शायद भाषण सुना होगा, किसान, बेरोजगारी...(व्यवधान) जहां तक भारत माता के बारे में सवाल है, वह इस सदन में नहीं कहा। आज हमारी पार्टी में भले ही आजम खां न हो। उन्होंने यह कहा कि एक मां अपने दो बेटों के साथ कभी भेदभाव नहीं कर सकती है, यह काम तो कोई डायन ही कर सकती है। उन्होंने यह कहा है और उसके बाद खंडन किया है। क्या खंडन किया है, वह मैं आपको दिखा दूंगा। अगर मुझे पता होता कि आप यह सवाल उठाएंगे तो मैं वह आपको दिखा देता। उन्होंने लिखित में खंडन किया और हमारी और उनकी बातचीत हुई। उन्होंने ऐसा नहीं कहा है। उन्होंने कहा कि जो भारत मां है, उसकी दृष्टि में कोई भेदभाव नहीं है कि कोई हिंदू है, मुसलमान है, सिख है, ईसाई है या पारसी है। उन्होंने ऐसा कुछ नहीं कहा है। जहां तक मस्जिद बचाने का सवाल है या गोली चलने का सवाल है। उसमें 16 जानें गयीं, बड़ी चिंता व्यक्त की। मैं दोहराना चाहता हूं कि क्या ये हिंसा करने नहीं गये थे? माननीय राजनाथ सिंह जी को पता होना चाहिए, अब तो ये पार्टी के बड़े नेता हैं, पार्टी के प्रेसीडेंट भी हैं, कि केन्द्रीय सुरक्षा बलों को कब गोली चलानी पड़ी? उन पर ही हमला कर दिया, उनके टेंट जला दिये, उनके पहरेदार की हत्या कर दी। हिंसा करने कौन गया था, वहां केन्द्रीय सुरक्षा बलों के टेंट में जो पहरा देने वाला व्यक्ति था, उसकी हत्या कर दी गयी, उसे मार दिया गया, आग लगा दी गयी। जब ये इतनी बड़ी हिंसा करेंगे, सुरक्षा बलों के एक व्यक्ति को मार देंगे तो क्या उन्हें बचाया नहीं जाएगा? उन्हें बचाने के लिए गोली चली और हमारे समय में जो गोली चली, मुझे फर्क है कि गोली चली। एक व्यक्ति को ऊपर चढ़ा दिया, आपने संकल्प किया था कि मस्जिद गिरायेंगे। हमने लाखों की भीड़ में कहा है कि हम मस्जिद को बचाएंगे, इसीलिए हमारी पुलिस को, सुरक्षा बलों को गोली चलानी पड़ी। ऊपर जो व्यक्ति मस्जिद पर चढ़ा था, उस व्यक्ति पर गोली चली वह वहीं मस्जिद के ऊपर चिपका रह गया। गोली चली, उसमें 16 जानें ही तो गयीं। मैं आप फिर से दोहराना चाहता हूं कि देश की एकता की खातिर, देश बड़ा है, देश के लिए 16 जानों की कोई कीमत नहीं है, देश को एक बनाकर रखने की कीमत है। इसलिए चाहे 100 मारे जाएं, चाहे 30 मारे जाएं, देश एक रहे, यह हमारी दृष्टि और नीति है। आज हम देशद्रोही कहेंगे, धर्मनिरपेक्षता से आप क्या आशय लगाते हैं? धर्मनिरपेक्षता से आशय यह है कि आज हम लोग किसी भी धर्म को मानने के लिए स्वतंत्र हैं। आप किसी धर्म पर हमला कैसे कर सकते हैं? आप मंदिर पर हमला नहीं कर सकते, मस्जिद पर हमला नहीं कर सकते, आप मस्जिद तोड़ने गये। आपने घोषणा करके गये कि हम मस्जिद तोड़ेंगे, हमें मस्जिद बचानी है। शिलान्यास के लिए आप भी जिम्मेदार हो, बुनियाद रखी गयी, आप मेरा बयान पढ़ लीजिए कि मस्जिद गिराने की बुनियाद रखी गयी। शिलान्यास नहीं करना चाहिए था। आज वे

इस दुनिया में नहीं हैं, इसके बारे में हम बात नहीं करेंगे। हमारी और उनकी काफी बातचीत हुई, काफी बैठकें हुईं, हम अकेले में भी बैठे। हम माननीय नरसिम्हा राव जी के भगत के सामने भी बैठे, हमारी बातचीत हुई, लेकिन शिलान्यास करने के लिए क्यों गये, ताला किसने खुलवाया? ताला खुलवाने के बाद उस समय के मुख्यमंत्री पंडित गोविंद बल्लभ पंत जी ने उस समय के प्रधानमंत्री जी को पत्र लिखा। पत्र का जवाब क्या दिया गया, पंत जी से क्या कहा, यह पता होना चाहिए? यह था कि सुरक्षा के लिए यथास्थिति बनाये रखिए। जब मूर्तियां रखवा दी । यदि मूर्तियां नहीं रखी गई होती, तो कोई विवाद नहीं होता । आप कहते रहिए कि मस्जिद नहीं थी, हम कहेंगे मस्जिद थी, मस्जिद नहीं थी तो हमें क्यों गोली चलानी पड़ी, क्यों मस्जिद बचानी पड़ी, अगर मंदिर होता तो हम क्यों गोली चलाते? आप क्या ज्यादा मंदिर मानते हो, आप कहां मंदिर मानते हो, सारा देश जानता है कि मैं हनुमान जी का भक्त हूं। सारा देश जानता है कि मैं हनुमान जी को मानता हूं।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Shri Mulayam Singh Yadav, please conclude in two minutes. Your time is over.

श्री मुलायम सिंह यादव : सभापति महोदय, जय श्री राम बोलने का काम हमने इनको ही दे दिया है। ये ही बोलें। हम जय हिन्दुस्तान कहेंगे, जय भारत माता कहेंगे और जय किसान भी कहेंगे। जय जवान जय किसान का नारा लाल बहादुर शास्त्री ने ऐसे ही नहीं दिया था। ज़रा सा पढ़ना और सीखना कि इसके पीछे क्या बात थी। हम तो लाल बहादुर शास्त्री जी के नारे जय जवान जय किसान का समर्थन करते हैं।

सभापति महोदय, इन्होंने कहा कि भावनाओं को समझें। क्या इन्होंने भावनाओं को समझा था? माननीय राजनाथ सिंह ने भावनाओं को समझा होता तो भावनाओं का आदर करना चाहिए था। धर्मनिरपेक्षता की व्याख्या गलत मत कीजिए। संविधान निर्माताओं से बड़े आप नहीं हैं, भले ही वहाँ पंथ लिखा हो या कुछ भी लिखा हो। जिन्होंने धर्मनिर्पेक्षता शब्द का प्रयोग किया है, उनसे बड़े आप नहीं हैं, हम भी नहीं है। हम तो उनके घुटने तक भी नहीं हैं। ऐसे लोगों ने धर्मनिरपेक्षता की बात कही है। इतना बढ़-चढ़कर मत बोलिये कि धर्मनिर्पेक्षता ही बेकार है। आपके हिसाब से बेकार है क्योंकि आपने धर्मनिरपेक्षता का अर्थ गलत बताया है। आज यह पूरे देश का सर्वोच्च मंच है। यहाँ से धर्मनिरपेक्षता की व्याख्या करना कितना गलत है। धर्मनिरपेक्षता का मतलब है कि किसी भी धर्म में विश्वास कर सकते हो, किसी धर्म को चोट नहीं पहुँचा सकते हो, आपने यह बात मानी है। आपने क्यों इतने मुसलमान भाइयों के दिल को दुखाया? और आप राम को मानने वाले हैं। कभी भी इतने मुसलमान भाइयों का दिल नहीं दुखाना चाहिए और न हिन्दुओं का। आपको पता है कि जब मस्जिद गिरी तो विदेशों में कई जगह क्या मंदिर नहीं गिरे?

MR. CHAIRMAN: Shri Mulayam Singh, please conclude your speech.

… (*Interruptions*)

श्री मुलायम सिंह यादव : यह मैंने पहले ही कहा था कि मस्जिद गिरेगी तो मंदिर भी गिरेंगे। और मस्जिद गिरी। हमें फख्र है कि हमने मस्जिद भी बचाई और मंदिर भी बचाए। हमने हिन्दुओं की जान भी बचाई, मुसलमानों की जान भी बचाई। ...(व्यवधान) वोट लेने का काम बी.जे.पी. और कांग्रेस भी करती हैं। ...(व्यवधान) आप भावनाओं को समझें।

MR. CHAIRMAN: Shri Mulayam Singh, please take your seat. I am calling the name of the next speaker to speak on this issue. Please take your seat.

… (*Interruptions*)

श्री मुलायम सिंह यादव : सभापति महोदय, मैं कहना चाहता हूँ कि देश भावनाओं से नहीं चलता है। देश चलता है कानून और संविधान से। यह लोकतंत्र है। आप भावनाओं के आधार पर गए। आपने उकसाया कि मंदिर बनेगा तो दूसरी भावना भी तो है कि हमारी मस्जिद है। अगर हत्याएँ हुई हैं तो हमने इस देश के संविधान, इस देश के कानून का पालन किया है। हमें फख्र है कि हमने देश और कानून का पालन करते हुए मस्जिद को बचाया। याद रखना कि अगर एक हिन्दू दूसरे धर्म के लोगों की रक्षा के लिए खड़ा हो जाए तो यह विश्वास मुसलमानों में पैदा हो गया कि कम से कम मुलायम सिंह तो खड़ा हुआ। मैंने देश की एकता को बचाया है और आपने देश को विखंडित करने की कोशिश की, पूरा देश तोड़ने की कोशिश की। उसके बाद छः दिसम्बर को मस्जिद गिरी तो कितनी जानें गईं? ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Please take your seat. I am calling the name of the next speaker to speak on this issue. Please take your seat.

… (*Interruptions*)

श्री मुलायम सिंह यादव : सभापति जी, मैं तो अपनी पार्टी का मुख्य वक्ता हूँ, मुझे तो कम से कम थोड़ा अवसर मिलना चाहिए। मस्जिद से जुड़ा हुआ मैं हूँ। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Shri Mulayam Singh, your Party was allotted 19 minutes.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: You are a senior leader, and the Chair is taking all caution.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: You have already taken 26 minutes to speak. Now, you will have to conclude your speech.

… (*Interruptions*)

श्री मुलायम सिंह यादव : मेरा आपसे निवेदन है। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: The entire time of the Party has already been taken by you. Please take your seat. I am calling the name of the next speaker to speak on this issue.

… (*Interruptions*)

श्री मुलायम सिंह यादव : सभापति जी, दस मिनट दे दीजिए। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Shri Mulayam Singh, we cannot go on like this. The time allotted to the Parties is on the basis of the strength of each Party in the House. You have taken much more time than is allotted to your Party. Hence, please take your seat.

… (*Interruptions*)

SHRIMATI JAYAPRADA (RAMPUR): Sir, it is a very important matter. Please allow him to speak for some more time. … (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: No, please take your seat.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: I do not appreciate this kind of an intervention. Please sit down.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Shri Mulayam Singh, you will have to conclude now. You are encroaching into the time of other hon. Members who wish to speak on this issue. आप सीनियर मैम्बर हैं। Why do not you understand it?

… (*Interruptions*)

श्री मुलायम सिंह यादव : मैं आपकी बात मानता हूँ। पाँच मिनट दे दीजिए। सभापति महोदय, मैं आपकी बात मानता हूं।...(व्यवधान)

सभापति महोदय : मुलायम सिंह जी, आप सीनियर मेम्बर हैं।

MR. CHAIRMAN: You should know that other Members' time is being encroached upon.

SHRI MULAYAM SINGH YADAV : Please give me five minutes more.

MR. CHAIRMAN: Please conclude in one minute.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: What is this? Please take your seat. I do not want advice on this. Please take your seat.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Please conclude in one minute. Otherwise, I will call the next Member.

श्री मुलायम सिंह यादव : देश कानून और संविधान से चलता है। जहां तक अली मियां के बारे में कहा, इस तरह गलत जिक्र मत कीजिए। अली मियां से आपके संबंध नहीं थे, लेकिन मेरे उनसे गहरे संबंध थे। उन्हें मैंने कभी दुखी नहीं देखा, पहली बार दुखी देखा।...(व्यवधान) वे कभी भी धर्म के आधार पर इंसान में भेद नहीं करते थे। वे अली

मियां ऐसे थे, जो दुनिया के धार्मिक नेताओं में इस्लाम धर्म के बड़े नेता माने गए हैं। उनके बारे में इतनी हल्की-फुल्की बात रखी है, फ़ातमी जी ने जो कहा, वह उर्दू में लिखा हैं। आपको न जाने किस-किस ने बता दिया, आप न फारसी जानते हो, न अन्य कुछ जानते हो।

सभापति महोदय, अली मियां जैसे लोगों का आदर करना चाहिए। हम कह सकते हैं कि अगर आप इसकी व्याख्या गलत करेंगे और भावनाओं को ठोकर पहुंचाएंगे, आप भावना की बात करते हैं, क्या दोबारा देश बंटवाना चाहते हैं? एक बार तो हिन्दुस्तान और पाकिस्तान बंटा ही है और आप जैसी भावनाओं वाले लोगों ने ही बंटवा दिया। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Please take your seat.

श्री मुलायम सिंह यादव : मुसलमान कभी पीछे नहीं रहा। मुसलमान ने हमेशा देश की सुरक्षा के लिए बढ़-चढ़ कर साथ दिया और आज भी दे रहा है। आज भी मुसलमान के हाथों में 80 फीसदी कारीगरी और दस्तकारी है। आपकी मिसाइल बनाने वाले मुसलमान हैं, सबसे महत्वपूर्ण पद पर राष्ट्रपति कलाम साहब हुए हैं। उन्होंने देश की सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा काम किया है और आपने देश को तोड़ने का काम किया है। अगर सब मिलजुल कर रहेंगे तो हमारे देश के ऊपर कोई हमला नहीं कर सकता है। चीन जो कर रहा है, क्या यह मामूली बात है?...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: The next speaker is Shri Dara Singh Chauhan. Shri Mulayam Singh Ji, please take your seat. Will you please take your seat?

SHRI MULAYAM SINGH YADAV : Please allow me to speak one sentence. ...(व्यवधान) गांधी जी की हत्या किस ने की है, मैं कहना चाहता हूं कि आप देश को बताएं? नयी पीढ़ी भूल जाएगी, गांधी जी की हत्या करने वाले कौन हैं? ये ही हैं, गांधी जी की हत्या करने वाले ऐसे ही लोग हैं और यहां गांधी जी का नाम लेते हैं। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Will you please conclude?

श्री मुलायम सिंह यादव : आपके साथियों ने कहा कि राष्ट्रपिता कभी नहीं कहेंगे। राष्ट्रमाता कौन है, ये सब गांधी जी के बारे में क्या कहना चाहिए ? ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Shri Mulayam Singh Ji, I am repeatedly asking you to please take your seat. You have to conclude now. Please take your seat.

श्री मुलायम सिंह यादव : सभापति महोदय, आपकी आज्ञा का पालन करते हुए मैं अपनी बात समाप्त करता हूं, लेकिन हमारी बात अधूरी रह गई है।

MR. CHAIRMAN: Before Shri Dara Singh Chauhan starts speaking, I want to inform the hon. Members…

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Shri Jagdambika Pal, please take your seat.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Why do you speak like this? Shri Kalyan Singh, please take your seat. The time allotted to Samajwadi Party was 19 minutes, and Shri Mulayam Singh Yadav has taken 28 minutes. Senior Members are given special consideration, but please conclude within the time limit. Otherwise, I will simply call the next Member, and the rest of the references made by you will not go on record.

I want to inform all the hon. Members, before you speak …

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Please take your seat. I want to give one minute to Shri Jagdambika Pal for a personal explanation. Shri Kalyan Singh, you have not given your name to participate in the debate. Please understand this. Now, I am giving one minute to you, Shri Jagdambika Pal, for your personal explanation.

श्री जगदम्बिका पाल : सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। माननीय मुलायम सिंह जी ने दो बार मेरे नाम का उल्लेख किया, इन्होंने दो बार कहा कि जगदम्बिका पाल जी गलत कह रहे हैं कि अटल बिहारी वाजपेयी जी का हाथ नहीं था। शायद उन्होंने सुना नहीं,...(व्यवधान)

श्री मुलायम सिंह यादव : ये गलत कह रहे हैं।...(व्यवधान)

श्री जगदम्बिका पाल : जगदम्बिका पाल को जानकारी नहीं है।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Please say what you want to say in one minute? Only what Shri Jagdambika Pal says will go on record and nothing else will go on record. Please complete your explanation in one minute.

… (*Interruptions*)

श्री जगदम्बिका पाल : सभापति महोदय, मेरा कहना है...(व्यवधान)

मैंने कहा कि 5 दिसम्बर, 1992 को लखनऊ में ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Have you finished Shri Jagdambika Pal ji? I have allowed you only.

श्री जगदम्बिका पाल : अभी फिनिश नहीं किया है। महोदय, 5 दिसम्बर, 1992 को मैंने अपने भाषण में उल्लेख किया कि लखनऊ के अमीनाबाद पार्क में माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने कहा कि वहां कार-सेवक जाएंगे, वे समतलीकरण करेंगे। ...(व्यवधान) मैं देख रहा हूं कि इनके और भाजपा के कहने में अन्तर होगा, लेकिन मेरे ऊपर समाजवादी पार्टी भी हमला कर रही है और भाजपा भी कर रही है। इनमें इस बारे में एक-समानता है। मैने तो नहीं

कहा कि आजम साहब ने कहा कि जो बाबरी मस्जिद के विध्वंस के मुख्य आरोपी कल्याण सिंह के साथ हैं, उन्हें मुसलमानों की नुमाइंदगी से ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Shri Dara Singh Chauhan ji, before you start, I want to tell you that the time allotted to your Party is 19 minutes.

श्री दारा सिंह चौहान (घोसी): सभापति जी, जब मौका मिलेगा, तभी तो बोलेंगे।

सभापति जी, मैं समय के अंदर ही अपनी बात समाप्त कर दूंगा। आज इस विषय पर चर्चा हो रही है। आज कितना दुर्भाग्य है कि आजादी के 63 सालों बाद भी इस देश की संसद में, इस देश की पार्लियामेंट में, इस देश में रहने वाला, गांव के गरीब, मजदूर और किसान की बेहतरी और विकास की चर्चा होनी चाहिए, लेकिन उस विषय पर चर्चा न होकर इस विषय पर चर्चा हो रही है। आजादी के 63 सालों के बाद आज भी देश में ऐसे लोग हैं, जिन्हें खाने के लिए एक टाइम का खाना भी नहीं मिल पा रहा है। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Nothing will go on record except what Shri Dara Singh Chauhan is speaking.

*(Interruptions) ... **

श्री दारा सिंह चौहान : सभापति जी, मैं कांग्रेस और भाजपा के लोगों की बातों को बड़े ध्यान से सुन रहा था। आज मैं दावे के साथ कह सकता हूं और पहले भी मैंने कहा है कि लिबरहान आयोग की रिपोर्ट, जो बहुत महत्वपूर्ण रिपोर्ट है, जिसकी चर्चा आज हो रही है, यह देश का दुर्भाग्य है कि सदन के पटल पर रखने से पहले ही रिपोर्ट लीक हो गई। उस पर आज तक कोई चर्चा नहीं हुई। इसके लिए कौन जिम्मेदार है, इसके लिए कोई जिम्मेदारी फिक्स नहीं की गई। इसलिए मेरा कहना है कि सबसे पहले तो उस पर चर्चा करानी चाहिए थी। उसके बाद लिबरहान कमीशन की रिपोर्ट पर चर्चा होनी चाहिए थी। आज मैं देश की पार्लियामेंट में कह सकता हूं, खासकर जो दो बड़े दल हैं- कांग्रेस और बीजेपी कि इन दोनों दलों की साजिश है कि देश में जो महंगाई है, भुखमरी, लाचारी और बेबसी है, उससे लोगों का ध्यान हटाने के लिए सदन में लिबरहान आयोग की रिपोर्ट पर चर्चा हो रही है। इसलिए देश की जनता जानना चाहती है कि देश में जो महंगाई, घोटाला और भ्रष्टाचार है, उस पर यहां चर्चा क्यों नहीं होती है? इन दोनो पार्टियों, बीजेपी और कांग्रेस की साजिश का नतीजा है कि हम सदन में लिबरहान आयोग की रिपोर्ट पर चर्चा कर रहे हैं।

सभापति जी, लिबरहान आयोग की जो रिपोर्ट लीक हुई, उसके बारे में देश के गृह मंत्री जी कहते हैं कि रिपोर्ट हमारे यहां से लीक नहीं हुई। लिबरहान आयोग कहता है कि हमसे रिपोर्ट लीक नहीं हुई। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि आखिर इसके लिए दोषी कौन है, यह रिपोर्ट कैसे लीक हो गई? ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: No interruption please.

---

* Not recorded.

श्री दारा सिंह चौहान : सभापति जी, मैंने भी लोगों की बातों को सुना है और लिबरहान आयोग की रिपोर्ट के दो-चार पन्नों को पढ़ा है। केन्द्र सरकार, जिस पर संविधान की मूल भावना की रक्षा करने की जिम्मेदारी थी, जिसके लिए आयोग का गठन किया गया था, उस रिपोर्ट के तथ्य इस सदन में पेश होने से पहले ही लीक हो गए, इससे बड़ा दुर्भाग्य और कोई नहीं हो सकता है। 6 दिसम्बर, 1992 की इस रिपोर्ट को मैं पढ़ रहा था, जैसा लोगों ने कहा कि संविधान को ये लोग मानने वाले नहीं हैं, चाहे भारतीय जनता पार्टी के लोग हों, चाहे कांग्रेस के लोग हों, इन दोनों पार्टी के लोगों का संविधान पर भरोसा नहीं है, इसलिए कि 6 दिसम्बर, जो संविधान के निर्माता बाबासाहेब डॉ. अम्बेडकर का परिनिर्वाण दिवस था, एक सोची समझी साजिश के तहत उसी दिन बाबरी मस्जिद को लोगों ने शहीद करके इस देश के माथे पर कलंक का टीका लगाने का काम किया। मुझे तो लगता है कि जो लिब्रहान कमीशन की रिपोर्ट है, लिब्रहान कमीशन की रिपोर्ट, मैं सब नेताओं की बात तो नहीं कहता, लेकिन कुछ बी.जे.पी. और कुछ कांग्रेस के नेताओं की मिलीभगत से यह तैयार की गई है। दोनों दलों के लोगों के, कुछ कांग्रेस के नेता और कुछ बी.जे.पी. के नेताओं की मिलीभगत से इस रिपोर्ट को तैयार किया गया है।...(व्यवधान) मैं इस रिपोर्ट को पढ़ रहा था, जिस लिब्रहान कमीशन की रिपोर्ट पर चर्चा हो रही है। मैं कह सकता हूं, मुझे भी अयोध्या जाने का मौका मिला है, मैं भी फैजाबाद गया हूं। जिस तरीके से वहां उन्होंने साजिश की है, मेरा इस विवादित ढांचे पर विरोध है कि जब कोर्ट में मामला चल रहा था, सारे सरकारी दस्तावेजों में राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद का, तो यह विवादित ढांचा कहां से है, इसे तो बाबरी मस्जिद कहा जाना चाहिए, लेकिन लिब्रहान आयोग ने कहीं भी बाबरी मस्जिद का जिक्र नहीं किया है।...(व्यवधान) कहां किया है? मैंने भी 2-4 पन्ने पढ़े हैं, हो सकता है, आपको कहीं मिला हो। यह तो आश्चर्य है कि जिस अयोध्या में, जो उन्होंने लिखा है, तमाम मंदिरों का, तमाम चीजों का जिक्र किया है, लेकिन किसी दरगाह का, किसी कब्रिस्तान का, किसी मस्जिद का जिक्र उसमें नहीं है। इससे मैं कह सकता हूं कि लिब्रहान कमीशन की जो रिपोर्ट है...(व्यवधान) क्यों नहीं था, मैं भी वहां गया हूं, मैं जानता हूं। इसलिए मैं कहता हूं कि इसमें कहीं जिक्र नहीं किया गया और यहां नहीं, अयोध्या में वहां के जो मुस्लिम समाज के लोग हैं, वहां पैगम्बर अल्ले सलाम की मजार है, जो बहुत प्रसिद्ध है, जहां लोगों का भरोसा है, विश्वास है, उसका भी कहीं जिक्र नहीं किया है। इसलिए मैं कह सकता हूं कि यह दोनों पार्टियों के कुछ नेताओं की मिलीभगत की साजिश का नतीजा है कि आज यहां पर इसकी चर्चा हम कर रहे हैं।

इस बात पर मुझे और अफसोस है कि जहां बाबरी मस्जिद को गिराया गया, वहां एक नहीं, 11-12 मस्जिदें तोड़ी गईं और 20-25 लोगों का कत्ले आम हुआ, लेकिन इस रिपोर्ट में कहीं उसकी चर्चा नहीं है, न उसकी जांच के लिए कोई कमीशन बनाया गया है। मैं कह सकता हूं कि बाबरी मस्जिद जो तोड़ी गई, उसमें बी.जे.पी. या बजरंग दल के लोग तो जिम्मेदार हैं ही, लेकिन कांग्रेस पार्टी के लोग भी इस जिम्मेदारी से बच नहीं सकते, क्योंकि देश की जनता आज सवाल करना चाह रही है, इसमें इन लोगों का भी कहीं न कहीं हाथ है। जैसा भी इसमें जिक्र हुआ है कि कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव का बयान है कि यदि मेरे घर का, मेरे परिवार का कोई रहता तो हम मस्जिद नहीं गिरने देते। लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि तब 1949 में जब मूर्ति रखी गई, 1989 में जब ताला खुलवाया गया

तो किसकी सरकार थी? कांग्रेस की सरकार थी, इसलिए मैं कह सकता हूं कि कांग्रेस और बी.जे.पी. के लोगों के द्वारा जनता का ध्यान बांटने के लिए इस तरीके से रिपोर्ट को लीक कराया गया है, ताकि इस पर चर्चा हो और देश की जनता गरीबी और बेरोजगारी पर चर्चा नहीं कर पाये।

सभापति जी, जिस तरीके से इस देश की जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने का लोगों ने काम किया है, हमेशा जज्बा पैदा करके लोगों को लड़ाने का काम किया है, खासकर बीजेपी और कांग्रेस के लोगों ने तो हमेशा इस देश में जाति-धर्म की भावना भड़काकर शासन करने का काम किया है। मैं सुप्रीम कोर्ट की कल की टिप्पणी का स्वागत करता हूं कि इस देश से जाति व्यवस्था खत्म करना चाहिए। हमारी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी इस देश में गैर-बराबरी खत्म करना चाहती है, चाहे सामाजिक गैर-बराबरी हो, चाहे आर्थिक-राजनैतिक गैर-बराबरी हो, वह उसको दूर करना चाहती है और जाति विहीन समाज संरचना करके समतामूलक समाज बना करके इस देश में इंसाफ और इंसानियत की बहाली करना चाहती है।

सभापति जी, मेरा आपसे विनम्र निवेदन है कि इस आयोग की रिपोर्ट में गंभीरता कम थी, लेकिन कल अखबारों में किसकी बढ़िया न्यूज छपेगी, उसे छापने की होड़ सबसे ज्यादा इस संसद में दिखायी दी। आपसी मिलीभगत से यह हुआ। इसलिए कह सकता हूं कि इन लोगों ने आजादी के बाद के 62 सालों में देश के लोगों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया है। इस देश की जनता इस बात को समझ चुकी है। अब देश की जनता की भावनाओं से खिलवाड़ करने का न किसी को अधिकार है और न वे उस साजिश में सफल होने वाले हैं।

महोदय, मैं इतना कहते हुए अपनी बात को समाप्त करता हूं कि इस देश की आजादी के लिए जिन लोगों ने अपने जान की कुर्बानी दी, चाहे चंद्रशेखर आजाद, चाहे वीर भगत सिंह हों, चाहे अशफाक उल्ला या चाहे राम प्रसाद विस्मिल जैसे लोग रहे हों, जिन लोगों ने देश की आजादी के लिए अपनी जान की कुर्बानी दी, आज इस संसद में रहते, तो उनको बहुत तकलीफ होती। आज उनकी आत्मा को कितनी तकलीफ हो रही होगी? खासतौर पर बीजेपी के लोग जो कहते हैं कि सरकार आने पर हम मंदिर बनायेंगे, मैं तो कह सकता हूं कि ये मंदिर बनाने वाले नहीं, केवल नाटक करने वाले लोग हैं। ये कहते थे कि राम लला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनायेंगे, लेकिन कब? सत्ता में आने के बाद इन लोगों ने कहा कि राम लला हम आएंगे, मंदिर वहां बनायेंगे, तारीख नहीं बतायेंगे और सब को बेवकूफ बनायेंगे। यह बीजेपी के लोगों की साजिश है।

महोदय, मैं ज्यादा न कहते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं कि इस देश में किसी को किसी की भावनाओं के साथ खेलने का अधिकार नहीं है।

श्री शरद यादव (मधेपुरा): सभापति जी, आज काफी देर से कमीशन पर बहस हो रही है। महोदय, हमारे पास कितना वक्त है?

सभापति महोदय : आपकी पार्टी का पूरा टाइम 18 मिनट है।

श्री शरद यादव : इस विषय पर बहुत चर्चा हुयी है, लेकिन मैं अपनी बात को शुरू करते समय यह कहना चाहता हूं कि यह कोई आइसोलेटेड घटना नहीं है। इसके आसपास व पीछे एक लंबा इतिहास है। हमने 62-63 वर्षों में हिंदुस्तान की किसी बीमारी का कभी इलाज करने का काम ही नहीं किया। हमने ईमानदारी से बीमारियां को दूर करने का प्रयास नहीं किया। आज का जो लोकतंत्र है, उससे मजहब और धर्म का भी झगड़ा चला हुआ है, जाति और लोकतंत्र में झगड़ा चला हुआ है। यह दुर्घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। मैं कहना चाहूंगा कि यह इस देश की ऐसी घटना है, जिसकी जितनी निंदा की जाए, वह कम है।

17.00 hrs.

लिब्रहान कमीशन को जो काम दिया गया था, मैं मानता हूं कि उनका काम अधूरा ही नहीं है बल्कि उसमें जो समझ होनी चाहिए, उस समझ की भी भारी कमी है। हां, एक तरह से आपकी बात सही है कि उसमें पूर्वाग्रह भी है। यह सारा सिलसिला देश के बंटवारे के साथ शुरू हुआ। देश बंटा और उसके तीन टुकड़े हुए। देश क्यों बंटा, इस बारे में 60-70 किताबें लिखी जा चुकी हैं। मैं इतना भर मानता हूं कि देश बंटते समय यदि कोई एक तन्हा आदमी था, तो वह महात्मा जी थे। जिस समय यहां आजादी क[illegible]न हो रहा था, वे नौवाखली में पैदल चलकर गए थे। उनके पांव खून से भरे हुए थे। वे दंगा बचा रहे थे, बंटवारा बचा रहे थे। कभी-कभी दुनिया के इतिहास में कोई अकेला आदमी होता है जो सच के साथ नया देश और नया समाज बनाता है। देश बंट गया और उसके बाद हिन्दुस्तान की आजादी में लोगों ने इतनी कुर्बानियां नहीं दीं जितनी अपने देश की धरती को बांटने में लाखों लोगों को उस तरफ मार दिया और लाखों लोगों को इस तरफ मार दिया। लाखों लोग उस तरफ से इस तरफ आ गए और करोड़ों लोग इस तरफ से उस तरफ चले गए। दुनिया में ऐसा कहीं नहीं हुआ। बहुत से लोग आजादी लेने के लिए तड़प रहे थे, जेल जा रहे थे और जब आजादी आई, तब वह खून से नहाई हुई थी। वह काफी तरह की दिक्कत और किल्लत हमारे सामने छोड़ गई। आज पाकिस्तान में क्या हो रहा है। यह अर्धसत्य है, लेकिन हिन्दुस्तान की धरती में इतनी बीमारियां हैं कि उन बीमारियों का जिक्र किए बगैर एक-दो लोगों को गुनहगार बनाया जाता है। इस तरह गुनहगार साबित नहीं होगा। देश का बंटवारा एक दिन में नहीं हुआ। जब अंतरिम सरकार बनी, उस समय भी मुस्लिम लीग लड़ रही थी, हिन्दु महासभा लड़ रही थी और कांग्रेस पार्टी लड़ रही थी। हम उस समय भी एक नहीं कर सके। उत्तर प्रदेश में हम मुस्लिम लीग के लोगों को एकोमोडेट नहीं कर सके। जिन्ना जो हिन्दुस्तान की आजादी में साथ था, वह बगावत करके गया। उसने बगावत का इतना लम्बा सिलसिला बनाया कि धरती बांट दी। पाकिस्तान में क्या हो रहा है?

मैं जबलपुर का रहने वाला हूं। मैं हिन्दुस्तान के तीन सूबों से चुनाव लड़ता हूं। सारी कौन्सटीटूएंसी में एक ही बात है कि हमें वहां जाने के लिए वीज़ा दे दीजिए, क्योंकि हमारे नाते-रिश्तेदार वहां हैं। बंटवारा हो गया। वहां

तबाही है। हम भी चैन से नहीं हैं, यहां भी तबाही मचाए हुए हैं। हम जाति के नाम पर, मजहब के नाम पर तबाही मचाए हुए हैं। आप कहें कि जाति नहीं है, मजहब नहीं है, यह गलत है, लेकिन यह है तो इसके सह-अस्तित्व का रास्ता क्या होगा। वह रास्ता एक ही है जो महात्मा गांधी जी का है। वह रास्ता एक ही है जयप्रकाश का, वह रास्ता एक ही है डा. लोहिया का, वह रास्ता हिन्दुस्तान में कबीर का है, वह रास्ता एक सीमा तक दीनदयाल जी का भी है। महासंघ के लिए उन्होंने साथ दिया था। मैं आपसे निवेदन करूं कि रास्ता वही है। जो लिब्रहान कमीशन है, गृह मंत्री जी यहां से चले गए। उसे यही चार्ज दिया गया था, यही काम दिया गया था। The main objective behind this Commission was to find the sequence of events leading to, and all the facts and circumstances relating to the occurrence in Ram Janambhoomi-Babri Masjid Complex at Ayodya on 6th December, 1992 involving the destruction of Ram Janambhoomi-Babri Masjid. ये सारा घटनाक्रम हुआ। अब कहां से यह सिलसिला बना, कैसे बना? वह मूर्ति कैसे रखी गयी? उस समय आजादी के लिए लड़ने वाले लोग यहां भी थे और वहां भी थे। मैं नहीं कहता कि उन्होंने मूर्ति रखवायी होगी, लेकिन मूर्ति रखने को उन्होंने छोटी घटना माना। मूर्ति रखने को उन्होंने इग्नोर किया।

सभापति महोदय, आपको मालूम नहीं है। इतिहास गवाह है कि 1948 में वहा उपचुनाव हुआ, बाय इलैक्शन हुआ। आचार्य नरेन्द्र देव वहां से प्रत्याशी थे और बाबा राघवदास उनके खिलाफ चुनाव लड़े थे। स्वर्गीय गोविन्द वल्लभ पंत और कांग्रेस पार्टी के लोगों ने वहां उनके लिए प्रचार किया। उस समय तुलसी के पत्ते और गंगा जल बांटा गया और आचार्य नरेन्द्र देव के लिए कहा गया कि ये हिन्दू नहीं हैं। ये हिन्दू धर्म नहीं मानते, ये चोटी नहीं रखते, ये तिलक नहीं लगाते। हमने 1948 में चुनाव लड़ा और एक उपचुनाव जीतने के लिए, आचार्य नरेन्द्र देव जैसे आदमी को हराने के लिए हमने धर्म और मजहब का सहारा लिया। कौन सा चुनाव ऐसा है जिसमें जात, बिरादरी और मजहब का इस्तेमाल नहीं हो रहा है। हां, मैं मानता हूं कि इन सारी बातों के बावजूद भी देश अच्छे लोगों की संकल्पशक्ति से चल रहा है। कभी-कभी देश विघटन के, बंटवारे को, इस समाज को खंड-खंड करके पाखंड बनाने वाले लोगों के रास्ते पर भी चला दिया जाता है। देश दोनों तरफ जा रहा है। वह अच्छाई में भी डूबता है और खराबी में भी डूबता है। हम ऐसे हालात में हैं कि कहीं भी चैन नहीं है। बहुत से लोगों ने ठीक कहा कि लिब्रहान कमीशन बहुत बुरे वक्त में आया है। आज देश में त्राहि-त्राहि है। गरीब की चटनी, रोटी और दाल में आग लग गयी है। देश में बेकारी है, बेरोजगारी है, सूखा है और कई तरह का..(व्यवधान) बिजली भी नहीं है। ...(व्यवधान) इसलिए बम फटता है। जो लिब्रहान आयोग है, मैं मानता हूं कि सारे मुद्दों पर आपने बम पटक दिया है। सब मुद्दे पीछे हो गये हैं। यहां सदियों से यह बहस चालू है। इस बीमारी का ...(व्यवधान) लाइलाज नहीं, इलाज तो है। इस देश में इसका इलाज आचार्य नरेन्द्र देव जी हैं, लोहिया जी हैं, जयप्रकाश जी हैं। हमारी सरकार थी, मुलायम सिंह जी मुख्य मंत्री थे। गुजरात में थी, उड़ीसा में थी, बिहार में थी। कांग्रेस पार्टी के भाइयो, ये शिलान्यास किसने कराया? ये मूर्तियां किसने लगायीं? वहां पीछे से लोग ताला खोलकर जाते थे। वहां जो मूर्ति है, क्या वह प्रकट हो गयी? अभी ये कह रहे हैं कि प्रकट हो गयी। ...(व्यवधान) प्रकटीकरण हो गया।

हमारे यहां 33 करोड़ देवी-देवता हैं। दुनिया में सबसे ज्यादा लाचार, गरीब, भूखे, निकम्मे, इतिहास में सारे युद्धों में हारने वाले यहीं हैं, तो आपका परमात्मा क्यों नहीं रक्षा करता। मैं तो कहता हूं कि तू यूरोप और अमेरिका में जाकर पैदा हो। हमारा तो बहुत नाश हो चुका, उनका थोड़ा नाश कर दे। यह काम करना चाहिए। देश आईन और संविधान से चलेगा। इस आईन में आग लगाओ, जिसके मन में जो आये, वह करो। एक बार देश टूट गया और फिर 1984 में एक नयी चीज हुई। वर्ष 1984 को हम भूल जाते हैं। उस वर्ष में सिख विरोधी दंगे हुए। मैं मानता हूं कि श्रीमती इंदिरा गांधी की मौत दुर्भाग्यपूर्ण है। मैं बहुत तकलीफ और अफसोस में था। मैं खुद चौधरी साहब के साथ देखने गया था, वह बहुत तकलीफदेह है। वह दिन भी इस घटना को उभारने का काम करता है। शाहबानो के मामले सरकार कभी अदालत के साथ खड़ी होती है और फिर कभी कानून बदलती है।...(व्यवधान) आपकी इच्छा से और मेरी इच्छा से नहीं, देश का जो आईन है, उसमें देश कैसे ठीक से चल सकता है, उसके बारे में मैं अभी बताता हूं कि कुर्बानी कैसे की जाती है। आपको मैं अभी बताए देता हूं। सिख विरोधी दंगों के समय हम यहां थे, चौधरी चरण सिंह थे, कर्पूरी ठाकुर थे, चौधरी देवीलाल थे, हम लोग तीन बार गए। जिस पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव जी के बारे में कहा गया है कि इसमें कोई दोष नहीं है, उस दिन भी गृहमंत्री वही थे और इस समय भी प्रधानमंत्री वही थे। कल्याण सिंह जी और नरसिम्हा राव जी ने ओथ ली थी। देश के अन्दर लाखों-करोड़ों लोगों के सामने अगर आप कसम खाएं और उस पर कायम न रहें, तो उससे बड़ा विधर्म कुछ और नहीं हो सकता है, उससे ज्यादा गलत धर्म कोई नहीं हो सकता। कसम खाकर इन दोनों ने यह काम किया। जब देश बंटा, उस समय भी दिल बंटे, लेकिन इस बार आपने आईन तोड़ दिया। यहां तो हिन्दू-मुसलमान में विश्वास बढ़ना था, लेकिन वह विश्वास तो टूट गया। मैं यह कहता हूं कि आईन टूट गया। मुलायम सिंह जी और राजनाथ सिंह जी ठीक कह रहे थे कि लिब्रहान आयोग ने न आगे की घटना देखी, न पीछे की घटना देखी, सिर्फ एक आइसोलेटेड घटना को देखा। आइसोलेशन में किसी समाज में किसी तरह की घटना नहीं होती है। हर घटना के पीछे एक सिलसिलेवार इतिहास होता है। इस घटना के कुछ दिन पहले 22 नवंबर को, अयोध्या के ओएसडी किशोर कुणाल, जो चार वर्ष से वहां पर रहकर अयोध्या के मंदिर और मस्जिद के झगड़े में निगोशिएट कर रहे थे, वहां से चले गये। शरद पवार जी यहां से चले गए। वह उनके पास गया था। शरद पवार जी उसे प्रधानमंत्री के पास, नरसिंह राव जी के पास ले गए। मेरे पास इस समय ज्यादा वक्त नहीं है। मेरा तीन प्रधानमंत्रियों के साथ अयोध्या के मामले में सम्पर्क रहा है, मैं घटनाओं को जानता हूं। शरद पवार जी उनको प्रधानमंत्री के पास ले गए। दस दिन पहले राष्ट्रपति शासन लगाने का पूरा पेपर बना हुआ था, बिल बना हुआ था, इसकी भी मुझे जानकारी है। नरसिम्हा राव जी से मैं तीन बार मिला हूं, बेचैन होकर मिला हूं। किशोर कुणाल भी लगातार हम लोगों के सम्पर्क में थे। वह वी.पी.सिंह जी के जमाने में निगोशिएट कर रहे थे, वह चन्द्रशेखर जी के जमाने में निगोशिएट कर रहे थे, वह धार्मिक आदमी थे। उन्होंने जो सुझाव शरद पवार जी के सामने रखा था, वही सुझाव प्रधानमंत्री जी के सामने 23 तारीख को रखा। उन्होंने कहा कि अयोध्या के उस पूरे इलाके को सेन्ट्रल टेरीटरी बना दिया जाए, वहां का पूरा एडमिनिस्ट्रेशन ले लिया जाए। नरसिम्हा राव जी बोले, बहुत अच्छा विचार है, यह बात तुमने पहले क्यों नहीं बताई। स्वर्गीय लाल नारायण सिन्हा उस समय अटार्नी जनरल थे,

उनको कहा गया कि आप इसके लिए ड्राफ्ट बनाकर लाइए। उन्होंने कहा मेरे पास यह नहीं है। वे बिल लेकर कुणाल जी शरद पवार जी के पास गये। एक आदमी जिसका नाम मैं यहां नहीं लेना चाहता हूं, वह भी उसके साथ था। उसके बाद नेशनल सिक्योरिटी कौंसिल की बैठक हुई, वह जिक्र उसमें नहीं आया है। दस तारीख को पूरी की पूरी आईबी का 10 दिन पहले का होम मिनिस्ट्री का रिकार्ड निकाल कर देख लो, लगातार लोगों को आशंका थी कि जब इतने सारे लोग यहां इकट्ठे होंगे तो फिर कैसे नहीं टूटेगी? इसके पीछे केवल एक घटना नहीं है, एक और घटना इसे आगे बढ़ाने के लिए हो गयी। अगस्त 13 को मंडल कमीशन लागू हुआ और 25 सितम्बर को सोमनाथ से अयोध्या रथ यात्रा शुरू हुई। मंडल कमीशन हिंदुस्तान के संविधान के दायरे में था, लेकिन रथ[illegible] आइन के विपरीत थी। सारी की सारी यात्रा जो हुई और जो शिला-पूजन हुआ, उससे देश में वातावरण बना। वातावरण बनाने वाले लोग बहुत होंगे, लेकिन प्रधान मंत्री जिसने हिंदुस्तान के आइन को बचाने की ओथ ली थी और मैं कहना चाहता हूं कि इसमें माननीय अटल जी का नाम आया, मैं बहुत गहरे से उनको जानता हूं। उनका मन कभी भी नहीं था कि यह मस्जिद तोड़ी जाए। बहुत सी घटनाएं हैं जिन्हें माननीय मुलायम जी ने कहा मैं उनसे डिस्प्यूट नहीं कर रहा हूं। हमारी और इनकी सरकार बनी तो एक करार हुआ कि तीन मुद्दे परे होंगे, जिनमें धारा 370, कॉमन सिविल कोड और राम मंदिर-मस्जिद का मामला था। तय हुआ था कि या तो बातचीत से या कानून से समस्या का हल होगा। इस बारे में माननीय अटल जी के एक-दो नहीं वरन् 10 बयान आये। उन्होंने हर साधु-संन्यासी से कहा, विश्व-हिंदू-परिषद् से कहा और जो उन्होंने हमें वचन दिया, उसे रखा। हमारे और इनके बीच दो रास्ते हैं, बहुत से मामलों में सहमति है, लेकिन कुछ पर नहीं है। हमने दो-दो सरकारें चलाई हैं। कहीं भी कोई बात नहीं हो पाई।

मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि यह जो बाबरी मस्जिद और राम मंदिर का विवाद है, ये विवाद सिर्फ उस दिन का नहीं है। उसके पीछे लम्बा सिलसिला है। सरकारों को चाहिए था कि इसका समाधान करने का प्रयास करते। समाधान करने का प्रयास तब किया जब आग पूरे देश में लग गयी और दोनों तरफ से तबके भड़क गये। इस तरह का प्रयास अगर हम करेंगे तो देश बंट जाएगा। इसलिए मेरा कहना है कि आप दोनों फुटबाल खेल रहे हैं, यह फुटबाल खेलना आप बंद कीजिए। हम आपसे साफ-साफ कहना चाहते हैं कि हमारे जमाने में आडवाणी जी यात्रा पर निकले और उन्होंने कहा कि जब तक मैं अयोध्या न पहुंचूं, मुझे छुआ न जाए। सरकार में इनका समर्थन हमें हासिल था। वामपंथियों और भारतीय जनता पार्टी के चलते हमारी सरकार थी और मैं उस सरकार में वरिष्ठ मंत्री था। हमने समझौते की बहुत कोशिश की, बहुत रास्ता निकाला। किशोर कुणाल उस समय भी नैगोसिएशन में था, जिसकी गवाही नहीं ली गयी। उसने दो बार लिब्रहान कमीशन को लिखकर दिया। यह गैर-राजनीतिक आदमी मुझे प्रतिभा से भरा लगा। इसने पूरी रिपोर्ट को हिंदुस्तान बनाने के लिए नहीं दिया, विग्रह और कलह के लिए दे दिया। हमारे जमाने में आडवाणी जी यात्रा पर निकले। उन्होंने कहा कि यदि हमें राम मंदिर से शिलान्यास स्थल तक जाने नहीं दिया तो हम उसी समय सरकार से अपना समर्थन वापस ले लेंगे। माननीय नरसिम्हा साहब की सरकार थी। कहते हैं कि इस देश में वैसे लोग नहीं हैं। आप कितने दिनों से सरकार में हैं तो यह क्यों हुआ? आपके जमाने में शिलान्यास हुआ लेकिन आपने उसे गंभीरता से नहीं लिया। हमारे जमाने में शिलान्यास घोषित करके निकले, वह घोषित नहीं करते,

तो बात हो सकती थी। जब घोषित कर दिया कि हम आईन तोड़ेंगे, तो हमने आईन बचाया और अपनी सरकार को शहीद करने का काम किया, लेकिन मस्जिद को शहीद नहीं होने दिया। हमने ऐसा काम किया है, ऐसा नहीं है कि इस देश में धर्मनिरपेक्ष के लिए, पंथनिरपेक्ष के लिए, सदभावना के लिए लोग जान नहीं देते हैं। आज भी ऐसे लोग हैं, लेकिन आपने ऐसा काम नहीं किया है। आपने जोखिम नहीं उठाया। आपके नेताओं को जिस गंभीरता से इन चीजों को लेना चाहिए था, नहीं लिया है। 414 लोग जीते हैं, वह सबसे बड़ा हिंदू बैकलेस था। वहां से कई चीजों का सिलसिला शुरू हुआ।

सभापति जी, बोलने के लिए समय कम है, इन्हीं बातों के साथ मैं कहना चाहता हूं कि जो घट-घट है, जो परमात्मा से ले कर संस्कृति चलाता है, वह इंसान भूखा है। वह हर तरह की दिक्कत और किल्लत में है। यह ऐसा देश है कि यदि अमरीका आंख दिखा देता है तो थरथर कांपता है और रूस कभी आंख दिखा दे तो देश का लिया हिस्सा वापिस कर देता है। देश को मजबूत करो, तो मैं मानता हूं कि राम भी मजबूत होगा, अल्लाह भी मजबूत होगा। जब देश मजबूत होगा, तो हमारी संस्कृति की पताका भी दुनिया में फहरा सकती है। अगर फुटबाल खेलने का ही काम करोगे, तो सही नहीं होगा। एक आंख से हिंदू को इशारा करते हो और दूसरी आंख से मुसलमान को इशारा करते हो।...(व्यवधान) ये सिर्फ हिंदू-हिंदू करते हैं और आप हिंदू तथा मुसलमान दोनों करते हो।...(व्यवधान) आप दोनों से मैं कहना चाहता हूं कि देश को मजबूत कीजिए। आप बड़े हैं, आपकी पार्टी बड़ी है, इन्हीं बातों के साथ मैं कहना चाहता हूं कि लिब्राहन आयोग की रिपोर्ट ने देश के सामने जो बड़ी समस्याएं पर्यावरण, भ्रष्टाचार से ले कर महंगाई तक की थीं, उन समस्याओं को दरकिनार कर दिया है।

इन्हीं बातों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

SHRI KALYAN BANERJEE (SREERAMPUR): Mr. Chairman Sir, at the beginning of my speech, I wish to tell the House that Trinamool Congress, under the leadership of Kumari Mamata Banerjee, very strongly deprecate and condemn the way the structure was demolished on 6th December, 1992. Major factors responsible for disturbing communal harmony in the country. … (*Interruptions*) The whole act in relation to the demolition of the structure vitiated communal atmosphere lowering the threshold of mutual tolerance and inflamed communal passion. Conditions were created to cow down and demoralize the Muslim community itself. What was the effect of the demolition of that structure? Immediately for a period of ten days, there was holocaust of communal riots, blood bath, brutality and bestiality. This was the effect immediately after the structure was demolished.

Communal forces are the killers of secular philosophy. Trinamool Congress, under the leadership of Kumari Mamata Banerjee, is the firm believer of secularism, communal harmony and unity of the country. We will not allow any evil forces to disturb the ethos and decency of secularism and communal harmony of the country which were the results of what had happened on 6th December, 1992. In fact, 6th December, 1992 was the black day in our nation's history. I would like to say that the BJP and the RSS are not the custodians of Hinduism in our country. Our Hindu religion teaches us to respect other religions and other religious institutions. In the name of Hinduism, neither the BJP nor the RSS nor any party nor any individual can destroy the fabric of democracy of our country.

We strongly deprecate the events which have happened on that day. When I read the Report I was really astonished. In para 158.8, it has been mentioned that for this unfortunate purpose of demolition of structure on that eventful day, many tens of crores of rupees had been spent. Can anybody imagine that? The Report says that a parallel Government was running in Uttar Pradesh by an extra constitutional body. It was allowed by the then Chief Minister, Shri Kalyan Singh. In the Report Shri Kalyan Singh has been identified. Long back, in 1994, the Supreme Court deprecated the then Chief Minister, Shri Kalyan Singh. He was sentenced and Rs. 2,000 was imposed on him. … (*Interruptions*) You have to tolerate. You have demolished and you have to tolerate.

I am not very happy the way hon. Judge, Shri Liberhan has submitted his Report. First, he has taken 17 long years. Crores of rupees have been spent. Ultimately, what has happened? He is soft towards the leaders of the BJP. He did not mention any of the names of the BJP leaders in the Report. It has been said in the Report, at page 19, that "top leadership may not have approved the demolition, however their declamations remain only suspect." Unfortunately, he did not consider the records, which he should have done. A designated court, on 8th September, 1997, framed charges against 48 persons, including Shiv Sena supremo, Shri Bal Thackeray, the then BJP President Shri L.K. Advani, Dr. M.M. Joshi, and Shri Kalyan Singh. It was unfortunate that, at that point, ten Members of Parliament were involved in that incident. It is most unfortunate for the democracy of our country. He did not pin-point the leaders. He has only said about Shri Kalyan Singh. For that, one does not require to wait for 17 long years. The leaders of the BJP have not been pin-pointed when specifically criminal charges have been framed under sections 147, 153 (a) (b), 295 (b), 505 and 105 of the Indian Penal Code. Mr. Chairman, you know very well the effect of framing of the charges. This record has been totally ignored by Shri Liberhan.

I do not know why he was so soft at the time of pin-pointing as to really who were the culprits for the demolition of the structure on that day itself. The report speaks about the Central Government which was, at that point of time, crippled by the failure of the intelligence to provide analysis of the situation. This is also mentioned in the report. Therefore, there was a failure on the part of the Ministry of Home Affairs also on that day and before the incident. What were they doing? Whenever there is a problem, the hon. Minister of Home Affairs will say that law and order is the responsibility of the State Government and the State Government will take recourse to it. When there are mass killings, our Constitution is so silent and helpless. Whenever there is a failure, the hon. Minister of Home Affairs will remain silent. He will say, `No, I will not do anything, the law and order problem is rested with the State Government'. Therefore, I say that even at that point of time, the hon. Minister of Home Affairs, who was there, was equally responsible for the events occurred on that day. He was supposed to be more cautious and he was supposed to take all initiatives to prevent the incidents that occurred on that day.

Sir, the findings are that the hon. Chief Minister of Uttar Pradesh and his Cabinet colleagues consciously allowed the writ of extra constitutional authorities, that is, to run the State. All these steps taken by the State or the *Sangh Parivar*, BJP, VHP, Bajrang Dal, Shiv Sena had the implied consent of RSS. We strongly deprecate this. In a political field, when a political party has been affiliated, has come for the service of the people at large, take the recourse of the religion. It is shame as far as our country is concerned. It has really destroyed the fabrics of the democracy. If a Government is not in a position to maintain the rule of law, it is not supposed to remain there. This is the constitutional duty. That rule of law had been violated at every stage. Unfortunately, the hon. Minister of Home Affairs was aware at that point of time that the rule of law was being violated every day.

We have said that our democracy runs under certain fabrics and one of them is secularism. If this is destroyed, everything is destroyed.

I would like to point out one thing to my Muslim friends who are present here. Unfortunately, there is a finding that my Muslim friends were not very serious before the Liberhan Commission to participate and to bring evidence. This is also not proper. You should have been more cautious. It is mentioned in the report itself. Everybody has a responsibility. It is not only speaking from political stage. If he has charged or allegation, then he has to come up with the evidence and he has to go before the appropriate adjudication proceedings. Unfortunately, there is some evidence in the report. I would like to say there that more witnesses and more evidences would have come up had the Muslims friends were very serious on the issues itself. Unfortunately, this is mentioned in the report itself. I would pray before all my Muslim friends that `please enforce your rights in our country and become more vocal. Our country believes in secularism'. I would say that the report rather indicates to further inquiry into the matter. Since the leaders have not been pin-pointed, the leaders are required to be pin-pointed. It should not be only with Shri Kalyan Singh or the police officers who were present there, but everybody has to be identified. It needs a more detailed report.

Sir, since another colleague of my Party will speak, I just finish it here.

MR. CHAIRMAN: Thank you very much. Before I call Shri Abdul Rahman, an hon. Member has informed me that he is aggrieved by the reference made by Shri Mulayam Singh Yadav in his speech. Now, Shri Abdul Rahman will speak.

श्री कल्याण सिंह (एटा) : सभापति महोदय, मुझे कहीं जाना है, इसलिए मुझे बोलने का अवसर देने की कृपा करें।

सभापति महोदय : अभी आपको अपना नाम भेजना है।

श्री कल्याण सिंह : मैंने नाम भेज दिया है।

MR. CHAIRMAN: Please take your seat. Now, Shri Abdul Rahman will speak.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Shri Kalyan Singh, you will get a chance later, not now. Let the major parties' time be over.

SHRI ABDUL RAHMAN (VELLORE): Mr. Chairman, Sir, I thank you very much for having given me an opportunity to participate in the discussion over the Babri Masjid Demolition Report which was released by the Commission.

The demolition of Babri Masjid on 6th December, 1992 was a most reprehensible act. The perpetrators of this deed had struck not only against a place of worship but also at the principles of secularism, democracy and the rule of law enshrined in our Constitution. In a move as sudden as it was shameful, a group of people of heinous crime managed to outrage the sentiments of millions of Indians of all communities who have reacted to this incident with anguish and dismay.

Sir, the Liberhan Commission Report has explored the fact that the demolition was a well-planned and systematic conspiracy created by the *Sangh Pariwar* and its sister affiliations comprising the RSS, the VHP, the Bajrang Dal and the BJP. It was neither spontaneous nor a voluntary one. It was a well-orchestrated and a well-planned one. The Report has placed individual culpability for the demolition on a total of 68 persons. Towards this strong indictment, I would like to know what kind of a punitive action is going to be taken towards the 68 persons who were strongly indicted by the Report.

It is indeed very shameful even in the history of India.

At this juncture, I would like to point out the narration of the Supreme Court verdict through SC 605 of 1995. This judgement was given at the time of the NDA Government only condemning the heinous and criminal act of Babri Masjid demolition

towards the then Cabinet and Home Minister, now the hon. Leader of the Opposition. The text very clearly stated in this way:

> "It was an act of national shame. What was demolished was not merely an ancient structure but the faith of minorities in the sense of justice and fair play of the majority. It shocked their faith in the rule of law and the constitutional process."

This is the exact narration given by the Supreme Court.

At the time of the demolition of the Babri Masjid in Uttar Pradesh, the State was governed by the BJP. The demolition was carried out with full assistance of its sister concern, the RSS. It was running as a parallel Government. It was stated very clearly in the Liberhan Commission Report. It was used as an essential component needed for the demolition act. Even when it was brought to the Chief Minister's attention that the Babri Masjid was being demolished and the mobs were attacking the minorities and the innocents in Ayodhya, he did not direct the police to use their force to protect the people and the innocents. As a result, all the police officers and the Governmental authorities, the complete Government machinery had acted as uniformed *karsevaks* rather than the protectors.

Closed circuit televisions and metal detectors were intentionally rendered inoperative and ineffective by the Government administration. No video recording of the event happened. Video recording, according to the rule of law, from the Government side has been stopped. The media was targeted and it was heavily harassed. According to the text of the Liberhan Commission Report, some media people had been arrested and they were house a very small place and some of those media people were molested. It was a very shameful act. The result of all this is the betrayal of the nation and Indian history. Such a person is now a sitting Member of this House which is the supreme institution of this country. ...*

Sir, the chief architect of the event was Shri L.K. Advani. He has initiated the Rath Yatra from Somnath to Ayodhya in 1990 which has created 3,000 riots all over the country. Thousands of people were killed. The Times of India, in its Editorial Page, has said that it was not a Rath Yatra, it was a 'blood yatra'. Such a very shameful event had

---

* Expunged as ordered by the Chair.

happened in this country. I recall that the then Prime Minister Shri V.P. Singh has not supported the Rath Yatra just to save his Government even though he was getting the support of the BJP for his Government and because of his refusal to support such kind of a criminal act, he had to lose his Government. He was not hesitating to face such an ultimatum. At this juncture, I honestly salute the courage of late V.P. Singhji.

Sir, on many previous occasions and even before the Libarhan Commission, Advaniji has made many conflicting statements. Once he claimed that the demolition of Babri Masjid is the most agonising moment of his life, another time, he confessed that the demolition of Babri Masjid has helped his party to consolidate its vote bank and on another occasion he said that the Ram Temple movement was a matter of pride for Hindus. The way he was attempting to polarise and poisonise the Hindu religious concept was not accepted by the Hindu community and he should realise that.

Sir, in order to disturb the peace and harmony of the country, huge amount of money was transferred to the accounts of RSS, VHP, BJP and its associate organisations. As my friend has already mentioned, tens of crores of rupees have been put in their accounts on so many occasions. Where has such a huge amount of money come from? Crores and crores of rupees have been transferred into various accounts for carrying out this kind of a heinous and criminal act. How has this big amount of money been transferred? Who has utilised it? How has it been utilised? All this factual information must be disclosed to the nation. All the judicial cases pending in different courts pertaining to Babri Masjid demolition have to be consolidated and should be adjudicated in one court at the earliest.

At this juncture, before I conclude, I would like to recall how a leader should act and how a leader of our country had respected the communal harmony, nationalism and showed great patriotism. At the time of freedom, the country was partitioned. After the formation of Pakistan, at that time the Muslim League Leader in Pakistan, Mohammad Ali Jinnah raised the voice in favour of the Muslim minority community in India to protect their rights.

At that time the late Muslim League Leader Qaed-e-Milad Mohammad Ismail Saheb told Mohammad Ali Jinnah Ji, ‘you are in the foreign country, you are not son of India, you are not the citizen of India, we are the citizens of India, we are the children of

this country, we know how to protect the minority issues. We know how to look into the minority problems. You are in the foreign country. You should not speak about a minority community in India. If it is justifiable to talk about a minority, you please think about the minorities, that is, Hindus and Christians living in that country. You please look into the problems of those minorities in Pakistan and do not speak about the minority or the Muslim community in India. We have the courage to face the problems in this motherland.' This is patriotism, this is nationalism. This is the communal harmony. This is the communal amity the leadership has shown in this country. Our radical group leaders should learn this kind of lesson from this kind of an act.

In our Indian culture, no worship place of any religion is demolished for the creation of another worship place of some other religion. Our Indian people are not having this kind of a culture. India is a secular country, no religion is against any religion, no religion is giving any kind of immorality against the morality of any other religion. All religions are teaching moralities. We may be different in religious names. But as far as the concept of morality is concerned, we are all brothers, we are all sisters in India.

I would like to conclude with one particular concept by leaving it for your consideration. At the time of demolition of Babri Masjid because of anger of certain group of people in Pakistan, a few number of Temples were damaged… (*Interruptions*) Immediately, the Pakistan Government had announced that they would be taken care of… (*Interruptions*) We know very well that India is a secular country and Pakistan is not like us. Even then the Pakistan Government had taken the responsibility to renovate the damaged areas in those Temples… (*Interruptions*)

Apart from the completion of the demolition when Pakistan Government had submitted all these things to the Hindu community, our Leader of Opposition, Shri Advani, had gone… (*Interruptions*) and had participated in the opening of renovated Temples. Like that as this is a secular country, I would appeal in this august House that let this demolished Babri Masjid be reconstructed in the same site by the people, if those people are led by Advani Ji, we are all ready to queue up behind him. That will be a historical achievement in this country. This kind of secularism, this kind of communal harmony, this kind of communal amity should be proved in the history of India. This will be really

a new era of all our Indians. This will be the proud of each and every Indian citizen among the world countries.

By taking this opportunity, I would request all our people that because of religion, because of any other worship style, please do not try to differentiate the brotherhood of the people… (*Interruptions*) All religions are teaching morality. All religions are teaching each and everyone to behave like brothers and sisters. That kind of concept, that kind of principle may please be followed by all our Members irrespective of the State where we are from, irrespective of the political party that we belong to.

Thank you, Mr. Chairman Sir, for having given me this opportunity to place my concept and submissions on this debate.

MR. CHAIRMAN : Before the next speaker, I would give only one minute to Shri Sanjay Nirupam for a personal explanation.

श्री संजय निरुपम (मुम्बई उत्तर): सभापति महोदय, आपने मुझे अपनी बात स्पष्ट करने के लिए अनुमति दी, उसके लिए मैं आपका आभारी हूं। माननीय मुलायम सिंह यादव जी एक बहुत ही वरिष्ठ सदस्य एवं नेता हैं। पूरा देश और हम सब उनसे अपेक्षा करते हैं कि जब वे सदन में खड़े होकर अपनी बात रख रहे हैं तो वह असत्य न हो और तथ्यों पर आधारित हो। लिब्राहन कमिशन की रिपोर्ट और उस पर आधारित ए.टी.आर. पर बोलते समय मुलायम सिंह जी ने कहा कि संजय निरुपम, छग्गन भुजबल और नारायण राणे, ये तीनों अयोध्या में बतौर कार सेवक थे।...(व्यवधान)

श्री रेवती रमन सिंह : यह नहीं कहा।...(व्यवधान)

श्री संजय निरुपम : आप जरा मेरी बात सुन लीजिए। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि तथाकथित अयोध्या मूवमेंट्स से हमारा कोई रिश्ता नहीं था, पहली बात यह है। दूसरी बात यह है कि मुंबई के दंगों से हमारा कोई रिश्ता नहीं था, मैं शिवसेना से तब जुड़ा, जब सब दंगे हो चुके थे। इसलिए मुलायम सिंह जी अगर सदन से बाहर कहीं पब्लिक मीटिंग में इस तरह की बात करते हैं, मुझे विरोध नहीं करना है, जो बोलना है, बोलें। लेकिन अगर सदन में बोलना है तो सत्य पर आधारित बात बोली जाए।...(व्यवधान)

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से इनसे निवेदन करता हूं कि मुलायम सिंह जी के वक्तव्य में से मेरे बारे में जो रेफरेंस है, उसे एक्सपंज किया जाए, यह मेरा आपसे निवेदन है, धन्यवाद।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: We will verify the records, Mulayam Singh *ji*.

… (*Interruptions*)

श्री संजय निरुपम : जितनी फाइंडिंग लिब्रहान कमिशन की नहीं है, उससे बड़ी फाइंडिंग मुलायम सिंह जी लेकर आ गए।...(व्यवधान)

श्री मुलायम सिंह यादव : सभापति महोदय, मुझे भी बोलने की इजाजत दी जाए। संजय निरुपम जी जो बोल रहे हैं, मैंने यह कहा है कि मुंबई में शायद ये रहे न हों, शिवसेना ने इतने लोगों की हत्याएं की हैं और वहां की महिलाओं और लड़कियों को नंगा करके, कांच की बोतले तोड़ कर खड़ा किया है। इसलिए मैंने संदर्भ दिया था। माननीय सदस्य कह रहे हैं कि माननीय कल्याण सिंह जी समाजवादी पार्टी में न आए थे, न थे और न मेम्बर बनेंगे । इन्होंने स्वयं बयान दिया था। जब कल्याण सिंह जी का नाम लिया तो मैंने जरूर कहा कि लोग कह रहे हैं, संजय निरुपम और जितने नाम लिए हैं, हम दोबारा उनके नाम लेना नहीं चाहते। हमारी राय यह थी कि आप लोगों ने भी खूब अच्छी तरह से और शिवसेना ने मुंबई में जो किया था, उनमें आप भी थे, आपकी पार्टी तो थी, अगर आपकी पार्टी थी तो आप भी थे।...(व्यवधान)

श्री संजय निरुपम: मुलायम सिंह जी, आप अपना ज्ञानवर्धन कर लें।...(व्यवधान) हमारा उनसे कोई लेना-देना नहीं है। ...(व्यवधान) आप एक वरिष्ठ नेता हैं, आप जो बोलें सच बोलें, गलत न बोलें।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Shri Sanjay Nirupam, kindly take your seat. Time was given to you to speak.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: We will verify the records and take an appropriate decision. That matter is over.

… (*Interruptions*)

कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय के राज्य मंत्री और अल्पसंख्यक मामले मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सलमान खुर्शीद): माननीय सभापति महोदय, आज मैं इस बहस एवं चर्चा में भाग लेने के लिए खड़ा हुआ हूं। यह मान कर कि 17 साल के अंतराल में हमारे सम्मानित सदस्य साथी कुछ तो बदलें होंगे। 17 साल पहले एक घटना घटी थी, जिसका खामियाज़ा और बोझ हम आज तक उठा रहे हैं। मैं अगर अपने बारे में कहूं तो मेरे प्रदेश में वह घटना घटी थी, उससे पूरे देश को ठेस लगी थी। पूरे विश्व को उसे देख कर खेद एवं कष्ट हुआ था, लेकिन जो सबसे बड़ा खामियाज़ा भुगतना पड़ा, वह उत्तर प्रदेश में मुझे और मेरे साथियों को भुगतना पड़ा था।

सभापति महोदय, अभी भगवान राम के 14 वर्ष के बनवास की बात हुई, हम भी 14 वर्ष बाद इस संसद में वापस लौटे हैं। 14 वर्ष का बनवास हमारे साथियों ने हमें उत्तर प्रदेश में दिलाया था। किस लिए दिलाया था, क्या समझ कर दिलाया था कि हमसे उत्तर प्रदेश और भारत छीनेंगे। हमसे उत्तर प्रदेश छीन लिया होगा, लेकिन वहां कहीं साइकिल के हाथ में दे दिया और कहीं हाथियों की चरागाह बना दी, लेकिन अपने पास रख नहीं पाए तो किस लिए इतना बड़ा ड्रामा किया था?...(व्यवधान)

सभापति महोदय, मैं सिर्फ इतना ही कहूंगा, हम जानते हैं - ''लम्हों ने खता की और सदियों ने सज़ा पाई, लम्हों की खता हम समझते थे कि 17 साल बाद कोई तो ऊधर से खड़े होकर यह कहेगा कि हमें पश्चाताप है।'' जो हुआ, वह अन्याय था, जो हुआ, वह अच्छा नहीं हुआ, लेकिन समझ में नहीं आता, अजीब ओरकेस्ट्रा है। राजनैतिक ओरकेस्ट्रा की अलग-अलग साज़ एवं राग हैं। कोई कहता है कि बड़ी दुखित बात हुई। कोई कहता है कि बड़े खेद का विषय है, कोई कहता है कि बड़े सुख की बात है, कोई कहता है कि हम तो जश्न मना रहे हैं, कोई कहता है कि पहले होना चाहिए था। लड़ाई किस बात की है। अगर हिन्दू और मुसलमान की लड़ाई होती, तो बहुत नीच लड़ाई होती, लेकिन उससे भी नीच लड़ाई कर दी कि यहां सिर्फ सत्ता के लिए हिन्दू और मुसलमान को लड़ाने की बात कर दी। बाबर का नाम उठा लिया और कहा कि हम बाबर से सहमत हैं और हम बाबर के साथ खड़े होना चाहते हैं। ये भूल गए कि हम वही हैं, जो बहादुरशाह जफर का नाम लेते हैं, जिस ने इस देश के लिए कहा था कि ''लगता नहीं है जी मेरा उजड़े दयार में, किस की बनी है आलमे नापाएदार में, कह दो उन हसरतों से कहीं और जा बसें, इसकी जगह कहां है दिले दागदार में।'' वे ऐसे बादशाह थे। यहां हमें जिनेटिक थ्यौरी समझाई जा रही है। मैं पूछना चाहता हूं कि कौन सी जिनेटिक थ्यौरी बताती है कि बहादुरशाह जफर ने अपने शहजादों को कत्ल होते देखा, अपने शहजादों को मरते हुए देखा, लेकिन इस मुल्क के साथ गद्दारी नहीं की। फिर सिर्फ एक कुर्सी

के लिए इतनी बड़ी लड़ाई छेड़ दी और फिर यह कहा कि यह लड़ाई मंदिर और मस्जिद के अस्तित्व की है और कहा कि यह राम राज्य की लड़ाई है।

सभापति महोदय, हम भी इनसे कहते हैं कि यह मत समझना कि हिन्दू सिर्फ उधर ही बैठे हैं, मैं कहना चाहता हूं कि हिन्दू इधर भी बैठे हैं, लेकिन इधर वे हिन्दू बैठे हैं, जो हिन्दू धर्म का सम्मान करना जानते हैं। इधर वे हिन्दू बैठे हैं, जिन्होंने देखा और सुना कि जब महात्मा गांधी जी की छाती छलनी हुई थी, तो उन्होंने 'हे राम' कहा था, किसी की जान लेते वक्त, 'जय श्री राम' नहीं कहा। यह अन्तर है हम में और आप में। आप समझ बैठे थे कि यह हिन्दू और मुसलमान की लड़ाई है। यह हिन्दू और मुसलमान की लड़ाई कतई नहीं है।

सभापति महोदय, उनकी तरफ से राजनाथ सिंह जी ने कहा इमामे हिन्द, किसको कहा, भगवान राम को इमामे हिन्द कहा। हम भी मानते हैं कि भगवान राम इमामे हिन्द तो क्या, उन्हें पूरी दुनिया का इमाम कह लीजिए, इसलिए कि जब आप राम राज्य की बात कहते हैं, तो हम उसमें निजामे मुस्तफा की बात जोड़ते हैं। हम यह कहते हैं कि राम राज्य में किसी यतीम के साथ अन्याय नहीं होता, किसी का घर नहीं जलाया जाता, किसी महिला का अपमान नहीं होता और दिनदहाड़े किसी को लूटा नहीं जाता। वही हमें निजामे मुस्तफा में भी सिखाया गया है। शब्दों का ही सारा फेर-बदल है। शब्दों की ही लड़ाई है।

महोदय, यहां हम सोचते रहे कि कहीं न कहीं तो लिबरहान कमीशन की रिपोर्ट पर राजनाथ सिंह जी कुछ कहेंगे, लेकिन उन्होंने जगह-जगह से निकाल कर यह बोला कि यह त्रुटि है, यह नाम गलत आ गया, यहां पर यह गलत लिख दिया और यहां पर नाम गलत ले लिया। अजीब बात थी कि लिबरहान को सुनते-सुनते इब्राहीम कमीशन हो गया। चारों तरफ से इब्राहीम कमीशन की बात हो रही है। जैसे इसको भी किसी और जज ने लिखा हो। इब्राहीम नहीं, लेकिन ईमान की बात करो और ईमान की बात यह है कि 17 साल पहले आपसे कुछ गलती हुई। मैं भी कहता हूं कि हमसे भी कुछ गलती हुई। हमारी गलती क्या थी, हमने आप पर विश्वास किया और इसलिए विश्वास किया कि हम आपस में बात किया करते हैं। यह हमारी सांवैधानिक और सामाजिक व्यवस्था है। हम आपके दुश्मन नहीं बन सकते, हम आपको इस देश से निकाल नहीं सकते, लेकिन यदि हम आपको देश से नहीं निकाल सकते, तो आप हमें देश से निकालने वाले कौन होते हैं? आप हमें कैसे बाबर की औलाद कह देते हैं? बाबर से हमें कुछ लेना-देना नहीं, लेकिन कहीं कोई मस्जिद हो, कहीं कोई मंदिर हो, कहीं कोई गिरजाघर हो या कहीं कोई गुरद्वारा हो, तो उससे हमें कुछ लेना देना है, इसलिए कि हम चाहते हैं कि वहां सबका बराबर सम्मान हो। हम तो आपसे सिर्फ यही कहना चाहते हैं। कि इस रिपोर्ट के बारे में, आपकी ओर से जो कुछ भी कहा गया, वह हमारी समझ में नहीं आया।

कभी आप कहते हैं कि मंदिर था, यदि मंदिर था, तो वह क्यों गिराया? कभी आप कहते हैं कि वहां मस्जिद थी ही नहीं, तो क्या बात थी कि एक धक्का और दो और मस्जिद को गिरा दो? यह क्या बात है?

सभापति महोदय, आज यहां शरद यादव जी मौजूद नहीं हैं। मैं तो कहता हूं कि उनमें बड़ी हिम्मत है कि आपके बीच में बैठकर वे हमें सैकुलरिज्म का धर्म सिखाते हैं, हमें बताते हैं कि सैकुलरिज्म क्या है, किस तरह से वे आपके साथ बैठ लेते हैं? आप शिकायत कर रहे हैं कि हमने किसी को लिया है। आप शिकायत कर रहे हैं कि औरों ने पार्टी छोड़कर हमारा साथ दिया है। क्यों न दें, यदि उन्हें एक दिन, दो दिन, 10 दिन, 50 दिन या 100 साल बाद ऐसा लगता है कि वे जिसके साथ थे, वह गलत था और जिसके साथ वे नहीं थे, वह अच्छा था, इसलिए वे हमारे यहां आ गए। आप भी तो पुण्य का काम करते हैं। हर हिन्दू, जब गंगा स्नान करता है, तो वह पाप धो देता है और गंगा पर कभी आरोप नहीं लगाए जाते। जो हमारे यहां आ गया है, वह भी उसी तरह से पाप धोकर आया है। आप गंगा का अपमान मत करिए।

18.00 hrs.

हम तो सिर्फ आपसे इतना ही कहते हैं कि आपकी...(व्यवधान)

श्री दारा सिंह चौहान : इतनी पवित्र नदी का इन्होंने अपमान किया है...(व्यवधान)

श्री सलमान खुर्शीद: अरे भइया, अगर किसी को नाले में नहाने की आदत हो तो वह गंगा पर क्यों हस्तक्षेप करता है, हमें नहाने दो, जहां हम नहाते हैं। सच्ची बात यह है कि...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Mr. Minister, please take your seat for a minute.

Hon. Members, now, it is 6 o' clock. If the House agrees, we will extend the time of the House till the speech of the hon. Minister is over.

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF WATER RESOURCES (SHRI PAWAN KUMAR BANSAL): Sir, let the Minister complete his speech by about 6.30 p.m. Thereafter, we may take up *Zero Hour*… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: There are some *Zero Hour* submissions. Hon. Members, who have given notices, are waiting from morning onwards to make their submisions. So, we have to allow them some time. After the Minister's speech is over, we will take up *Zero Hour* submissions also. So, I seek the permission of the House until then whether we can continue. I hope, the House agrees.

SOME HON. MEMBRS: Yes, Sir.

MR. CHAIRMAN: Mr. Minister, you please continue.

श्री सलमान खुर्शीद: सभापति महोदय, राजनाथ सिंह जी ने यह कहा कि जब यह रिपोर्ट बन रही थी तो जस्टिस लिब्रहान ने सब कुछ कहा, लेकिन पृष्ठभूमि नहीं कही, यह नहीं बताया कि कहां से बात शुरू हुई और कहां से बात आई। मुझे आश्चर्य हो रहा है कि उन्होंने डार्विन थ्यौरी की बात नहीं की कि यहां डार्विन थ्यौरी से ही यह समस्या शुरू हुई है। वहां से यह विवाद शुरू हुआ था।

यह रिपोर्ट सिर्फ एक घटनाक्रम के बारे में है, जिस घटनाक्रम को लेकर यह देश चाहता है कि भूल जाये कि क्या हुआ। लेकिन अगर यह देश पूर्ण रूप से भूल जाये तो शायद वह फिर से हो जायेगा, इसलिए कि हम भूलने को तैयार नहीं हैं। यह सही है कि लोग कहते हैं कि अगर प्रेसीडेंट रूल लग गया होता तो यह न होता। मुलायम सिंह जी, अगर आप मुझे आज्ञा देंगे तो मैं आपकी बात से ही अपनी बात जोड़ना चाहूंगा। आपने कहा कि आपने गोली चलाई, इसलिए चलाई कि देश को बचाना था और गोली चलाने से 16 लोग हयात हुए, लेकिन हमने गोली नहीं चलाई तो हजारों लोगों की जान गई। हो सकता है, यह सही हो, लेकिन जिस वक्त गोली चलाने की बात आती है तो सोचना पड़ता है कि गोली चलाएंगे तो क्या होगा। हमने अपनी छाती पर सहना पसन्द किया, लेकिन गोली चलाना पसन्द नहीं किया। इतिहास तय करेगा कि वह सही था या वह गलत था। ...(व्यवधान) जब आपने यह कहा...(व्यवधान)

श्री मुलायम सिंह यादव : सभापति जी, मेरा नाम लिया गया है-एक मिनट। जब आपने गोली नहीं चलाई और 1992 में जब मस्जिद गिरी है, उसका जवाब दें कि कितने लोगों की जानें गईं। हमने तो गोली चलाई तो केवल 16 जानें गईं और जब गोली नहीं चलाई गई और मस्जिद गिरने दी गई तो गोली कितनी चली हैं, कितने लोगों की जानें गई हैं? अकेले मुम्बई में कितना नुकसान हुआ, अकेले फैजाबाद में कितना हुआ, पूरे देश में कितना नुकसान हुआ है और कितनी मस्जिदें गिरी हैं? एक मस्जिद नहीं गिरी, अनेक मंदिर भी गिरे।

श्री सलमान खुर्शीद: सभापति महोदय, मैंने तो यही कहा था कि अन्तर सारा ही है, मैंने तो यह भी नहीं कहा कि जो 16 लोगों की जानें गई, उसके कारण उसके आगे जो कुछ घटनाक्रम हुए, वे होते चले गये। मैंने यह भी नहीं कहा। मैं कह रहा हूं कि जो प्रशासक होता है, जो कुर्सी पर बैठा हुआ होता है, उसको यह निर्णय लेना होता है कि इस समय सबसे अच्छा हमारे देश और समाज के लिए कौन सा निर्णय होगा। ...(व्यवधान)

श्री मुलायम सिंह यादव : क्या गोली नहीं चलाकर मस्जिद गिरवानी थी? मैंने गोली चलवाकर मस्जिद को बचाया है।...(व्यवधान)

श्री सलमान खुर्शीद: रही बात मस्जिद गिरने की, मैं देख रहा था कि कल्याण सिंह जी बार-बार खड़े होकर कह रहे थे कि मुझे भी कुछ कहना है और हम उनकी बात सुनेंगे, लेकिन मुझे तो ऐसा लगता है कि मुलायम सिंह जी से यह कहना चाह रहे थे कि 'हममें-तुममें जो करार था, तुम्हें याद हो कि न याद हो।' जो इनके आपस में सम्बन्ध थे, हमारी रिपोर्ट में कुछ है कि नहीं, इस रिपोर्ट में कुछ है कि नहीं, हम खुद जानते हैं कि नहीं जानते हैं, लेकिन आपस में बातचीत तो आपकी भी हुई होगी। होम मिनिस्टर और अटल बिहारी वाजपेयी जी की बातचीत हुई होगी, लेकिन उसका विवरण कहीं नहीं आया। लेकिन मुलायम सिंह जी और कल्याण सिंह जी की जो बातचीत हुई, उसका भी तो विवरण नहीं आया, वह भी तो हम जानना चाहते हैं। बी.जे.पी. वाले साथियों से मैं यह कहना चाहता हूं। कल्याण सिंह जी हनुमान बनकर आए थे, तो अपने हनुमान को इतना दूर कैसे कर दिया? अगर मंदिर की ही लड़ाई थी, अगर हिंदुत्व की ही लड़ाई थी, तो अपने हनुमान को क्यों बाहर निकाल दिया? एक बार नहीं, दो-दो बार निकाला। भगवान राम तो ऐसा कभी नहीं करते। आज वह हनुमान फिर क्या दस्तक दे रहा है, फिर अयोध्या वापस आने की बात कह रहा है? आप कहते हैं कि जस्टिस लिब्रहान कभी अयोध्या नहीं गए। मैं अयोध्या गया हूं। लेकिन ये लोग तो बतायें कि पिछले दस वर्ष से भगवान आज बिना छत के बैठे हैं, वहां यह भी कभी जाते हैं कि नहीं जाते हैं? ...(व्यवधान) क्या लड़ाई सिर्फ इसी बात की थी कि भगवान जहां भी रहें, लेकिन कम से कम हम इस संसद में रहें, अगर इस बात की लड़ाई थी, तो उस लड़ाई का क्या औचित्य था, उस लड़ाई का क्या फायदा था?

महोदय, मैं आपको बताना चाहता हूं, हमारे साथी सतपाल महाराज जी यहां पर होंगे, उन्होंने एक बार नहीं, पचास दफा यह कहा है कि जहां किसी का जन्म होता है, वह स्थान पवित्र नहीं हुआ करता, तो फिर लड़ाई किस बात की है? जन्मभूमि तो पूरा भारतवर्ष है। जन्मभूमि तो यह पूरा भौगोलिक क्षेत्र है, तो अगर अयोध्या की लड़ाई लड़ रहे हैं, तो किस बात पर लड़ रहे हैं? जन्मभूमि पर लड़ रहे हैं या जन्म-स्थान पर लड़ रहे हैं? ऐसा लगता है कि न ही जन्मभूमि पर लड़ रहे हैं, न ही जन्मस्थान पर लड़ रहे हैं। लड़ रहे हैं तो उसी कुर्सी की तलाश में हैं, जो कुर्सी कुछ दिन को इनको मिल गयी थी, लेकिन वह कुर्सी फिर जाती रही।

महोदय, हमारे सम्मानित मित्र ने पाकिस्तान का विवरण करते हुए यह कहा था, हिंदू-मुसलमान की बात कही थी और यह भी कहा था कि पाकिस्तान किसने बनवाया और क्यों बनवाया? यह भी भारतीय जनता पार्टी हमें ज्यादा बता सकती है कि किसने बनवाया और क्यों बनवाया? इन्हीं के बीच में से लोग निकलकर बार-बार मुहम्मद अली जिन्ना को सर्टिफिकेट दिया करते हैं कि जिन्ना ने नहीं बनवाया, तो फिर

किसने बनवाया? इसीलिए मैंने कहा था कि अजीब आर्केस्ट्रा है। उस आर्केस्ट्रा में हर किस्म का साज है, हर किस्म का राग है। मुलायम सिंह जी का राग तो मुझे समझ में ही नहीं आता कि हमारे साथ हैं कि उनके साथ हैं। वह कहते हैं कि हमने वोट की तलाश में इनको सजा दी है। इनको सजा दी है, फिर यह भी कहते हैं कि हम तीन दफा मुख्यमंत्री बन गए। तीन दफा मुख्यमंत्री बन गए, ऐसी सजा इनको चाहिए, तो हम फिर दे देते ऐसी सजा, अगर मुख्यमंत्री बनना सजा ही होती है। मैं आपसे सिर्फ इतना ही कहना चाहूंगा ...(व्यवधान)

श्री मुलायम सिंह यादव : आप बीजेपी का पक्ष ले रहे हैं। बीजेपी ने कहा था कि आप सत्ता में कभी नहीं आ सकते, मैंने कहा कि हम तीन बार आए हैं। ...(व्यवधान)

श्री सलमान खुर्शीद : मुलायम सिंह जी, अगर आप आज्ञा दें, तो मैं अंग्रेजी में बोलूं। ...(व्यवधान)

श्री मुलायम सिंह यादव : इसके मायने आप आडवाणी साहब का समर्थन कर रहे हैं। ...(व्यवधान)

श्री सलमान खुर्शीद : अगर मेरी हिंदी आपको समझ में नहीं आ रही है, तो मैं अंग्रेजी में बोलूं। ...(व्यवधान)

श्री मुलायम सिंह यादव : दो बार फिर आए, तीन बार आए। ...(व्यवधान) आडवाणी जी और आप एक हैं। यह भी स्पष्ट कीजिए। मैंने आडवाणी जी को जवाब दिया है। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Mulayam Singh Yadav Ji, please take your seat.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Please continue.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: No interruptions, please.

Please continue.

श्री सलमान खुर्शीद : महोदय, हमें तो ठेस लगी थी, हमारे पांव खिसके थे, हम भी बड़े चिंतित थे, हम भी बहुत घबराये हुए थे, यह तो हमारा सौभाग्य है कि उसके बाद माननीय सोनिया जी ने स्वीकार किया कि वह हमारी पार्टी की अध्यक्ष बनेंगी, इसलिए हममें फिर से जान आ गयी। हमने फिर आपको जवाब दिया। ...(व्यवधान) आपने हमसे पूरा उत्तर प्रदेश छीना तो कोई बात नहीं थी, हमने आपसे सिर्फ फिरोजाबाद छीन लिया, तो उससे इतना रुष्ट हो गए। मुलायम सिंह जी से मेरा ...(व्यवधान)

श्री अखिलेश यादव (कन्नौज): महोदय,... *

MR. CHAIRMAN: No, it will not go on record. Please take your seat.

(Interruptions) ... **

---

* Not recorded as ordered by the Chair.

** Not recorded.

MR. CHAIRMAN: Please take your seat.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Shri Sudip Bandyopadhyay, please take your seat.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Please take your seat.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Shri Sudip Bandyopadhyay, please take your seat.

… (*Interruptions*)

सभापति महोदय : प्लीज़, आप बैठिए।

…(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Shri Kalyan Banerjee, please take your seat.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Please understand that we are discussing a very important subject. Kindly cooperate with the Chair. Only what the Minister is saying will be on record and nothing else will be on record.

… (*Interruptions*)

श्री सलमान खुर्शीद : सभापति महोदय, यह सब देखकर मुझे ऐसा लगता है कि हम उफ भी करते हैं तो हो जाते हैं बदनाम और वो कत्ल भी करते हैं तो कोई बात नहीं होती।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Please do not provoke them.

श्री निशिकांत दुबे (गोड्डा): आप लिब्रहान के बारे में बोलिए।...(व्यवधान)

श्री सलमान खुर्शीद : आप डार्विन थ्योरी पर चले गए और मुझसे कह रहे हैं कि लिब्रहान पर बोलिए। चलिए, हम लिब्रहान पर आ जाते हैं। यह लिब्रहान पर चर्चा चाहते हैं तो हम लिब्रहान पर ही चले आते हैं। हमारे मित्रों का कहना है कि लिब्रहान ने बिना तथ्य के यह निर्णय लिया है। बिना तथ्य की क्या बात है, अगर यह सम्मानित अटल बिहारी वाजपेयी जी पर खुद ही आरोप लगाना चाहते हैं, तो हम क्या करें। उनका नाम सिर्फ एक सूची में आया है। लिब्रहान कमेटी की रिपोर्ट में कहीं यह नहीं कहा गया है कि उनका कोई षडयंत्र था, लेकिन आपके दिल के अंदर कोई बात है और आप उस बात को कहना चाहते हैं, तो मैं कैसे आपको रोक सकता हूं। कहीं नहीं कहा गया है कि वे षडयंत्र में थे। सिर्फ यही कहा गया है कि इनके बड़े-बड़े नेताओं को यह मालूम होगा कि करोड़ों रुपया आ रहा है और पूरे संघ परिवार के जो विभिन्न अंग हैं, उनको वह पैसा जा रहा है, ट्रेनिंग हो रही है। फिर यह कहा कि जब विध्वंस का समय आया, जब मस्जिद

पर प्रहार हो रहा था, तो पुकार कर यह कहा गया कि आप लोग कृपया नीचे उतर आएं, क्योंकि लिब्रहान कमीशन ने इस बात को स्पष्ट किया है कि कोई मस्जिद ऊपर से नहीं गिराई जाती, अंदर से गिराई जाती है, अंदर छेद बनाकर, अंदर ही रस्सियां डालकर उसे खींच-खींचकर गिराया गया था। इस पर उन्होंने कहा कि षडयंत्र है। इन्हें शिकायत किस बात की है। शिकायत इस बात की है कि षडयंत्र का आरोप लग रहा है या इस बात की है कि इन्होंने पिछले दस वर्षों में जो कुछ किया, उसके कारण अब कहते हैं कि आक्रोश पैदा हुआ। क्या आक्रोश पैदा करना कोई अच्छी बात है? हमने जब कहा कि यहां जिन दस्तावेजों की चर्चा हो रही है, वे सारे दस्तावेज कोर्ट के सामने हैं। मैटर अभी सब-जूडिस है। इस पर फैसला होना है, इस पर निर्णय होना है। यदि सारा फैसला पार्लियामैंट में सुना दिया जाए तो वहां क्या फैसला आएगा। इसीलिए मैं मानता हूं कि लिब्रहान कमीशन ने बड़ी बारीकी और समझदारी से सब-जूडिस मामले से हटकर अपना निर्णय दिया है। अगर यह समझते हैं कि वहां षडयंत्र नहीं था और जो हुआ, वह इनके संगठन ने किया, इनके कार्यकर्ताओं ने किया, इनके सेवकों ने किया, तो फिर मैं कहता हूं कि इन लोगों को फिर से जाकर सोचना चाहिए कि इनका संगठन कैसा संगठन है। अपने संगठन का पता नहीं कि वह क्या कर रहा है। यदि अपने संगठन का पता नहीं है कि वह क्या कर रहा है, तो बड़े-बड़े पदों पर बैठने की इनकी इच्छा क्यों है। हम जानते हैं कि हमारा संगठन क्या कर रहा है, हम जानते हैं कि यदि हमारे संगठन में कहीं कमी है तो क्या कमी है और हम उसे दूर करने का प्रयास करते हैं, कोशिश भी करते हैं। यह सही है कि हम सब सफल नहीं हो सकते। लेकिन 17 साल बाद अब आरोप-प्रत्यारोप समाप्त कीजिए, अब खड़े होकर यह कहिए कि नहीं, अब इसका रास्ता वही है जो कोर्ट तय करेगा। मामला कोर्ट के सामने है। अगर मामला कोर्ट के सामने है और सब-जूडिस है तो यहां कैसे कह सकते हैं कि यह मंदिर है, मस्जिद नहीं, यह कैसे कह सकते हैं कि यह मस्जिद है, मंदिर नहीं। जब कोर्ट फैसला करेगा और आप कोर्ट के फैसले को स्वीकार करेंगे या आपस में बैठकर कोई फैसला करेंगे या पूरा देश कोई फैसला मानेगा, तो फिर कुछ हो सकता है।

ऐसा मत समझिए कि दुनिया में बड़े-बड़े विवाद नहीं हैं। विवाद रहे हैं। साउथ अफ्रीका में गोरे रंग के लोगों और काली चमड़ी के लोगों में काफी बड़ा विवाद था। लेकिन नेल्सन मंडेला जी ने उस विवाद को समाप्त किया, सबको एक साथ जोड़ा। वहां भी लोग कहते थे कि भारत और पाकिस्तान की तरह हम साउथ अफ्रीका का विभाजन करें। उन्होंने कहा कि कभी विभाजन नहीं होगा और नहीं हुआ, क्योंकि हमारा जो विभाजन हुआ था, उस विभाजन से पूरा विश्व दुखी था। इसलिए उन्होंने विभाजन नहीं होने दिया। सब लोग वहां एक साथ रहे। बर्लिन की वॉल गिरी। कितने दिन तक लोग बर्लिन की वॉल फलांगने के लिए अपनी जान दिया करते थे। बर्लिन वॉल इसलिए गिरी, क्योंकि लोगों ने वहां पर आपस में विश्वास व्यक्त

करते हुए फिर से एक परिवार को जोड़ने की बात की। उसी तरह टूटा हुआ वियतनाम फिर से जुड़ा। क्यों नहीं हम ऐसे ही हम टूटे हुए दिलों को जोड़ सकते हैं? अगर आप यहां रहें या हम यहां रहें, इसका क्या फर्क पड़ता है। कल तो न आप रहेंगे और न हम रहेंगे, कोई और यहां रहेगा, लेकिन कम से कम कल यहां रहने वाला बच्चा यह जानेगा कि हमने उनके लिए कोई कुर्बानी दी थी। जब भगवान राम का नाम आता है, तब कम से कम हम सबको कुर्बानी समझनी चाहिए और सीखनी चाहिए। भगवान राम को 14 साल का बनवास किसी ने दिया नहीं था। अगर वे स्वीकार न करते, तो उनको बनवास न दिया जाता। लेकिन वे गये और इसलिए गये क्योंकि वे अपने माता-पिता की इच्छा के अनुसार उस समय अयोध्या में नहीं रह सकते थे। आप भी थोड़ी सी कुर्बानी दो। हमने कुर्बानी दी है और इसलिए मैंने आपसे कहा कि 14 साल बाद मै यहां लौटकर आया हूं। मैं 14 साल बाद इसलिए लौट कर आया हूं, क्योंकि हमारे उत्तर प्रदेश में हमारे समाज का विभाजन कर दिया गया था, लोगों का विभाजन कर दिया गया था। मैं इस बात को फिर से कहता हूं, स्पष्ट करता हूं कि कोई यह न समझें कि यह मुसलमान की सिर्फ बात है, मुसलमान की बात होती, तो बहुत छोटी बात होती। विश्व के हर समझदार व्यक्ति की यह सोच है कि भारत इकट्ठा रहे, समूचा रहे और एक रहे। क्या हम कहीं नमाज पढ़ने से वंचित रह जाते हैं अगर हमें मस्जिद न मिले? कहीं आप अपना भजन करने से वंचित रह जाते हैं कि आपको मंदिर न मिले? मैं कहता हूं कि अयोध्या में हमने वही दृश्य देखा होता कि एक तरफ आप भजन करते होते और दूसरी तरफ हम नमाज पढ़ते होते, तब कोई बात होती। तब यह कहा जाता कि महात्मा गांधी जी ने हमारे देश को बनाने का प्रयास किया था। आप कहते हैं कि महात्मा गांधी जी की बात पर हम खरे नहीं उतरे। महात्मा गांधी की बात पर हम शायद खरे उतरते, अगर महात्मा गांधी जी को हमसे छीन न लिया गया होता। महात्मा गांधी जी का एक विश्वास था, एक संकल्प था कि हो सकता है कि भारत और पाकिस्तान का विभाजन गलत हुआ हो। ऐसा उनका विचार था, लेकिन आपने समय कहां दिया? आपने कहां छोड़ा, कहां हैं वे लोग जिन्होंने महात्मा गांधी जी की उस शिक्षा को पूरा नहीं होने दिया। हम सिर्फ एक बात कहते हैं, हम सिर्फ यह कहते हैं कि हमने हिन्दू धर्म की शिक्षा महात्मा गांधी जी से ली है और कोई नहीं हमें सीखा सकता कि हिन्दू धर्म इससे कुछ विपरीत हैं राजनाथ सिंह जी कहने को बातें बहुत अच्छी कह गये। वे कह गये कि इस भारतवर्ष में कोई धर्म ऐसा नहीं, कोई सोच ऐसी नहीं, जो किसी और का बुरा चाहती हो। फिर बुरा क्यों हो गया? क्या बात थी कि बुरा हो गया? क्या बात थी कि इतने लोगों की जानें गयीं? क्या बात हुई कि आज तक वह दर्द, वह ठेस लगी है? क्या बात है कि जब भी यह चर्चा होती है, हिन्दू-मुसलमान की बात की जाती है, हम आपसे कहते हैं कि हिन्दू और मुसलमान का अंतर यह है कि मुसलमान कभी-कभी, आप ही के गुरू की किताब है--बंच ऑफ थॉट्स। भारत के मुसलमान पाकिस्तान के लिए दुआ करते हैं। अगर भारत के मुसलमान पाकिस्तान के लिए

दुआ करते हैं तो आप बताइये कि अब्दुल हमीद कौन थे, ब्रिगेडियर उस्मान कौन थे, लेफ्टिनेट हनीफुद्दीन कौन थे? ...(व्यवधान) आप छोड़िये। अगर आप हमें कुछ गिनाते। ...(व्यवधान)

श्री निशिकांत दुबे : जो व्यक्ति यहां मौजूद नहीं है, उनके बारे में आप कैसे कह सकते हैं। ...(व्यवधान)

श्री पवन कुमार बंसल: आप उसे रिप्युडिएट कर रहे हैं? ...(व्यवधान)

श्री निशिकांत दुबे: आप उसे गलत कोट कर रहे हैं। उन्होंने कहा है कि बंच ऑफ थॉट्स बुक को मैं वापिस लेता हूं। इसलिए आप उसे कोट नहीं कर सकते। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : How can you speak like this? Please take your seat.

… (*Interruptions*)

श्री सलमान खुर्शीद: वही मैं कह रहा हूं कि अगर उन्होंने अपनी किताब वापिस ले ली, तो आप भी अपना मंदिर-मस्जिद का अभियान वापस ले लीजिए। अगर वह इतना बड़ा काम कर सकते हैं, तो उनके नक्शे कदम पर चलकर आप भी यह अभियान वापस ले लीजिए। हम लोग मिलकर यहां कोई समाधान निकालेंगे। मैं आपको बताना चाहता हूं क्योंकि हर पेज पर पढ़कर सुनाया गया। जो ड्रेस रिहर्सल्स हुई हैं, वे पेज 612 पर देख लीजिए। डेमोलिशन का जो मेथेड है, वह पेज 795, 796 पर देख लीजिए। जो सुप्रीम कोर्ट की फाइंडिंग्स हैं, उन्हें पेज 852 पर देख लीजिए। क्या-क्या दिखाऊं आपको, क्या-क्या बताऊं कि इसमें क्या-क्या है? लेकिन जहां आप कहते, मैं आपसे इस बात में सहमत हूं कि जब आप कहते हैं कि कैसे इसमें देवराह बाबा का नाम आ गया? हम आपसे इस बात में सहमत हैं। अगर राजीव जी वहां गये थे, अगर हमारे प्रधान मंत्री जी वहां गये थे, अगर पंडित जी उनके वहां गये थे, तो हम भी देवराह बाबा का सम्मान करते हैं। मुझे भी इस रिपोर्ट में ऐसा कुछ नहीं दिखा जिसमें उनका नाम आना चाहिए। किस वजह से उनका नाम आया, लेकिन उनका नाम किसी षडयंत्र में नहीं है। फिर मैंने कहा जिस प्रकार अटल बिहारी वाजपेयी जी का नाम है, वैसे ही उनका नाम आ गया। एक लम्बी सूची में नाम आ गया। उस सूची को परे रख दीजिए।

SHRI ANANTH KUMAR (BANGALORE SOUTH): Sir, with full respects to him, there is a list of culpable persons. I hope that he understands the dictionary meaning of the words culpable persons. … (*Interruptions*)

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI P. CHIDAMBARAM): This is what he is explaining. … (*Interruptions*)

SHRI ANANTH KUMAR : Therefore, it is not some list. It is a list of culpable persons. … (*Interruptions*)

SHRI P. CHIDAMBARAM: We all know that. … (*Interruptions*)

SHRI SALMAN KHURSHEED : I know about it. … (*Interruptions*)

SHRI ANANTH KUMAR: Therefore, we are saying that the Liberhan Commission Report is totally off the mark. … (*Interruptions*)

SHRI SALMAN KHURSHEED : I would just like to explain this to you. The list of culpable persons does not indicate how they are culpable. If something has come in it by mistake and if both of us are on the same side on it, then where is the problem? But are you telling me that because of one entry wrong, therefore, the whole Report is wrong? Are you saying that the rest of the Report is right, and this is wrong? If it is so, then we will accept it. Where is the problem in it? … (*Interruptions*)

SHRI ANANTH KUMAR: We have got our own views regarding the rest of the Report. Shri Rajnath Singh has already spoken about it, and other leaders will speak later. … (*Interruptions*) But, at the same time, the mention of the names of these two persons is the issue. … (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: This point is already made.

… (*Interruptions*)

श्री अनंत गंगाराम गीते (रायगढ़): क्या जस्टिस लिब्रहान ने यह रिपोर्ट पढ़ी है?...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Please take your seat. Shri Geete, you are also speaking on this issue later.

… (*Interruptions*)

श्री सलमान खुर्शीद: मेरा निवेदन है कि बाल की खाल न निकालें। यह बात बड़ी स्पष्ट है, पूरा देश और दुनिया इसे जानती है कि क्या हुआ। अगर हमारे साथियों को इस बात से गुरेज है कि कोई षडयंत्र नहीं था, तो बताएं कि षडयंत्र नहीं था। षडयंत्र नहीं था, यह कहकर उससे ये बच नहीं सकेंगे। सेक्शन 8बी का नोटिस बड़ा महत्वपूर्ण होता है, लेकिन 8बी की नोटिस के पर्दे के पीछे, कुचले हुए इतिहास के टुकड़ों को फिर नहीं ऐसा कर सकते हैं, इनको यह दुनिया और यह देश ऐसा नहीं करने देगा। मैं इनसे सिर्फ इतना

कहना चाहता हूं कि यह सब हुआ सिर्फ अयोध्या के लिए। आज निर्मल खत्री जी हमारे साथ बैठे हैं, आज अयोध्या की आवाज वह बनकर आए हैं, आज अयोध्या की भावना वह बनकर आए हैं, आज आप कहां हैं अयोध्या में? आज अयोध्या में कोई और है, अयोध्या में कोई और नया सपना है, अयोध्या में कोई और नई भावना है। क्यों नहीं उस भावना और उस सपने से आप जुड़ जाते हैं? हमारे कई साथियों ने कहा है कि यह विषय हमें किसानों की समस्या से अलग कर रहा है, यह तो महंगाई की समस्या से अलग कर रहा है, चलिए न हम किसानों की समस्या पर बात करें। किसानों की समस्या में जुड़कर ही कल्याण सिंह जी मुलायम सिंह यादव जी के साथ चले गए थे। समस्या अभी भी है, वह उनको छोड़ गए। समस्या हल हो गयी होती, तब उनको छोड़ देते। क्या बात हो गयी कि आज छोड़ दिया? मैंने यह देखा है कि मुलायम सिंह यादव जी के साथ आने के बाद, कई बार कल्याण सिंह जी ने कहा था कि मैं किसी को कष्ट नहीं पहुंचाना चाहता, मैं किसी को तकलीफ नहीं देना चाहता, मैं हर मजहब और धर्म का सम्मान करता हूं। आज क्यों मजबूर होकर कल्याण सिंह जी यहां अकेले बैठे हैं। मैं कहना चाहता हूं कि अगर आप कल्याण सिंह जी का परिवर्तन कर दें, धर्म परिवर्तन करें या न करें, तो इस देश में बहुत बड़ा काम हो जाएगा। हम एक ऐसा कदम उठा लेंगे कि फिर हम अपनी आने वाली पीढ़ियों से गर्व से कह सकेंगे कि हम लाए हैं तूफान से कश्ती निकालकर, इस देश को मेरे बच्चों रखना संभालकर।

MR. CHAIRMAN: Thank you. Shri Kalyan Singh, you will be allowed to speak and definitely you will get time to speak. Perhaps, it will not be today, but later.

MR. CHAIRMAN: Now, we will take up the '*Zero Hour*' submissions. Shri S. Semmalai.

SHRI S. SEMMALAI (SALEM): Thank you, Mr. Chairman, Sir, for giving me this opportunity. … (*Interruptions*)

The recent judgement of the Delhi High Court has forced the Government with no other option than to cancel the earlier 2G spectrum allocation. This is because of the reversal of the cutoff date. … (*Interruptions*)

It is shocking to mention that within 45 minutes nine companies were invited, and allotments were made to those nine companies on first-come-first-serve basis. There is no transparency in this matter, and there is no auctioning. Actually, there is something fishy in the deal. As a result of the glaring irregularities, the loss to the Government is estimated at Rs. 100,000 crore.

Mr. Chairman, Sir, in this matter, the advice of the Telecom Regulatory Authority of India was overlooked. I learnt that the Law Department too raised serious objections to this deal. The Prime Minister has also directed the Minister concerned to stop the entire process of spectrum allocation. The Prime Minister's letter was also ignored. That letter was not referred to in the court record. … (*Interruptions*)

SHRI T.K.S. ELANGOVAN (CHENNAI NORTH): This is not fair.

SHRI S. SEMMALAI : Overruling all objections, the Department has proceeded with the deal in its own fashion. … (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : Please take your seat.

SHRI S. SEMMALAI : The Minister has cleverly swept all the directions under the carpet conveniently.

MR. CHAIRMAN: Thank you, Shri Semmalai. Take your seat. You cannot deviate from the text. You have to finish with that.

SHRI S. SEMMALAI : I request the Prime Minister to take action. He should ask the Minister concerned to resign or sack him from the Cabinet. In view of the judgment, the Government will have to cancel the earlier allocation and allow all bidders who have applied till 1.10.2007, and also a Joint Parliamentary Committee should be formed to probe into the matter.

श्री संजय निरुपम (मुम्बई उत्तर): सभापति जी, हमारे देश में शहरीकरण बहुत तेजी से हो रहा है। मैं आपका ध्यान विशेष रूप से महाराष्ट्र की ओर आकृष्ट करना चाहूंगा। महाराष्ट्र इस समय पूरे हिंदुस्तान में दूसरा बड़ा शहरी प्रदेश माना जाता है। मैं केन्द्र सरकार का आभारी हूं कि उन्होंने शहरों के विकास के लिए बहुत अच्छे कार्यक्रम बना रखे हैं। केन्द्र द्वारा बहुत बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर डिवेलप करने के लिए फंड्स दिये जा रहे हैं। महाराष्ट्र सरकार ने केन्द्र सरकार के पास लगभग 121 ऐसी परियोजनाएं भेजी हैं जो हमारे शहरों के विकास से जुड़ी हुई हैं, जिसमें मुम्बई की लगभग 12 परियोजनाएं हैं, पूणे की लगभग 19 परियोजनाएं हैं, नागपुर की 27 परियोजनाएं हैं। इसी तरह से थाणे और महत्वपूर्ण शहरों के इंफ्रास्ट्रक्चर डिवलेपमेंट की सारी परियोजनाएं हैं। उन परियोजनाओं के लिए, सेंट्रल गवर्नमेंट की सहायता के तौर पर, लगभग 9 हजार करोड़ रुपये की आवश्यकता है। उसमें से अभी तक हमें दो हजार करोड़ रुपया ही मिला है। मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि जितना जल्दी हो केन्द्र सरकार महाराष्ट्र के शहरों के विकास के लिए जो योजनाएं हमने बनाई हैं और जिन्हें अप्रूव्ड कर दिया गया है, उनके लिए जो वांछित फंड है, उसका एलोकेशन करे। दूसरा, मुम्बई की तरफ ध्यान आकृष्ट करते हुए मैं कहना चाहता हूं कि 25 जुलाई 2005 को भीषण बाढ़ में मुम्बई डूब गयी थी और जिसकी वजह मीठी-नदी, जो 17 किलोमीटर लम्बी है, उसे बताया गया है। मीठी नदी के बारे में 702 करोड़ रुपये की एक योजना बनाई गयी। केन्द्र सरकार को 200 करोड़ रुपये देने थे, जो उसने अभी तक नहीं दिये हैं। माननीय वाटर-रिसोर्स मिनिस्टर यहां पर बैठे हुए हैं और मेरा कहना है कि मीठी नदी के बारे में फाइनेंस मिनिस्ट्री यह कहती है कि यह मुम्बई शहर की एक नदी है, जबकि अर्बन डिवेलप मिनिस्ट्री कहती है कि यह मुम्बई शहर का एक नाला है। अब उसके लिए जो 200 करोड़ रुपये हमें चाहिए, वह फाइनेंस मिनिस्ट्री एप्रूव नहीं कर रही है। मैं चाहूंगा कि केन्द्र सरकार के दोनों मंत्रालय आपस में बैठकर जितना जल्दी हो, समाधान ढूंढें और मीठी नदी के विकास की जो योजना बनी है, उस योजना को लागू करने के लिए जो वांछित फंड है, उसका तत्काल एलोकेशन करें ताकि मुम्बई के शहरों के विकास का कार्यक्रम जो महाराष्ट्र सरकार चला रही है उन्हें पूरा किया जा सके और मुम्बई के शहरों का विकास हो। धन्यवाद।

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली): सभापति महोदय, कल 6 दिसम्बर को बाबा साहेब की पुण्य तिथि देश के कोने-कोने में जानदार और शानदार ढंग से मनाई गयी है। उसी पुण्य तिथि के अवसर पर नेशनल कन्फैडरेशन ऑफ दलित ऑरगेनाइजेशन, नकडोर नाम से एक संस्था है जिसमें देश भर के दलितों के संगठन का महासंघ है। उन लोगों ने अम्बेडकर भवन से संसद के कक्ष तक और जंतर-मंतर तक, दलित सम्मान यात्रा उन लोगों ने की है और माननीय प्रधान मंत्री जी को 80 सूत्री मांगे समर्पित की हैं। उन्होंने दावा किया है कि देश भर में जो दावा किया जा रहा है कि दलितों की बहुत तरक्की हुई है, उसमें दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यक सभी शामिल थे, उनका सुधार हुआ है। यह कहा गया है कि इन लोगों का सुधार हुआ है, लेकिन ऐसा नहीं हुआ है। अभी तक 14 फीसदी जिनकी आबादी है, इसलिए उन लोगों ने मांग की है। अभी भी वे होम स्टेट लैंड लेस हैं। खेतिहर मजदूर हैं, उनके पास जमीन नहीं है। जीविका के पर्याप्त साधन नहीं हैं। उनको सम्मान भी प्राप्त नहीं है। लगभग 49 परसेंट जल के स्रोत से उन्हें पानी पीने की इजाजत नहीं है, गांवों से विद्वानों ने यह रिपोर्ट जारी की है। इसलिए उन्होंने 80 सूत्री

मांग प्रधानमंत्री जी से की है। सरकार से आग्रह है कि दलितों का सामाजिक, आर्थिक सुधार हो, तरक्की हो। उनका विकास हो। सरकार सकारात्मक रूप से ध्यान दे और जो कार्यवाही धोखे की तरह है, उससे मुक्त किया जाए, नहीं तो देश का बहुत बड़ा नुकसान होने वाला है। यही बाबा साहब अम्बेडकर, महात्मा गांधी, बाबू जयप्रकाश और डाक्टर लोहिया आदि सभी महापुरुषों का सपना था। जब तक दलित लोग समाज की मुख्यधारा में सम्मिलित नहीं होंगे, हिंदुस्तान मजबूत नहीं होगा, इसलिए गंभीरता से सरकार इस बारे में कार्यवाही करे। धन्यवाद।

SHRI P. KARUNAKARAN (KASARGOD): Sir, I would like to place before this House the serious impacts due to the continuous use of Endosulfan chemical pesticides in some parts of our country especially 12 villages in Kasargod District and in some places in Karnataka.

Sir, this continuous usage of this Endosulfan gas has caused serious diseases in this area. As a result, at the request of the local people, the Government of Kerala has appointed two Commissions, the Sivanandan Commission and the Achutan Commission. These Commissions consist of doctors, experts and also other eminent persons. They visited the place and examined the soil, water, air and even mother's breast milk. They came to the conclusion that this serious disease is due to the continuous use of Endosulfan. As a result, it is shocking to say that the children of the ages of two years, three years or four years have become blind and deaf and women below 20 years are not able to go for marriage because they have become the victims of cancer and TB. In 60 countries, including European countries and Sri Lanka have already banned this Endosulfan just because the Expert Committee has already given a suggestion that it really affects the body, the health and also the surface. This Endosulfan has affected the locality. It does not concentrate in one place and it gets spread at a speed to other places. The people of that area are affected. The Government of Kerala has given some assistance to these poor families. About 150 people have died there and Rs.50,000 has been given and the free medical assistance is given. It is really high time to ban the Endosulfan here. The Government should constitute a Joint Parliamentary Committee to go into this. It is in my constituency. I have the seen these poor people dying. I request the Government to take necessary action.

चौधरी लाल सिंह (उधमपुर): महोदय, मैं आपकी इजाजत से केन्द्र सरकार के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा विभाग के बारे में कहना चाहता हूं। इन दोनों मिनिस्ट्रीज ने बहुत सी योजनाएं बनाई हैं और योजनाएं इसलिए बनाईं कि 2012 तक पूरे हिंदुस्तान को बिजली दे दी जाएगी। मुझे अफसोस है कि हमारे अपने राज्य जम्मू-कश्मीर में आज

तक नवीकरणीय ऊर्जा की तरफ से एक भी प्रोजेक्ट न विंड का, न सोलर का और न ही हाइड्रो इलेक्ट्रिक बनाया गया है। मुझे इस बात का भी अफसोस है कि इन्होंने जो सोलर लाइट्स देनी थीं, एक भी मेरे संसदीय क्षेत्र में नहीं दी गई है। पूरे राज्य में हाइड्रो इलेक्ट्रिक की 20 हजार मेगावाट की गुंजाइश है। इसके अलावा सोलर और विंड अलग से हैं। मेरा कहने का मकसद है कि हमारी सरकार ने जो ख्वाब दिखाया है, उसे पूरा करना हमारा काम है, अगर इसी तरह से काम जारी रहेगा कि कोई भी प्रोजेक्ट बनकर न आया है और न मंगवाया है। न तो केन्द्र सरकार न ही राज्य सरकार ने प्रोजेक्ट तैयार किया है। मैं अपने किश्तवाड़ के एरिया में, डोडा और भद्रवा, इंद्रवाल और बनहार, इसी तरीके से बसौली, पुंछ और रजौरी के एरिया में आप देखें कि बिजली है ही नहीं है। जंगलों में इतना गहरा असर पड़ रहा है, वहां इतनी कटाई हो रही है। मेरी सरकार से विनती है कि अगर यह बिजली जो हमने प्लान की है, जो हमने योजनाएं बनाई हैं, अगर ये योजनाएं इम्पलीमेंट नहीं की, तो 2012 तक का हमारा सपना पूरा नहीं हो सकता और ये सारी योजनाएं जम्मू-कश्मीर पर भी लागू हों । ये योजनाएं बनकर नहीं आएंगी तो कब हमें बिजली मिलेगी? इसलिए मेरी विनती है कि सरकार इस मसले को बहुत गंभीरता से ले, क्योंकि इस देश के हजारों-हजारों गांव अभी भी बिजली से वंचित हैं।

*SHRI PRASANTA KUMAR MAJUMDAR (BALURGHAT) : Hon. Chairman Sir, I rise to raise a matter of urgent public importance regarding the supply of natural gas through pipeline to the entire country and congratulate the Government for this venture but I have certain points to make.

In some places pipelines have been laid for gas supply but those places also have adequate supply of gas cylinders. Thus the consumers get the benefit of both. This aspect should be looked into. The Government should provide gas connections to the villages or towns where there is no supply at all.

Secondly, the cost of natural gas is less than that of LPG cylinders. We often find that some consumers are using both and are also buying it at a cheap rate. This is immoral. No one should get double supply. Consequently, this results in black marketing. The Government must intervene to stem this practice.

Thirdly, I would say that Kolkata and Howrah are the two most populated cities of West Bengal. Natural gas must be supplied to these two cities also. Many other cities are already getting the supply but Kolkata is deprived of this facility. We should not forget that Kolkata was once the capital of erstwhile India. Thus I request the Government to introduce natural gas supply through pipeline in Kolkata as soon as possible.

I would mention another thing here. When we were children, we used to give oral examinations. If we were asked about the place having highest rainfall, the reply would be Cherrapunji of Assam. If we were asked about the biggest petroleum producing area, we would say Digboy. But unfortunately, even Assam's capital Guwahati does not have supply of gas through pipeline connection.

---

*English translation of the speech originally delivered in Bengali.

Therefore they may think that though they were pioneer in producing oil, the Government did not give them their due. People of Assam may be highly disappointed. The entire Eastern India is actually fuming. Sentiments of regionalism may gradually crop up due to this.

There are also twin cities of Hyderabad and Secunderabad in South India. Natural gas must be supplied through pipeline to these places also along with other metropolitan cities of the country. This is my humble request to the Government of India.

With these few words, I conclude my speech and thank you for giving me this opportunity.

श्री बाल कुमार पटेल (मिर्ज़ापुर): सभापति महोदय, पहली बार सदन में बोलने का आपने मुझे मौका दिया है, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं और भारत सरकार पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त रखने के गंभीर प्रयास भी कर रही है परंतु मानक विहीन उद्योग अपने लाभ के लिए प्रदूषण मुक्त संयंत्र न लगाकर वातावरण को गंभीर रूप से प्रदूषित कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जनपद से जहां से हम चुनकर आए हैं, इसके पहले मैंने प्रधान मंत्री जी को 14 जुलाई और 9 नवम्बर को दो पत्र भी लिखे थे कि हमारे मिर्जापुर जनपद में इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट जो शांति गोपाल कोनकास्ट लिमिटेड धौसां व मैसर्स आर0एल0जे0 कोनकास्ट लिमिटेड, बड़ा गांव व जे.के. सीमेंट फैक्ट्री, चुनार के द्वारा प्रदूषण फैलाकर आसपास के निवासियों का जीवन दुर्लभ कर दिया गया है। इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट जल व वायु को तथा सीमेंट फैक्ट्री द्वारा गंभीर वायु प्रदूषण फैलाया जा रहा है। यहां तक कि बगल में गंगा नदी है और चुनार ऐतिहासिक किला भी बगल में है। यहां सीआरपीएफ जवान रहते हैं, यहां बड़े पैमाने पर प्रदूषण फैलाया जा रहा है। मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि तब तक देश में पर्यावरण मानकों का उल्लंघन कर चल रही इकाइयों के निर्माण व उत्पादन को प्रतिबंधित किया जाए जब तक प्रदूषण मानकों को पूर्ण न करें और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जाए।

श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर): महोदय, मैं बीकानेर संसदीय क्षेत्र से आता हूं। मैं आपका ध्यान इस शहर की बहुत बड़ी समस्या रेलवे क्रॉसिंग और उस पर निर्मित हो रहे रेलवे ओवर ब्रिज की तरफ दिलाना चाहता हूं। एक ओवर ब्रिज गजनेर रोड पर निर्मित हो रहा है, यह निर्माणाधीन है और इसकी गति बहुत धीमी है। इसके माध्यम से दूसरा आरओबी चौकुंटी रोड पर बनने वाला था लेकिन उसका निर्माण इसलिए नहीं हो पा रहा है क्योंकि पहले एक पूरा होगा। आरओबी, जो गजनेर रोड पर बन रहा है, उसके बनने की अवधि दो साल थी। मैं रेल मंत्री जी से जानना चाहता हूं यह चार साल में भी पूरा क्यों नहीं हुआ? इसे जल्दी पूरा करें ताकि चौकुंटी वाला आरओबी बने।

महोदय, मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि आजादी से पहले बीकानेर और दिल्ली के लिए तीन रेलगाड़ियां चलती थी लेकिन अब कोई भी डायरेक्ट ट्रेन नहीं है। इसका कारण है कि गेज परिवर्तन का काम बहुत धीमी गति से हो रहा है। यहां डायरेक्ट ट्रेन नहीं है इसके कारण हमें भी बहुत मुश्किल से आना पड़ता है। गेज परिवर्तन का कार्य जनवरी, 2010 तक पूरा होना था, इसे बढ़ाकर दिसंबर, 2010 किया गया। रेल मंत्रालय इसकी अवधि एक साल और बढ़ा रहे है। मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि इसकी अवधि नहीं बढ़ानी चाहिए। गेज परिवर्तन का काम दिसंबर, 2010 तक पूरा होना चाहिए।

SHRI P.T. THOMAS (IDUKKI): Respected Chairman, Sir, there are around 575 Jawahar Navodaya Vidyalayas across the country in which two are in my constituency in Nariyamangalam and Kulamavu in Idduki district. These Jawahar Navodaya Vidyalayas is the dream child of our late Prime Minister, Rajiv Gandhi. These institutions are providing good quality residential education to students, predominantly belong to rural India.

I would like to bring to the notice of the Government that some of the urgent needs of these institutions and some demands of employees. Teachers and non-teaching staff of Jawahar Navodaya Vidyalayas and those who joined prior to 1.1.2004 are not granted GPF-cum-benefits. The recommendations of various Parliamentary Committees for introduction of GPD-cum-pension has not been implemented. The option to switch over to CPF to GPF scheme was also not given to Jawahar Navodaya Vidyalayas employees as per the recommendations of the 4th Pay Commission. The Jawahar Navodaya Vidyalayas situated in rural areas are facing difficulties for infrastructural development also. More funds have to be provided for this. Also, the budget allocation for the mess fee is very low. Students are getting only Rs.675 per month for their mess fees. It has to be revised. I am requesting the Government to interfere and sort out these issues immediately.

MR. CHAIRMAN : Shri L. Rajagopal – not present.

श्री रमाशंकर राजभर (सलेमपुर): सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। राप्ती, गौर्रा, छोटी गंडक और घाघरा नदियां हमारे संसदीय क्षेत्र से होकर निकलती हैं। वर्ष 1998 में प्रलयंय्कारी बाढ़ आई और उस बाढ़ से गोरखपुर, जनपद देवरिया, जनपद मऊ, जनपद बलिया में प्रलयंकारी बाढ़ ने काफी परिवारों को विस्थापित कर दिया। अकेले हमारे संसदीय क्षेत्र के तहसील बैरिया में अम्बेडकर ग्राम, माझा, शिवपुर, जटहां, दतहां, उस्मानपुर, रामपुर, भसरीख, वासडीह तहसील के दियरा, वाधर, चकिया, बलियन, सलेमपुर तहसील के आदर्शनगर, बरहज तहसील परसिया, देवार और बेल्थरा तहसील, सदिया मढ़िया, गुलौरा, वेलारा सिकंदरपुर तहसील के टुकडा नंबर दो मनियर के हजारों परिवार बेघर होकर बंधे पर निवास कर रहे हैं। जिसके कारण उनके पुनर्वास की समस्या उत्पन्न हो गई है।

मैं केन्द्र सरकार से मांग करूंगा कि वह उनके पुनर्वास के लिए धन मुहैया करायें, ताकि जो हजारों परिवार 1998 से बेघर पड़े हुए हैं, उनका पुनर्वास हो सके।

डॉ. भोला सिंह (नवादा): माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने की इजाजत दी है, इसके लिए मैं आपका आभार प्रकट करता हूं। राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर भारत की सांस्कृतिक चेतना की आत्मा हैं और 1959 ईस्वी में भारत के तत्कालीन प्रधान मंत्री, पंडित जवाहर लाल नेहरू जब बिहार के सिमरिया में गंगा पर राजेन्द्र पुल का उद्घाटन करने के लिए गए थे तो उस समय इस देश के रेल मंत्री बाबू जगजीवन राम थे। उनके साथ बिहार केसरी डा. श्री कृष्ण सिंह थे और दिनकर भी साथ में थे। उसी दिन उनकी जन्मभूमि सिमरिया में पंडित जवाहर लाल नेहरू ने रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया था। उनकी याद को, उनके स्मरण को एक स्वरूप देने के लिए मैंने आज इस

सार्वभौम सदन से आग्रह किया है कि दिनकर, जो सिमरिया जोन की जन्मभूमि है, उस स्टेशन का नाम दिनकर सिमरिया ग्राम स्टेशन रखा जाए। इसके लिए हमने रेल मंत्रालय से मांग की है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करता हूं कि राष्ट्रकवि दिनकर की याद में उनकी जन्मभूमि सिमरिया का नाम दिनकर सिमरिया ग्राम स्टेशन रखा जाए। यही मेरा निवेदन है।

18.48 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Tuesday, December 8, 2009 / Agrahayana 17, 1931 (Saka).